ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

शारदीय नवरात्र | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | www.rastriyanaveenmail.com





### चतुर्थ : कूष्माण्डा

**नवरात्र**-पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देनेवाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है।

सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे ॥

जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, तब इन्हीं देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। अतः ये ही सृष्टि की आदि-स्वरूपा, आदिशक्ति हैं। इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में है। वहां निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान हैं। इनके तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। मां की आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। मां कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मां कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से प्रसन्न होनेवाली हैं।

# मूर्ति क्षतिग्रस्त किये जाने से तनाव, आरोपी गिरफ्तार

## मौके पर जुटे हिंदू संगठनों के लोग, बाबूलाल मरांडी ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पर्व त्योहारों के बीच रांची के मेन रोड मल्लाह टोली स्थित एक धार्मिक स्थल की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया जिससे स्थानीय लोगों में रोष दिखा। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के इलाके को पुलिस छावनी में रूप में तब्दील कर दिया गया है। वहीं, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मूर्ति खंडित करनेवाले आरोपी को भी हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोपी मानसिक रोगी बताया जा रहा है। प्रतिमा तोड़ने की खबर इलाके में आग की तरह फैली और देखते ही देखते धार्मिक स्थल के सामने भारी भीड़ जमा हो गयी। कई स्थानीय धार्मिक संगठन के लोग और राजनेता भी मौके पर जुट गये। मूर्ति खंडित किये जाने को लेकर सोशल मीडिया में भी लगातार फोटो जारी किये गये। हालांकि, पुलिस ने भीड़ को समझा-बुझाकर वापस भेज दिया। धार्मिक शेष पृष्ठ 11 पर

### राजधानी में पुलिस का फ्लैग मार्च, मंदिर में तोड़फोड़ की वजह से कायम है तनाव

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी में माहौल को खराब करने की लगातार कोशिश की जा रही है। ऐसे में पुलिस एक तरफ जहां सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है, वहीं दूसरी ओर तनाव वाले इलाके में फ्लैग मार्च कर लोगों के बीच यह संदेश दे रही है कि राजधानी में सब कुछ ठीक है और पुलिस हर जगह मुस्तैद है। रांची के मेन रोड इलाके में स्थित हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ के बाद मामले को तूल देने की पूरी कोशिश की जा रही है। एक तरफ जहां पुलिस मामले को संभालने में लगी है, वहीं तरफ कुछ लोग हनुमान प्रतिमा को विखंडित किये जाने के मामले को लेकर लगातार विरोध कर शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रधान संपादक की चाची का निधन

# आज 2.30 बजे मुक्तिधाम में होगा अंतिम दाह संस्कार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय नवीन मेल के प्रधान संपादक सुरेश कुमार बजाज की चाची श्रीमती सुमित्रा देवी 75 वर्षीया का निधन बुधवार की शाम हो गया। मृतका बीमार चल रही थी। उनकी अंतिम यात्रा बड़ा लाल स्ट्रीट रांची से गुरूवार की दोपहर 2.30 में मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। इसकी जानकारी देते हुए मृतका के पति रामकरण बजाज ने बताया कि इस दुख की घड़ी में अपनों का साथ ही मेरा संबल है। अतः आप सभी स्वजनों से आशा है कि वे नियत समय पर पहुंच कर मेरा संबल बनें और मेरी धर्मपत्नी की अंतिम यात्रा में शामिल होकर शक्ति प्रदान करें।

## केंद्र सरकार ने किया नये सीडीएस का ऐलान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने नये चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का ऐलान कर दिया है। लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान (रिटायर) को नया सीडीएस नियुक्त किया गया है। जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद यह पद पिछले 9 महीनों से खाली पड़ा था। जिसके बाद कई नाम इस रेस में चर्चा में आये। बता दें कि पिछले साल दिसम्बर में जनरल बिपिन रावत का अरुणाचल प्रदेश में एक हवाई दुर्घटना में निधन हो गया था। उनके साथ उनकी पत्नी समेत अन्य अफसरों की भी दुखद मृत्यु हुई थी।

## ट्रेनी जवान की गोली लगने से मौत

**बोकारो।** जैप-4 कैंपस में आईआरबी के ट्रेनी जवान की गोली लगने से मौत हो गयी। मृतक जवान का नाम सुशील कुमार है जो साहिबगंज का रहनेवाला था। बताया जा रहा है कि दुर्गा पूजा ड्यूटी के लिए जवान को हथियार और गोली मिला था, हथियार गोली लेने के बाद ही यह घटना हुई है। घायल जवान को बोकारो जनरल अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गोली चलने की घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## अमर शहीद भगत सिंह को किया नमन

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी व मां भारती के वीर सपूत अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की स्वाधीनता हेतु उनका बलिदान सदैव सबको देश के प्रति प्रेम और त्याग करने की प्रेरणा देता रहेगा। इधर, बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान चंडीगढ़ हवाई अड्डे का नामकरण शहीद भगत सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में किया गया।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना दिसम्बर तक बढ़ायी गयी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेएवाई को अक्टूबर से तीन महीने के लिए बढा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना दिसम्बर तक बढायी गयी है। योजना के तहत हर व्यक्ति को पांच किलो राशन उपलब्ध करायी जायेगी। उनका कहना था कि इन तीनों महीनों में दशहरा से दीपावली और क्रिसमस जैसे कई त्योहार पड़ रहे हैं और इसे देखते हुए यह योजना बढायी गयी है। उन्होंने कहा कि इस योजना पर 122 लाख टन अनाज गरीबों को दिया जायेगा और इस पर 44762 करोड़ रुपये का इस पर खर्च आयेगा। यह योजना पहले की तरह ही लागू रहेगी। उल्लेखनीय है कि यह योजना कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गयी थी ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क अन्न उपलब्ध कराया जा सके। इस योजना को तब से कई बार विस्तार दिया जा चुका है और अब इसे फिर इस साल के आखिर तक बढ़ाया गया है।

### पूजा समितियों का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

# आरआर स्पोर्टिंग कल्ब व पंच मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल का 30 को अनावरण, सीएम आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और पंडाल का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया। आरआर स्पोर्टिंग क्लब, रातू रोड के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को क्लब के दुर्गा पूजा पंडाल का 30 सितम्बर को उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर क्लब के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को मां दुर्गा की मूर्ति सप्रेम भेंट की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करनेवालों में क्लब के संरक्षक विक्की यादव, अध्यक्ष राहुल यादव, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, वरीय उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल और सत्येंद्र गुप्ता के अलावा सुभाष राय, बिट्टू शुभम तथा शिवम चौधरी शामिल थे। इधर, पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति, हरमू के सदस्यों ने भी सीएम से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को दुर्गा पूजा पंडाल का 30 सितम्बर को अनावरण करने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, महासचिव राजीव कुमार पप्पू, सचिव अजय कुमार सिंह तथा कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद सिंह मौजूद थे।

### जेपीएससी अध्यक्ष ने सीएम से की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की नवनियुक्त अध्यक्ष मेरी नीलिमा केरकेट्टा ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को आयोग द्वारा ली जानेवाली विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन की चल रही तैयारियों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिक्त पदों पर नियुक्ति सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आयोग पूरी पारदर्शिता के साथ विभिन्न पदों के लिए ली जानेवाली परीक्षाओं की प्रक्रिया ससमय पूरा करे।

# गहलोत राजस्थान के सीएम बने रहेंगे दिग्विजय के अध्यक्ष बनने की संभावना

**- ब्यूरो**





**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव पर राजस्थान के राजनीतिक संकट की छाया पड़ने और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की संभावित उम्मीदवारी पर प्रश्नचिह्न लगने के बाद अब पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह इस चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। ऐसे में उनके अध्यक्ष बनने की संभावना है। दूसरी तरफ अशोक गहलोत राजस्थान के सीएम बने रहेगें। पार्टी सूत्रों ने बताया कि दिग्विजय सिंह बुधवार रात दिल्ली पहुंचेंगे और वह बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात भी कर सकते हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ऐसे समय नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं, जब राजस्थान के राजनीतिक संकट के चलते मुख्यमंत्री गहलोत के नामांकन पत्र दाखिल करने की संभावना पर प्रश्नचिह्न लग गया है। लोकसभा सदस्य शशि थरूर 30 सितंबर को अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करेंगे. कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार, अधिसूचना 22 सितंबर को जारी की गई और नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 24 सितंबर से आरंभ हुई, जो 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर है। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 17 अक्टूबर को मतदान होगा और नतीजे 19 अक्टूबर को घोषित किए जायेंगे। उधर, अध्यक्ष पद के चुनाव और राजस्थान के संकट को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को मंथन जारी रखा. पार्टी के वरिष्ठ नेता एके एंटनी ने बुधवार शाम सोनिया गांधी के साथ लंबी मंत्रणा की. माना जा रहा है कि इस बैठक में राजस्थान संकट और चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

**गहलोत के करीबी 3 नेताओं को नोटिस :** एंटनी कांग्रेस की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के प्रमुख भी हैं। कांग्रेस की राजस्थान इकाई में उत्पन्न राजनीतिक संकट के बीच पार्टी पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को घोर अनुशासनहीनता के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी तीन नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इसके कुछ देर बाद पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति की ओर से इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए गए।

**कई नामों को लेकर लग रहीं अटकलें :** कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, मुकुल शेष पृष्ठ 11 पर

### अशोक गहलोत नहीं देंगे इस्तीफा

इस बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बुधवार रात दिल्ली पहुंच सकते हैं और उनके पार्टी आलाकमान से मिलने की संभावना है। राजस्थान के कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने जयपुर में मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री आज शाम नेतृत्व और संगठन के एक अभिभावक के तौर पर 102 विधायकों की भावना को व्यक्त करने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अभी इस्तीफा नहीं दे रहे हैं।

# पलामू पुलिस ने हथियार के साथ पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर शहर थाना की पुलिस ने हत्या की योजना को विफल करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने तीन लोडेड देसी कट्टा बरामद और तीन जिंदा गोली बरामद किया है। पकड़े गए अपराधियों में से एक अपराधी नाबालिक है जिसकी उम्र 14 वर्ष है। जबकि चार अपराधियों में से एक अपराधी शाहपुर विवेकानंद चौक चैनपुर के अनुराग चन्द्रवंशी, पिता अशोक चन्द्रवंशी, पहाड़ी मुहल्ला शमशान घाट के बंटी राइन, पिता अल्लाउद्दीन राइन, बीएन कॉलेज कंदाखाड़ के हिमांशु कुमार गुप्ता, पिता शिव प्रसाद गुप्ता एवं पुलिस लाइन रोड हमीदगंज के विकास ठाकुर, पिता मंजीत ठाकुर (सभी शहर थाना) शामिल हैं. उनके पास से हत्या में प्रयुक्त एक अपाची मोटरसाइकिल बरामद की गयी है।जिले के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि 26 सितंबर की रात शहर थाना क्षेत्र के टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा के द्वारा रात्रि गश्ती के दौरान हमीदगंज के विष्णुदेव दुबे रोड में पहुंचे तो उन्हें देखकर संदिग्ध अवस्था में दो मोटरसाइकिल सवार में युवक भागने लगे. शक होने पर एक मोटरसाइकल पर सवार तीन युवकों को घेरकर पकड़ा गया. तलाशी लेने पर तीन में से दो युवकों के पास से अवैध रूप से रखे लोडेड देसी कट्टा और मोटरसाइकिल जब्त की गयी. दूसरी मोटरसाइकिल से भागे दो युवकों में से एक युवक को दूसरी जगह से पकड़ा गया. तलाशी लेने शेष पृष्ठ 11 पर

## अब एक वर्ष में मात्र 15 बार ही गैस सिलेंडर को रिफिल करा सकेंगे

**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर का कोटा तय कर दिया है। अब घरेलू गैस ग्राहक एक वर्ष में केवल 15 बार ही गैस सिलेंडर को रिफिल करा सकेंगे और एक माह में दो से ज्यादा गैस सिलेंडर नहीं ले सकेंगे। इस नये फरमान के बाद उन घरों की परेशानी बढ़ने वाली हैं, जहां परिवार बड़ा है, लोग ज्यादा हैं या संयुक्त परिवार हैं और एक वर्ष में 15 से ज्यादा सिलेंडरों की खपत होती थी। इस बारे में ऑल इंडिया इंडियन डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के एक पदाधिकारी का कहना है कि यदि किसी घरेलू गैस ग्राहक को एक वर्ष में 15 से ज्यादा सिलेंडर लेना है, तो उसके लिये तेल कंपनी के अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। इस बारे में एक गैस एजेंसी वाले का कहना है कि संयुक्त परिवार में सदस्यों की संख्या ज्यादा होती है। ऐसे तमाम परिवार हैं जिनके यहां एक माह में दो से तीन गैस सिलिंडर गैस की खपत होती है। नया नियम लागू होने के बाद उनको परेशानी होगी, लेकिन उस परिवार के अन्य प्रमुख परिवार व सदस्यों के नाम से गैस सिलेंडर का रजिस्ट्रेशन कराकर जरूरत के मुताबिक उनके नाम से हर माह गैस सिलिंडर रिफिल की बुकिंग कराके खपत को पूरी की जा सकती है।

# यूट्यूब पर रिलीज हुई शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राहुल अग्रवाल की फिल्म जहर

## धुआं-धुआं सा गीत को खूब पसंद कर रहे हैं पलामूवासी

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय व शहर के जाने-माने चिकित्सक डा. राहुल अग्रवाल ने बुधवार को मासूम आर्ट ग्रुप के बैनर तले निर्मित हिंदी शार्ट फिल्म जहर का पोस्टर जारी करते हुए इसे यूट्यूब पर रिलीज किया। इस फिल्म के जरिये डा. राहुल अग्रवाल फिल्मी दुनिया में कदम रखा है। फिल्म जारी करते हुए अग्रवाल ने कहा कि स्कूल में उन्होंने कई नाटकों का हिस्सा हुआ करते थे। फिल्म में अभिनय करने की बात कही गयी तो उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने बतलाया कि पलामू में इसकी काफी संभावना है। वे आगे भी फिल्मों में काम करना जारी रखेंगे। मासूम के अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में उनकी संस्था लगातार कई शार्ट फिल्म बनायेंगी। जिसमें स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जायेगा। फिल्म जहर के रिलीज होते ही इसे शेष पृष्ठ 11 पर

### पलामू में नये डेंटल हाउस का उद्घाटन, नयी तकनीक यंत्रों से युक्त है हाउस

# डेंटल मरीजों का ग्रामीण क्षेत्रों में फ्री कैंप लगाने की योजना है : डॉ. आकृति

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू किसी क्षेत्र में पिछड़ा नहीं है। यहां समय के अंतराल पर नये-नये प्रयोग होते रहे हैं। इसी प्रयोग की पाठशाला में पिछले दिनों डेंटल के क्षेत्र में एक और नाम जुड़ गया है। वह नाम डा. आकृति का है। बाहर से पढ़ाई कर अपने पैतृक स्थल मेदिनीनगर में सेवा प्रदान करने की इच्छा रखने वाली डा. आकृति आज किसी नाम की मुहताज नहीं हैं। जेलहाता स्टेट बैंक एडीबी के ठीक सामने अवस्थित इस नये डेंटल हॉउस का उद्घाटन डा. अरूण शुक्ला ने किया। मौके पर डा. शुक्ला ने कहा कि सेवा के क्षेत्र में स्वास्थ्य सुरक्षा का आज बड़ा कदम है कि डा. आकृति ने पलामू के लिए अपनी सेवा देने की इच्छा जाहिर की है। इससे पलामू को बहुत फायदा होगा। कारण डा. आकृति सेवा भाव से अपनी जन्म भूमि का चयन की हैं। इस बाबत उन्होंने बताया कि पलामू के मरीजों के लिए बहुत जल्द ग्रामीण क्षेत्रों में फ्री कैंप लगाने की योजना है। जिसमें डेंटल मरीजों का इलाज किया जायेगा। साथ ही उन्हें जागरूक किया जायेगा कि वे अपने दातों की रक्षा कैसे करें। गौरतलब है कि एक जमाना था जब डा. टीपी तारक यहां पर सबसे बड़े डेंटल के शेष पृष्ठ 11 पर

## कोर्ट फीस (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2021 के प्रावधानों पर पुनर्विचार का निर्देश

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने राज्य के जनजातीय समुदाय के व्यापक जनहित को दृष्टि में रखते हुए राज्य सरकार को कोर्ट फीस (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2021 के प्रावधानों पर पुनर्विचार करने हेतु निर्देश दिया है। विदित हो कि यह विधेयक 22 दिसम्बर, 2021 को झारखंड विधानसभा द्वारा पारित किया गया था और 11.2.2022 को राज्यपाल द्वारा इस पर सहमति प्रदान की गयी थी। इसके बाद राज्यपाल को बिल के प्रावधानों में वर्णित कोर्ट फीस वृद्धि के विरुद्ध बहुत सारे अभ्यावेदन व ज्ञापन प्राप्त हुए। राज्यपाल को दिनांक 25.7.2022 को झारखंड राज्य बार काउंसिल से भी एक ज्ञापन प्राप्त हुआ, जिसमें राज्यपाल से आग्रह किया गया कि वे राज्य सरकार से कोर्ट फीस में हुई वृद्धि को वापस लेने और इसे विधि-सम्मत उचित तरीके से तय करने के लिए निर्देशित करें। राज्यपाल ने इस मामले पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए राज्य सरकार को इस विधेयक पर पुनर्विचार करने के लिए निर्देशित शेष पृष्ठ 11 पर

।। श्री हरि ।।

**शोक संदेश**



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा देवी बजाज का गोलोक वास दिनांक 28/09/2022 शाम को हो गया है। अंतिम यात्रा हमारे निवास स्थान बड़ा लाल स्ट्रीट से दिनांक 29/09/2022 को 2:30 बजे मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**शोकाकुल परिवार**

रामकरण बजाज (पति), रामनिरंजन बजाज, राजकुमार बजाज (देवर), सुरेश बजाज, दिलीप बजाज, आलोक बजाज (भतीजा), प्रदीप बजाज (पुत्र) एवं समस्त बजाज परिवार।

निवेदक : -
जेठमल सतनारायण
9709087484
7209612766

## न्यूज गैलरी

### निगम ने किया सामूहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन

**मेदिनीनगर।** भारतीय स्वच्छता लीग के तहत नगर निगम के द्वारा संत मरियम स्कूल के विद्यार्थियों और नेहरू युवा केन्द्र के सदस्यों के संग मिल कर सामूहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जो स्थानीय मुख्य बाजार क्षेत्र में किया गया। इस विशेष सफाई अभियान को सफल बनाने और लोगों में सफाई के प्रति जन चेतना बढ़ाने के उद्देश्य से माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष और नगर निगम के ब्रांड अम्बेसडर अविनाश देव ने भूमिका निभाई। इस अभियान में मेदिनीनगर नगर निगम की ओर से प्रदीप कुमार, समिता भगत, उपेंद्र कुमार, दिलीप कुमार नगर प्रबधक,अभिषेक कुमार,सतीश कुमार नगर मिशन प्रबंधक,राजन सिंह सामुदायिक संगठनकर्ता,अनूप कुमार,निगम कर्मी एवम अन्य समान्नित लोगों ने इस अभियान को सफल बनाने में अभिन्न भूमिका निभाई।

### आयोग ने जारी की परीक्षा एजेंसी से संबंधित सूचना

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा विज्ञापन संख्या – 06/2021 एवं 02 / 2022 के तहत ली जाने वाली झारखण्ड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर सूचना जारी किया है। जिसमें बताया गया कि सोशल मिडिया में यह सूचना प्रसारित की जा रही है कि झारखण्ड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2021 का पुनप्रायीजन उसी एजेंसी के माध्यम से करवाया जा रहा है। जिसके द्वारा 03 जुलाई को सम्पन्न परीक्षा आयोजित की गई थी। इस संबंध में आयोग में स्पष्ट किया है कि आयोग द्वारा झारखण्ड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा – 2021 के आयोजन हेतु पूर्व प्राधिकृत एजेंसी को प्रसंगाधीन परीक्षा सहित आयोग की आगामी परीक्षाओं के आयोजन संबंधी सभी कार्यों से विमुक्त किया गया है।

### जीनियस क्लब बौद्ध मंदिर का भव्य आकृति बना रही है



**मेदिनीनगर।** शहर के बैरिया चौक स्थित महावीर मंदिर जीनियस क्लब के द्वारा करीब सात से आठ लाख की लागत से बौद्ध मंदिर की भव्य प्रकृति बनाई जा रही है शहर के बैरिया चौक मे जीनियस क्लब वितीय 25 वर्ष से मां दुर्गा की मूर्ति रखते आ रही है और पंडाल के सामने विशेष रूप से झरना भी बनाया जा रहा है जो की जीनियस क्लब की पंडाल के सामने झरना लोंगो का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित करता है जीनियस क्लब के अध्यक्ष राकेश सिंह, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ,अंकित सिंह,प्रवीन तिवारी,शक्ति सिंह,बाबू सिंह,शीतल सिंह,छोटू तिवारी,बॉबी,विक्की विनीत,नितिन सिंह आदि लोग शामिल थे।

### सभी पदाधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश पर लगी रोक

**मेदिनीनगर।** इस वर्ष दशहरा 02 अक्टूबर से लेकर 05 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था को बेहतर तरीके से संधारण करने के उद्देश्य से उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी अवकाश को रद्द करते हुए 02 अक्टूबर से 05 अक्टूबर तक मुख्यालय छोड़ने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी पदाधिकारी एवं कर्मी को अवकाश पर जाना अति आवश्यक हो तो वह विशेष परिस्थिति में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त से विशेष अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही मुख्यालय छोड़ सकेंगे।

### हरि कथा सुनने से समस्त व्यथा दूर होती है:श्रीराम शास्त्री

**मेदिनीनगर।** हरि की कथा सुनने से मानव की समस्त व्यथा दूर होती है । उक्त बातें पोलपोल में आयोजित श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ में तीसरे दिन प्रवचन के दौरान अयोध्या से पधारे मानस प्रवक्ता श्रीराम शास्त्री ने कही । उन्होंने कहा कि हरि की कथा अनंत है। कथा सुनने से मंगल होता है। उन्होंने कहा कि सत्संगति के बिना मानव जीवन अधूरा है। पद और प्रतिष्ठा की ऊंचाई को त्याग कर श्रद्धा भक्ति के साथ सत्संग में आना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान शिव कैलाश की ऊंचाई को त्याग कर अगस्त ऋषि के यहां कथा श्रवण करने पधारे थे । उन्होंने कहा कि हम कथा सुनते हैं पर इसे आत्मसात नहीं करते। कथा को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सत्संग मानव जीवन का सत्य लक्ष्य हैं। भौतिकवाद में सुख शांति नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्संग से मानव का ही कल्याण नहीं बल्कि सारे जीवों का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि संसार का समस्त सुख ईश्वर के चरणों में है । लोग धन-संपत्ति को जितना महत्व देते हैं यदि उतना माता पिता गुरु व भगवान की सेवा में दें, तो उनका जीवन कृतार्थ हो जाएगा । उन्होंने कहा कि भगवान का अवतार दुष्टों के संहार करने के लिए हुआ था। उन्होंने कहा कि हिंसा को त्याग कर समर्पण के मार्ग पर चलें, देश और समाज के लिए कुछ करें।

### पलामू के युवक की सतनदिया नदी में डूबने से मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम लामी पतरा निवासी अविनाश कुमार का शव लातेहार जिला के सतनदिया नदी से पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार अविनाश कुमार लातेहार जिला के नेतरहाट कैम्प में ड्राइवर का काम करता था। वह मंगलवार की रात अपने बाइक पर सवार होकर कैंप से बाहर निकलकर कहीं जा रहा था । तभी वह सतनदिया नदी के तेज धार में मोटरसाइकिल सहित बह गया और लापता हो गया। इसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी, जानकारी मिलते ही पुलिस अविनाश को खोजने में जुट गयी। पुलिस द्वारा खोजबीन के दौरान बुधवार की सुबह सतनदिया नदी से अविनाश का शव बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया । जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### भाजयुमो ने भगत सिंह की 115 वीं जयंती मनाई

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू द्वारा अमर बलिदानी भगत सिंह की 115 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा मेदिनीनगर के भगत सिंह चौक पर अवस्थित उनकी प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानन्द पाठक ने कहा कि भारत को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराने के लिए असंख्य वीर योद्धाओं ने संघर्ष किया। भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए जिस साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया।

---

## दशहरा पर्व को लेकर डीसी-एसपी ने जारी किया संयुक्त आदेश

# अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दशहरा पर्व को लेकर जिले के सभी थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर पांच दिनों तक दंडाधिकारियों व सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व सशस्त्र बल एक अक्टूबर के अप0 में निर्धारित स्थान पर तैनात होंगे और 05 अक्टूबर की संध्या तक बने रहेंगे।इस आशय का संयुक्त आदेश उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी किया गया है।संयुक्त आदेश में डीसी-एसपी ने दशहरा पर्व को लेकर विशेष सतर्कता का निर्देश दिया है।इस दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को सोशल मीडिया पर भी नजर रखने का विशेष तौर पर निर्देश दिया गया है। विशेष कर मोबाइल एसएमएस, फेसबुक, ट्यूटर, वाट्सएप आदि माध्यमों से यदि किसी प्रकार का आपत्तिजनक मैसेज के आदान प्रदान पर पूरी तत्परता से नजर रखने को लेकर निर्देश जारी किए गये हैं। वहीं संयुक्त आदेश में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं उन पर सतत निगरानी रखने को कहा गया है। वहीं जुलूस पर पूर्णतया नियंत्रण रखने को कहा गया है जिला प्रशासन द्वारा जारी मार्गों पर ही प्रतिमा विसर्जन करने की अनुमति दी गयी है इसे दृढ़तापूर्वक पालन कराने को कहा गया है। वहीं दो व पांच अक्टूबर को जिले के सभी शराब दुकान पूरी तरह से बंद रहेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को 02 अक्टूबर से लेकर 06 अक्टूबर तक प्रत्येक दिन का खैरियत प्रतिवेदन जिला नियंत्रण कक्ष में देने का आदेश दिया गया है। जिला मुख्यालय के परिसदन भवन में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जिसमें अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह को जिले में संपूर्ण विधि व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेवारी दी गयी है।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत

**असामाजिक तत्वों पर पांडू पुलिस की रहेगी पैनी नजर**



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू।** थाना परिसर में दुगार्पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पांडू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, पूजा समिति के लोग एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में सब इंस्पेक्टर संजीव कुमार के समक्ष सबों ने अपनी अपनी बातें रखी। बैठक में असमाजिक तत्वों पर नकेल कसने की बात कही । वहीं लोगों को आश्वस्त करते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में पुलिस की गस्ती पूरी नवरात्रि में 24 घंटे पांडू पुलिस क्षेत्र भ्रमण करते रहेगी। अगर किसी के द्वारा पूजा में अवरोध उत्पन्न करने की संभावना हो तो उसकी सूचना तत्काल मेरे मोबाइल नंबर पर दें । ताकि समय रहते उस पर कार्रवाई की जा सके। पांडू पुलिस सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम या अन्य पर अपनी नजर बनाए रखेगी। प्रशासन ने सभी जनप्रतिनिधियों को अपने- अपने क्षेत्र में अपने स्तर से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। इस कार्य में पांडू पुलिस ने सहयोग करने की अपील की है। मौके पर इंस्पेक्टर संजीव कुमार, एसआई मनोज सिंह, पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह शंभू सिंह, महेंद्र प्रसाद साहू, रामप्रवेश साव, धर्मेंद्र सिंह यादव, के साथ-साथ कई लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री ने बीस सूत्री कार्यालय का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांडू प्रखंड कार्यालय के दूसरे तल्ला पर बीससूत्री कार्यालय का उद्घाटन झारखंड के पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे, पांडू बीडीओ राहुल उरांव एवं बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडेय ने सामूहिक रूप से किया। बताते चलें कि कार्यालय उद्घाटन से पूर्व भारत जोड़ो अभियान के तहत सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक रैली के शक्ल में महूगांवा पुल से पांडू बाजार होते पांडू प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। बीस सूत्री कार्यालय उद्घाटन के पश्चात श्री दुबे ने कहा कि अब यहीं से प्रखंड में चल रहे सरकार की सभी योजनाओं पर पैनी नजर बनी रहेगी। जरूरतमंद को सरकार की हर महत्वकांक्षी योजना का लाभ मिले ,इसके लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। वहीं मौके पर उपस्थित पांडू प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सुनील पांडे ने कहा कि प्रखंड कार्यालय से होने वाले सभी कार्यों की मॉनिटरिंग की जाएगी। लोगों को बार-बार प्रखंड का चक्कर काटना नहीं पड़ेगा। वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन आदि हर जरूरतमंदों को दिया जायेगा। जरूरत पड़ने पर प्रखंड स्तर पर कैंप भी लगाया जायेगा । प्रखंड कार्यालय में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली या घूसखोरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। ऐसा करने वाले लोगों को आज से हीं सुधरने की सलाह दी। मौके पर गढ़वा जिला अध्यक्ष बडू दुबे, बिश्रामपुर बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, उंटारी रोड प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, भूपेंद्र नरायन पांडेय, के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी एवं गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया शुरू,आयोग ने निकाला जांच की तिथि



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दो अगस्त को पारित आदेश के आधार पर हाई स्कूल शिक्षकों की रुकी हुई नियुक्ति प्रक्रिया फिर से शुरू की है। इसके तहत आयोग ने इतिहास एवं नागरिक शास्त्र विषय के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए। अभ्यर्थियों की सूची मंगलवार की शाम को जारी कर दी है। इन अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच 11 से 14 अक्टूबर तक दोनों पालियों में होगी। **मेघा सूची के आधार पर नियुक्ति करने का आदेश :** सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अपील संख्या 4038/2022 झारखंड राज्य मामले में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 में गठित राज्य स्तरीय मेघा सूची के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने को कहा है। इसके तहत आयोग ने इतिहास एवं नागरिक शास्त्र विषय की मेघा सूची जारी की है। इसके तहत 492 अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्रों की जांच के लिए बुलाया गया है।

**प्रमाण पत्रों की जांच के लिए बुलाना चयन नहीं :** आयोग ने कहा है कि प्रमाण पत्रों की जांच के लिए आमंत्रित किया जाना उम्मीदवार का अंतिम चयन नहीं है। आवश्यकता अनुसार के विरुद्ध मेघा सूची में अंकित अनुक्रमांक से अन्य अभ्यर्थियों को भी प्रमाण पत्रों की प्रारंभिक जांच हेतु आमंत्रित कर सकता है। वैसे अभ्यर्थी जो किसी कारण निर्धारित तिथि को प्रमाण पत्रों की जांच के लिए नहीं आ सकेंगे, उन्हें 20 अक्टूबर को इसके लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट से आया फैसला :** गौरतलब है कि झारखंड हाईकोर्ट द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द किए जाने के बाद सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की गई थी। इसकी सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने जिन जिलों में नियुक्ति हो चुकी है। वहां नियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति को बरकरार रखने तथा शेष जिलों के लिए राज्य मेधा सूची तैयार कर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया था। पिछले दिनों कार्मिक विभाग ने बैठक कर सर्वोच्च न्यायालय आदेश के आलोक में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्णय लिया।

## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पोषण मेला का आयोजन

**गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई,बच्चों का अन्नप्राशन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन(टाउन हॉल)में बुधवार को समाज कल्याण की ओर से चलाये जा रहे राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पोषण मेला का आयोजन किया गया। पोषण मेला की शुरूआत उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे,उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज,जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, सहायक समाहर्ता विसपुते श्रीकांत यशवंत,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी,सिविल सर्जन जॉन एफ कैनेडी,कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। पोषण मेला के आगाज के पश्चात अतिथियों द्वारा समारोह में लगाये गये पौष्टिक आहार प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस दौरान अतिथियों ने प्रदर्शनी में लगाये गये विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्वाद लिया। मेला में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे व डीडीसी मेघा भारद्वाज,जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी द्वारा कई गर्भवतियों की गोद भराई की रस्म पूरी की गयी। इसमें सभी गर्भवतियों को सतरंगी थाली व चुनरी ओढ़ाकर परंपरागत तौर से टीका लगा कर महिला की गोदभराई की रस्म पूरी की गयी। गोदभराई के पश्चात शिशुओं का अन्नप्राशन भी कराया गया। समारोह में चित्रकारी व रंगोली प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले बच्चियों को पुरस्कृत किया गया। अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को लेकर सदर सीडीपीओ अर्चना सिंहा,मनातू के एलएस गुलशन आरा,जिला समन्वयक जीशान अहमद,एलएस ग्रामीण फरजाना करीम,समेत कई अन्य एलएस को सम्मानित किया गया। पोषण माह के दौरान सेविकाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना उपायुक्त ने की। उन्होंने सभी आंगनवाड़ी सेंटरो को नियमित रूप से संचालित करने की बात कही। रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर पोषण जागरूकता का संदेश दिया गया। मौके पर उपरोक्त के अलावे जेएसएलपीएस के डीपीएम बिमलेश शुक्ला,सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी,एलएस समेत समाज कल्याण के कर्मी उपस्थित रहे।

## मानस यज्ञ में सीता राम विवाह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ में पाठ प्रसंग के तीसरे दिन बुधवार को पोलपोल में सीताराम विवाह का आयोजन किया गया। मौके पर समिति के लोगों ने गाजे-बाजे के साथ बारात निकाली ।बारात बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप तक पहुंचा । यज्ञ मंडप में सीता राम विवाह का काल्पनिक रूप से दो जोड़ों का विवाह कराया गया। विवाह के दौरान महिलाओं ने चारों दूल्हा में बड़का कमाल सखिया गीत गाकर यज्ञ मंडप को भाव विभोर कर दिया। विवाह पूर्णतः पारंपरिक था। मौके पर सैकड़ों नर नारियों ने पूजा अर्चना की। महिलाएं गीत और झूमर गाकर बारात की शोभा बढ़ा रही थी। वही आचार्य ओमप्रकाश पांडेय, व्यास मधुरेश जी महाराज ने गोत्रोंचार व मंगलाचार कर विवाह को संपन्न कराया। प्रभु श्रीराम के मस्तक में चंदन लगाया व महिलाएं मां जानकी की मांग में सिंदूर भरी। भगवान का आरती उतारा गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष आनंद सिंह, उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंह ,सचिव शशि सिंह, कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद, ललित कुमार सिंह पन्नु सिंह,समेत कई लोग उपस्थित थे।

## महिलाओं के लिए पलामू की सड़कें नहीं हैं सुरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अकेली महिलाओं के लिए सड़क पर चलना खतरों से खाली नहीं है । वह किसी भी काम से रात हो या दिन घर से बाहर अकेली नहीं निकल सकती है। किसी भी परिस्थिति में महिलाएं अकेली यात्रा नहीं कर सकती है । दुष्कर्म एक बड़ी घटना है। जिस महिला के साथ छेड़खानी या दुर्ष्कम की घटना होती है। वह अपने जीवन में उसे कभी नहीं भूल पाती है। इसी कड़ी में पिछले दिन पलामू के सतबरवा में एक गर्भवती महिला के साथ जो सामूहिक दुष्कर्म किया गया। जिसकी निंदा करने के लिए हमारे पास कोई शब्द नहीं है। महिला का सिर्फ इतना ही गलती थी कि वह अपने पारिवारिक विवाद में अकेली अपने मायके जाने के लिए निकली थी घर से निकलते वक्त उसे जरा भी अंदाजा नहीं होगा कि रास्ते में कुछ भेड़िया उसके शिकार के लिए घात लगाए बैठे हैं। हमारे समाज में दुष्कर्मियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि सरेआम राह चलती महिलाओं का दुर्ष्कमी दुर्ष्कम की घटना को अंजाम दे रहे है। सरकार और समाज दोनों को महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता पर ध्यान रखना होगा। साथ ही दुर्ष्कर्मियों मे पुलिसिया खौफ का होना भी जरूरी है। साथ ही साथ महिलाओं को आर्थिक सामाजिक राजनैतिक और सबसे महत्वपूर्ण उन्हें शारीरिक रूप से भी सक्षम बनाना होगा, ताकि वह आये दिन अपने ऊपर हुए किसी भी ज्यादती का खुलकर मुकाबला कर सकें। वे अपने आप को सुरक्षित कर सके। निर्भया कांड के बाद हमें ऐसा लगा था कि महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा देश की प्रमुख मुद्दा बनेगा।

## महायज्ञ का 40 वां अधिवेशन शुरू

**मेदिनीनगर।** स्थानीय गायत्री मंदिर सूदना स्थित बीरभगत संघ के तत्वावधान में आयोजित दुर्गापूजा सह श्री रामचरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ का 40 वां अधिवेशन का आरंभ है। महायज्ञ में आयोध्या से आई बहन विदुषी स्तुति के द्वारा संगीतमय सुमधुर मनमोहक झांकियो के माध्यम से लोग राम कथा सुन रहे है। वहीं जौनपुर से पधारे मानस व्यास विनोद गौरव शास्त्री के द्वारा दिन में प्रवचन का कार्यक्रम किया जा रहा है। सोमवार को श्री सीता राम का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। जिसमें व्यास विनोद शास्त्री ने मंगल गीत गाया और भक्तिमय माहौल बना दिया।

## जयप्रकाश नारायण की 120 वीं जयंती पर विचार गोष्टी 11 को



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू समाहरणालय परिसर अवस्थित कैंटीन सभागार में जय प्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज सहाय की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया । आहूत इस बैठक में जेपी जेडी दल से जुड़े पलामू गढ़वा एवं लातेहार के वरीय पदाधिकारी विभिन्न प्रकोष्ठ के पदधारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आगामी 11 अक्टूबर 2022 को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 120 वीं जयंती समारोह जिसे मेदिनीनगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। समारोह में विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा । जिसमें जिले के जेपी मूवमेंट से जुड़े लोगों को आमंत्रित करते हुए वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में जेपी आंदोलन एवं उनके विचारों की भूमिका विषय पर लोगों के विचार जानने एवं समाज में प्रेषित करने का कार्य किया जाएगा। आहूत इस बैठक में राष्ट्रीय महासचिव श्याम बिहारी राय पलामू जिला अध्यक्ष कमलेश मिश्रा नगर निगम अध्यक्ष पंकज लोचन युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजीव द्विवेदी, किसान मोर्चा अध्यक्ष शिव शंकर अकेला, लातेहार जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह, वरुण कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विमलेश कुमार यादव ,राजकुमार पांडे, मोरध्वज पांडे, राष्ट्रीय सचिव अनवर हुसैन, आईटी सेल के इरशाद अहमद सहित लगभग 4 दर्जन लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिए एवं 31 सदस्य कार्यक्रम क्रियान्वयन स ह प्रबंध समिति का गठन किया गया।

## पलामू के पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता अभियान का किया निरीक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के पर्यटन स्थलों पर 16 सितंबर से 30 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके तहत साफ-सफाई के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर सफाई अभियान की स्थिति कैसी है। इसका अवलोकन नोडल पदाधिकारी ने किया। उन्होंने कई निर्देश दिया और पर्यटकों को भी जागरूक किया।

**स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान:** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा को पलामू जिला के पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता जागरुकता अभियान का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। उन्होंने पलामू जिला के हैदरनगर देवी धाम, हुसैनाबाद के मुरली पहाड़ी, मोहम्मदगंज के भीम चूल्हा, लाठिया के सूर्य मंदिर व चेगौना धाम में साफ-सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित स्थलों के प्रबंधन समिति के अलावा नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर पर्यटन स्थल परिसर में डस्टबीन, झाड़ू समेत अन्य सामग्री भी उपलब्ध कराने का काम किया। नोडल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने कहा कि पर्यटन स्थलों पर लोगों का आना -जाना अधिक होता है। गंदगी से बीमारी फैलने का खतरा अधिक होता है। उन्होंने सांकेतिक रूप से स्थलों पर सफाई अभियान भी चलाया। उन्होंने कहा कि प्रबंधन समिति की जवाबदेही बनती है कि वो परिसर की साफ- सफाई के साथ-साथ लोगों को गंदगी नहीं करने की हिदायत भी दें। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को जहां तहां गंदगी नहीं करनी चाहिए। जगह-जगह डस्टबीन की व्यवस्था है, उन्हें सूखा या गीला कचरा उसी में डालना चाहिए। उमेश लोहरा ने हैदरनगर देवी धाम व भीम चूल्हा मोहम्मदगंज में उपस्थित पर्यटकों को स्वचछता के प्रति जागरूक भी किया।

## भाजपा ने किया वोकल फॉर लोकल का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम अंतर्गत दो नंबर टाउन अवस्थित कुम्हार टोला में संपन्न हुआ। इस टोले में कुम्हार के लगभग 20 गरीब परिवार रहते हैं । जिनके द्वारा मिट्टी के बर्तन एवं खिलौनों का निर्माण किया जाता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निगम की महापौर अरुणा शंकर ने अन्य भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर यहां काम कर रहे कुम्हार परिवारों को शॉल एवं फूल माला देकर उन्हें सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई किया । उन्हें अपने उत्पाद के लिए सही बाजार दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर महापौर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सामूहिक प्रयास से ही संभव हो पायेगा। प्रधानमंत्री ने आपदा को अवसर में बदलने के लिए ही आत्मनिर्भर भारत का संदेश दिया है। पीएम ने देश की नीतियों को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया है। कृषि संशोधन बिल लाकर किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। मौके पर मुख्य रूप से जिला कार्यक्रम प्रभारी प्रफुल्ल सिंह ,सोमेश सिंह ,अजय तिवारी वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी सिंघानिया एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज गैलरी

### तंबाकू पदार्थो की बिक्री के रोकथाम को लेकर चला छापामारी अभियान

**रमना।** मुख्य बाजार सहीत आस-पास के ग्रामीण इलाकों मे बुधवार के अप्राह्न प्रतिबंधित गुटखा- तंबाकू पदार्थो की बिक्री की रोकथाम को लेकर प्रशासन के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमे बीडीओ ललीत प्रसाद सिंह,थाना प्रभारी सुधांशु कुमार,प्रखंड सहायक राहुल प्रकाश व रमना थाना पुलिस ने मुख्य सड़क ,हरीगणेश मोड़,शहीद भगत सिंह चौक सहीत कई स्थानों पर छापेमारी किया । समाचार लिखें जाने तक छपेमारी अभियान जारी था। साथ ही स्पष्ट नही हो सका था कि छापेमारी अभियान के मे कौन- कौन लोग पकड़े गये। छापमारी कि खबर जंगल मे आग की तरह फैल गई और इस कार्य में संलिप्त लोग सतर्क हो गये।

### मंत्री की मां स्वर्गीय बिमला ठाकुर की याद में मुखिया ने भंडारे का आयोजन



**चिनियां।** प्रखंड के बरवाडीह पंचायत में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के स्वर्गीय माताजी विमला ठाकुर के स्मृति में पंचायत के मुखिया पम्मी देवी के द्वारा नवरात्रि के अवसर पर भंडारा का भव्य आयोजन किया गया है। जो यह भंडारा एकम से लेकर नवमी तक चलता रहेगा। इस मौके पर दूर-दूर से भंडारे का प्रसाद ग्रहण के लिए बरवाडी पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं । वही मौके पर जिला बिसूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि इस अवसर पर भागवत गीता कथा का आयोजन भी किया गया है । जिसमें कथावाचक लखनऊ के शास्त्री रजनी यादव वाचन कर रही हैं। वही बरवाडीह पूजा समिति द्वारा विशाल पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है जो भव्य मंदिर का रूप है। जिसे पंचायत के लोग तथा विशेष कर बीससूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह द्वारा सहयोग किया जा रहा है। इस तरह के पंडाल चिनिया प्रखंड क्षेत्र में में कहीं और नहीं बनाया गया है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय है तथा पूजा पंडाल आकर्षक का रूप है। जिसे देखने के लिएदूर-दूर से लोग देखने पहुंच रहे हैं । तो वही पंचायत के मुखिया पम्मी देवी ने खुद भंडारे में प्रसाद वितरण कर भंडारे की शुरूआत की । जिसमें मौके पर सैकड़ों लोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए नजर आए। जहां काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु मौके पर उपस्थित थे ।

### वज्रपात से चपकली गांव में मवेशी की मौत, दो व्यक्ति भी घायल



**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत डोल पंचायत के चपकली गांव में बीती रात हुए वज्रपात की घटना से छिपकली के भुइया टोली निवासी रामनाथ भूईया की एक बैल की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि वज्रपात के हुए झटके से दो अन्य लोग भी घायल हो गए हैं जिनका इलाज पास के ही चिकित्सालय में किया जहा रहा है जहां फिलहाल वे खतरे से बाहर है । घटना के संबंध में इसकी जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमाशंकर गुप्ता उर्फ टुन्नी प्रसाद ने बताया कि हमारे गांव के एक किसान पशुपालक की बैल की मौत वज्रपात के कारण हुई है जबकि दो अन्य लोग भी घायल है जिनका इलाज गांव के ही चिकित्सालय में किया गया। जहां के खतरे से बाहर है। यह किसान देहाती गरीब परिवार से आते हैं। हम सरकार से यह मांग करेंगे कि इस गरीब परिवार की जो नुकसान हुई है। उसकी भरपाई की जाए और इस गरीब परिवार को उचित मुआवजा दी जाए। वहीं इसी बाबा जी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि वज्रपात की हुए घटना में एक बैल की मौत होने की जानकारी मिली है। किसान अपने मृत हुए पशु की पोस्टमार्टम कराकर उसकी रिपोर्ट और आवेदन दे किसान को मुआवजा दिया जाएगा।

### आयुष्मान भारत योजना के चौथा वर्षगांठ पर लाभुकों के बीच कार्ड वितरित



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम आहूत कर आयुष्मान भारत योजना के चौथा वर्षगांठ पर अस्पताल के प्रभारी डॉ दिनेश कुमार सिंह ने केक काटकर तथा 40 लोगों के बीच योजना के लाभुकों के बीच कार्ड का वितरण किया। मौके पर डॉ दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि ढाई लाख की आबादी पर संचालित हो रहे आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पताल में जो इलाज पर खर्च वहन करने में असमर्थ हैं। वैसे कई गरीब और असहाय लोगों को नि:शुल्क इलाज किया गया। जो जिला में सबसे बेहतर कार्य किया गया। इस कार्य में सहिया,बीटीटी तथा आयुष्मान भारत योजना के कर्मियों के सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने लोगों को इस योजना से इलाज के लिए गांव और देहात के लोगों को जागरूक करने की अपील की,ताकि लोग समझ सकें कि बिना पैसा के भी असाध्य बिमारियों का इलाज हो सकता है। इसके लिए उनहोनर अपने साथ 72000 रुपये से कम के आय वाले बना हुआ सर्टिफिकेट चाहिए तथा राशन कार्ड साथ मे लाना जरूरी होगा। जबकि मौके पर प्रभारी द्वारा बेहतर कार्य करने वाली सहिया अमृता देवी तथा रीना देवी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए ऊर्जा भरने का काम किया। जबकि मौके पर अस्पताल की देखरेख करने वाले गुप्तेश्वर प्रसाद ने बताया कि 19 से 30 सितंबर तक आयुष्मान भारत पखवाड़ा चल रहा है,इस दौरान 450 लोगों का कार्ड बनाया गया। मौके पर ब्लॉक एकाउंट मैंनेजर प्रदीप पाठक,लिपिक अरुण लकड़ा,सुनील पटेल,गुप्तेश्वर प्रसाद,कसीमुल हक,नसीम अंसारी,सिद्धांत कुमार,अविनाश कुमार,बीटीटी धर्मजीत पासवान आदि उपस्थित थे।

### मंत्री ने रंका, रमकंडा व चिनियां प्रखंड का किया दौरा, कहा

# विस क्षेत्र सहित पूरे जिले का संपूर्ण विकास होगा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के रंका, रमकंडा एवं चिनिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। साथ ही विभिन्न गांवों में करीब एक सौ दुगार्पूजा पंडालों को सहयोग राशि प्रदान किया।

चिनियां प्रखंड के चिनियां बाजार में आयोजित कार्यक्रम में चिनियां, बरवाडीह, हेताड़ कला, बिलैतीखैर, डोल, रनपुरा दुर्गा मंडप में बेता व खुर्री गावों के पूजा पंडालों, रंका प्रखंड के बंदू बाजार, बैरिया, बिश्रामपुर, रमकंडा, टीमन बाजार, रंका थाना मोड़ आदि स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में दूधवल, चुतरु, विश्रामपुर, चुटिया, कटरा,



सिरोही खुर्द, सोनदाग, बिराजपुर, बलीगढ़, रमकंडा, उदयपुर, चेटे, हरहे, रक्सी, बाहाहारा, तमगे कला, मानपुर, रंका, कंचनपुर, खरडीहा, सुनार मोहल्ला, सिंजो आदि गांव के करीब एक सौ पूजा पंडाल में मंत्री ने सहयोग राशि प्रदान किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी ग्रामीणों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां दुर्गा की असीम कृपा से गढ़वा - रंका विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले का संपूर्ण विकास होगा। ऐसी कामना करते हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा बहुत ही शांतिप्रिय एवं भाईचारा का संदेश हमेशा देता है। आगे भी यह परंपरा कायम रहेगी। क्षेत्र के लोग ऐसा आशीर्वाद दें कि हमेशा उनके सेवा का मौका मिलता रहे। मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, छोटू सिंह खरवार, अरविंद यादव, कार्तिक पांडेय, आशीष गुप्ता, अहमद अली, राजकिशोर यादव, दिनेश गुप्ता, श्रवण कमलापुरी, कमलेश यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### दो दर्जन से अधिक लोग झामुमो में हुए शामिल

**गढ़वा।** सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान रंका प्रखंड के विश्रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण किया। विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हुए सभी लोगों का मंत्री श्री ठाकुर ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सोनपुरवा गांव से भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल होने वालों में अनुप यादव, बलराम यादव, शिवपुजन यादव, अलख यादव, उमेश यादव, मंदीप यादव, फूलेश्वर यादव, प्रभु यादव, लश्कर अंसारी, मजीद अंसारी, एनुल हक अंसारी, असगर अंसारी, ग्यासुद्दीन अंसारी, नंदू कुमार यादव आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, प्रवक्ता धीरज दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बनखेता दुर्गा मंदिर में विधायक ने रामलीला मंचन का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत अरसली(दक्षिणी) के बनखेता दुर्गा मंदिर प्रांगण में रामलीला मंचन का उद्घाटन भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर एवं द्वीप प्रवजलित कर किया गया।

मौके पर ग्रामीण दर्शकों को संबोधित करते हुए श्री शाही ने रामलीला को प्राचीन परंपरा बताते हुए कहा कि यह मयार्दा ,संस्कृति व संस्कार की पाठशाला है। इसका अनुसरण कर समाज में व्याप्त कई सामाजिक बुराइयों का जहां अंत किया जा सकता है। वहीं भूल रहे मयार्दा, संस्कार व संस्कृति को हम पुनः स्थापित कर सकते हैं।

वही भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, अरसली(उतरी) के पूर्व मुखिया श्यामसुंदर गुप्ता ने कहा कि गाँवो में अभी भी पौराणिक संस्कारों एवं पद्धतियों को जीवंत रखने का



प्रयास जो यहां के लोग कर रहें हैं वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं। इसे जीवंत रखने के लिए हम सभी को भी प्रयास करना चाहिए। रामलीलाओं का आयोजन समाज में समरसता, समन्वय और सांप्रदायिक सौहार्द की मिठास घोलती हैं।

मौके पर जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य मनोज पहाड़िया,अरुण गुप्ता, शैलेन्द्र ठाकुर,प्रवीण यादव, पूजा समिति के अध्यक्ष सुनील यादव, हितनारायन यादव,बैजनाथ साह, समोद ठाकुर, सीताराम यादव,बेचू साह सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की श्री बंशीधर अनुमंडल क्षेत्र कार्यकारिणी गठित

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की श्री बंशीधर अनुमंडल क्षेत्र कार्यकारिणी का गठन किया गया। होटल अनिकेत पैलेस में आयोजित में आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा को संबोधित करते हुए प्रोफेसर बीडी सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसे फिर से पुनर्जीवित करने लिए समस्त क्षत्रियों को एक होने की जरूरत है। महासभा के माध्यम से नशामुक्ति, दहेज प्रथा एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ समाज के बीच जनजागरण चलाकर दूर किया जाएगा। कार्यकारिणी में संरक्षक के रुप में विजय सिंह, शंकर प्रताप देव, ब्रह्मदेव सिंह, मुखदेव सिंह एवं रविंद्र प्रताप देव। अध्यक्ष इंदल सिंह, उपाध्यक्ष के रुप में चंचल सिंह, विक्रांत सिंह ,राजीव रंजन सिंह चिंटू, श्रवण सिंह एवं मोहित प्रताप दे। सचिव धर्मेंद्र प्रताप



देव। उप सचिव प्रशांत सिंह एवं शैलेन्द्र प्रताप देव। कोषाध्यक्ष विनय सिंह। प्रवक्ता आशुतोष शरण सिंह। संगठन मंत्री विवेक कुमार सिंह एवं उप संगठन मंत्री अश्विनी सिंह समेत 21 सदस्यी कार्यकारिणी का गठन किया गया। मौके पर अजित प्रताप देव, चंद्रशेखर सिंह, टीकू सिंह, विनोद सिंह, अशोक सिंह, पंकज सिंह, पांडा सिंह, बिपिन सिंह, छोटन सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद थे।

### कन्या पूजन समारोह का आयोजन, बोले प्रमुख

## संस्कार और संस्कृति का ज्ञान होना जरूरी

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर कन्या पूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, पूर्व प्रमुख रविन्द्र कुमार पासवान एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। कन्या पूजन में एलकेजी से कक्षा दो तक कि बहनें कन्या रूप में सज कर आई थी। कक्षा 6 की आयुषी चौबे ने भव्य दुर्गा रूप तथा कक्षा 3 के वैभव चौबे ने बाघ का रूप धारण किया था। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक व मुख्य अतिथि उर्मिला देवी ने कन्याओं का पाद प्रक्षालन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य अतिथि द्वारा कुल 61 कन्याओं को उपहार राशि



समर्पित किया गया। विद्यालय के सभी आचार्य एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों ने सभी कन्याओं को चुनरी पेंसिल शार्पनर, रबर व प्रसाद स्वरूप से०, केला, लड्डू भेंट किया। राजा पहाड़ी शिव मंदिर के पुजारी गोविंद पाठक द्वारा कन्याओं के पूजन हेतु लड्डू और से० की व्यवस्था किया गया था। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख व पूर्व प्रमुख को क्रमशः रामचरितमानस और श्रीमद्भागवत गीता ग्रंथ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रखण्ड प्रमुख ने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कन्या पूजन एक अनोखी पहल है, इसे देखकर मैं भाव विभोर हो गई। विद्या मंदिर में ही शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति का ज्ञान भी प्राप्त होता है। कार्यक्रम में आचार्य कौशलेंद्र झा, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नंदलाल पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय, अविनाश कुमार, विवेक कुमार पाठक, सुजीत कुमार, सत्येंद्र प्रजापति, जय प्रकाश चौधरी, पिंटू कुमार सिंह,अरुण कुमार, आरती श्रीवास्तव,नीति कुमारी, रेणु कुमारी, पूजा कुमारी,अभिभावक शशिमोहन चौबे, आनंद गुप्ता, चंदा देवी, चांदनी गुप्ता, चम्पा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से 45 भेड़ों की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा रोड-चोपन रेलखंड पर गढ़वा थाना क्षेत्र के उड़सुगी गांव के समीप यात्री रेलगाड़ी की चपेट में आने से 45 भेड़ों की मौत हो गई। घटना बुधवार की है। सभी भेंड़ उडसुगी गांव निवासी सरजू पाल की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार करीब 200 संख्या में भेड़ें गढ़वा रोड- चोपन रेलखंड के बगल में उड़सुगी गांव के समीप चर रहे थे। इस दौरान भेडें रेलवे लाइन पार कर दूसरी ओर जाने लगे। इस बीच चोपन से गढ़वा रोड की ओर जाने वाली यात्री रेलगाड़ी आ गई। बताया गया कि चरवाहे के प्रयास के बावजूद 45 भेडें रेलगाड़ी की चपेट में आ गए। जिससे घटनास्थल पर ही 45 भेंड़ की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई भेंड़ रेललाइन पार कर झाड़ियों तक पहुंच कर मर गई। जबकि कई भेंड रेलवे ट्रैक पर भी कट गई।

### गढ़वा में राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला का आयोजन आज से

**गढ़वा।** गढ़वा में टाउन हाल के मैदान में राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला 2022 का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन 29 सितंबर को होगा। इसकी जानकारी देते हुए राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला के संयोजन हितेश पाठक ने बताया कि मेला 20 अक्टूबर 2022 तक चलेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इस मेला में भारत के 20 राज्यों के हस्त शिल्पकारों द्वारा 55 से 60 स्टाल लगेगा। इसमें उत्तर प्रदेश के मेरठ के खादी के कपड़े, पानीपत के पर्दा, कोलकाता हैंडलूम के कपड़े, बनारसी साड़ी, भागलपुर सूट व ड्रेस मैटेरियल्स, राजस्थानी अचार, उत्तर प्रदेश के भदोही का कारपेट डॉर्मेट कालीन, लेडीज पर्स, सहारनपुर का फर्नीचर, लुधियाना कौटन, खादी ग्रामोद्योग की दवाइयां, फिरोजाबाद कांच की चूड़ियां आदि घरेलू उपयोग में आने वाले सामानों के स्टाल लगाए जाएंगे।

### चिनियां में लंपी वायरस का प्रकोप, किसानों ने दी जानकारी, कहा

## अब तक आधे दर्जन पशुओं की हो चुकी हैं मौत

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के हेताड कला गांव में लम्पी वायरस बीमारी का प्रकोप आ जाने से अब तक आधे दर्जन पशुओं की मौत हो चुकी है । फिर भी विभाग के पशु के अधिकारी बेपरवाह एवं लापरवाह बने बैठे हैं । पशुओं के शरीर के कई हिस्सों में सिक्के भर के चकते निकल रहे है। इसकी जानकारी देते हुए बुधवार को हेताड़ कला हथबझवा तथा सरई दोहर गांव के- सेवक कोरवा, चंद्रिका सिंह, गुठल तुरिया, संतोष कुमार प्रसाद, सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि हमारे पशुओं को लम्पी वायरस बीमारी हुए आज लगभग एक महीने होने को चला हैं जबकि गांव में लगभग आधा दर्जन पशुओं की मौत भी हो चुकी है फिर भी अभी तक ना तो पशुपालन विभाग के कोई डॉक्टर इस गांव में पहुंचे हैं और



ना ही कोई अधिकारी पदाधिकारी । जिससे हमारे पशुओं की हालत दिन-प्रतिदिन खराब होते चली जा रही है । वही बताते चले कि इस गांव के ज्यादातर लोगों की जीविका पशुपालक के सहारे ही होता है जो कई किसानों कि पशुओं की मौत होने के बाद किसानों की कमर सी टूट गई है । किसानों ने अपने मृत हुए पशुओं की सरकार से मुआवजे की मांग की है तथा जल्द से जल्द गांव में पशु डॉक्टर को भेज कर सभी पशुओं को इलाज करने की मांग की है । वहीं इसी बाबत प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी बीएचओ धनंजय कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि गांव में पशुओं में बीमारी होने की सूचना हमें नहीं मिली है, अगर ऐसा है तो निश्चित रूप से वहां पशु डॉक्टर को भेजकर पशुओं का इलाज किया जाएगा। फिलहाल सभी पशुपालक अपने पशुओं के प्रति सावधानी बरतें जल्द ही गांव में डॉक्टरों की टीम को भेजा जाएगा । जबकि इसी बाबत चिनिया प्रखंड विकास पदाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि गांव में पशुओं की बीमारी होने की सूचना पहले हमें नहीं मिला था आज ही जानकारी मिली है गांव में जल्द से जल्द पशु डॉक्टरों की टीम को भेजकर पशुओं का इलाज किया जाएगा ।

## गुटखा बिक्री के खिलाफ बीडीओ ने चलाया छापामारी अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** श्रीबंशीधर नगर एसडीओ आलोक कुमार के निर्देश पर भवनाथपुर बीडीओ जयपाल महतो ने गुटखा बिक्री के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। भवनाथपुर में आधा दर्जन दुकानों में छापेमारी कर करीब 10 बोरा गुटखा जब्त किया है छापामारी टाऊनशिप के दुकानों से शरू हुआ। जहां से खुला गुटखा मिले जिसके बाद भवनाथपुर के सुधीर गुप्ता के दुकान में छापेमारी करने पर एक बोरा गुटखा जब्त हुआ, अजय गुप्ता के दुकान में छापेमारी करने पर गुटखा नही मिला। जिसके बाद भवनाथपुर बाजार स्थित मनोज गुप्ता के दुकान में छापेमारी किया। जहां से भरी मात्रा में 8 बोरा विमल गुटखा एवं 1 बोरा शुध



पल्स गुटखा जब्त हुआ। बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि छापामारी श्री बंशीधर नगर एसडीओ के निर्देश पर किया जा रहा है राज्य मे गुटखा पान मसाला बंद है ऐसे में गुटखा, पान मसाला को बेचना कानूनन जुर्म है। छापामारी दल में थाना के एस आई कुंदन यादव, पंचायत सेवक अजित सिंह, विष्णु प्रसाद, राजगीर राम, 15वें वित्त अशोक कुमार यादव, श्रम मित्र नागेंद्र शर्मा सहित पुलिस के जवान सामिल थे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सफल अभ्यर्थियों के बीच किया पुरस्कार का वितरण

# संस्कृति और संस्कारों की संवाहक हैं हिन्दी: पांडे

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** अंत्योदय आदिवासी उच्च विद्यालय देवगाना के प्रांगण मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा हिंदी दिवस के अवसर आयोजित प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के समक्ष द्वीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अलखनाथ पांडे ने कहा हिंदी वैज्ञानिक परिष्कृत भाषा है। भारत में करीब 70 करोड़ लोग हिंदी बोलते हैं। भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो और नेपाल समेत कई अन्य देशों में भी हिंदी का अच्छा खासा चलन है।उयह प्रतियोगिता बच्चों के विकास में सहायक बनेगी।

हिंदी को राष्ट्रभाषा के साथ-साथ



अंतर्राष्ट्रीय भाषा बनाने के लिए समाज के प्रबुद्ध वर्ग से आह्वान किया। हिंदी को लेकर लोगों के विचार भले ही अलग-अलग हों परंतु इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि भारत में सबसे अधिक हिंदी ही बोली जाती है।

एक भाषा के रूप में हिंदी न केवल भारत की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति और संस्कारों की संवाहक, संप्रेषक तथा परिचायक भी है।

### चौथी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हैं हिंदी

विद्यार्थी परिषद के सह जिला संयोजक कुमार सुभेन्द्र ने कहा कि 14 सितंबर 1949 को भारत की संविधान सभा द्वारा हिंदी को राजभाषा के रूप में दर्जा दिया गया था। भारत के संविधान में भाग 17 के अनुच्छेद 343 (1) में कहा गया है कि राष्ट्र की राज भाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। इसके बाद 14 सितंबर के दिन को चुना गया और इस दिन हिंदी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। भारत में लगभग 70 करोड़ से अधिक लोग हिंदी लिख-पढ़ और बोल सकते हैं। हिंदी पूरे विश्व में चौथी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य रमेश चंद्रवंशी ने कहा कि हिंदी भाषा दुनिया की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है और प्रत्येक भारतीय को अपनी मातृभाषा में बोलने पर गर्व महसूस करना चाहिए।भारत में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में, हिंदी सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली और बोली जाने वाली भाषा है। इसके अलावा जिला एस एफ एस संयोजक शुभम तिवारी एवं विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने अपना विचार छात्रों के बीच रखा।

हिंदी दिवस के अवसर पर निबंध लेखन में प्रियांशु कुमार चौबे प्रथम, प्रियंका कुमारी द्वितीय व योगेंद्र विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रहे। वही शीला कुमारी, नितेश चौधरी,हिमांशु चौबे, सोनाली विश्वकर्मा एवं नितेश चौधरी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय सहसंयोजक निशांत चतुवेर्दी, तरुण चौबे, रोहित, प्रियांशु, सुधांशु, मिथलेश साव,लालमोहन चौधरी, झुलन राम,लक्की आदि कई लोग उपस्थित थे।

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने चिनियां में विभिन्न पंचायतों का किया दौरा

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियिां/गढ़वा।** विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को चिनिया प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लोगों को शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा प्रखंड के 29 दुर्गा पूजा समितियों को सहयोग राशि भी प्रदान किया गया। लोगों को संबोधन करते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आज माता रानी की कृपा से हम लोग कोरोना से मुक्त हो गए हैं। हम लोग पहले की तरह ही सभी पर्व त्योहारों को खुशी से मना रहे हैं जो यह माता रानी की बहुत बड़ी कृपा है। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चिनिया चपकली मोड़ से लेकर रंका मोड़ तक 7 मीटर चौड़ीकरण



रोड की भी स्वीकृति मिल गई है बहुत जल्द सड़क बनेंगे। चिनिया प्रखंड मुख्यालय में पहली बार 1,30000000 की लागत से सीएचसी केंद्र बनाए जाएंगे। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर हसन, प्रखंडअध्यक्ष अरविंद यादव, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अयूब मंसूरी, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, सत्यनारायण यादव, झामुमो नेता मनदीप यादव, राम सागर यादव, बंशीधर यादव, मासूम खान, जिला प्रवक्ता धीरज दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### चंदवा में शू-हाउस का समाजसेवियों ने किया उद्घाटन

**चंदवा।** मेन रोड कामता चेकनाक के समीप बाबू जूता दुकान नामक शु हाउस का समाजसेवी संतोष सिंह और पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान समाजसेवी संतोष सिंह ने कहा कि जूता दुकान खुलने से ईस इलाके के लोगों को काफी सुविधा होगी। वहीं भीड़भाड़ वाले शहर के दुकानों का चक्कर जूता चप्पल के लिए लगाना नहीं पड़ेगा। दुकान संचालक मुबारक खान ने बताया कि इस दुकान में जेंट्स एवं लेडिज का जूता चप्पल और बच्चों का स्कूल बैग उचित मूल्य पर मिलेगा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता बाबर खान, रघुनंदन पैथ, मोनू सिंह, जाहीद खान, विजय जायसवाल, शमशेर खान भोला, जहांगीर खान, लाधुप के पूर्व पंसस खुर्शीद खान, वाहीद मियां, क्युम खान, जमूना जायसवाल, नन्हे गुप्ता, जाहिद मियां, उसमान मियां, मोनू मियां सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कलाकारों ने बकाया मानदेय भुगतान की मांग की

**लातेहार।** समाहरणालय में स्थानीय लोक कलाकारों ने उपायुक्त भोर सिंह यादव को एक ज्ञापन सौंपा है। कलाकारों ने पर्यटन, कला-संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग के द्वारा आयोजित सुबह सबेरे एवं शनि पर्व कार्यक्रम में बकाया पारिश्रमिक का भुगतान कराने की मांग की है। कलाकारों ने बताया कि विभाग के द्वारा कलाकारों को प्रदर्शन देने के लिए मंच उपलब्ध कराने एवं उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कराने के उदेश्य से सुबह सबेरे व शनि पर्व का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में उन्होने भाग लिया था, लेकिन 05 जनवरी 2019 से 09 मार्च 2019 तक कुल दस कार्यक्रमों का पारिश्रमिक का भुगतान विभाग के द्वारा कलाकारों को नहीं किया गया है। उन्होने बताया कि इससे पहले भी 23 मार्च 2021 एवं 10 फरवरी 2022 को तत्कालीन उपायुक्त को पारिश्रमिक भुगतान कराने की मांग को ले कर आवेदन दिया गया था, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है।

### लाभुक समिति के चयन व अन्य मुद्दों को लेकर महुआडांड प्रखंड सभागार में बैठक का हुआ आयोजन

**महुआडांड़।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी पंचायत समिति सदस्य एवं पंचायत सचिव उपस्थित हुए। सभी उपस्थित लोगों को प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा योजनाओं से संबंधित लाभुक समिति के चयन को लेकर जानकारी दी गई साथ ही जल्द से जल्द लाभुक समिति का चयन करने का निर्देश दिया गया। वहीं 2020-21 की जो योजनाएं अपूर्ण है उसे जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन कुजुर, जीपीएस भिखू प्रसाद एईई दिलीप पाल, पंचायत सेवक संजय कुजुर, विजय शंकर समेत अन्य पंचायत सेवक तथा सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

### 39 वृद्धों के आवदनों को दी गई पेंशन की स्वीकृति



**गिद्धौर(चतरा)।** बुधवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने गिद्धौर पंचायत के 39 वृद्धों के आवदनों पर कार्रवाई करते हुए पेंशन की स्वीकृति दी। बीडीओ ने बताया कि शिविर में वृद्धा पेंशन को लेकर 46 आवेदन प्राप्त हुआ था। प्राप्त आवेदन का भौतिक सत्यापन सहित लाभुक के उम्र, आधार नम्बर, बैंक खाता संख्या का सत्यापन करने के बाद 39 योग्य लाभुकों को पेंशन की स्वीकृति दी गयी। साथ ही स्वीकृत वृद्धा पेंशन सूची जिले को भेज दी गयी है। मौके पर डॉ.सुदीप कुमार, पंचायत सचिव सुरेन्द्र सिन्हा, नाजीर रामदेव ठाकुर, महादेव दांगी, उपेंद्र दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

### वज्रपात की चपेट में आने से तीन मवेशियों की हुई मौत

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर में वर्षा के साथ वज्रपात के चपेट में आए तीन मवेशियों की मौत हो गई। मृत मवेशी गांगपुर गांव निवासी रोहणी देवी, मीणा देवी की गाय व उपेंद्र राम का बैल शामिल है। इस घटना से किसानों को लाखों का नुकसान हो गया। बताया गया कि मवेशी को चराने ले गये थे, तभी अचानक बारिस होने लगा और तीनो मवेशी बरगद पेंड के नीचे खड़े थे। इसी बीच पेंड के पास वज्रपात हो गया और तीनो मवेशियों की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। भुक्तभोगियों किसानों ने प्रखंड व जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### टंडवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा



**टंडवा (चतरा)।** बुधवार को टंडवा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ रंथु महतो व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने किया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न अनुज्ञप्ति धारकों से प्राप्त पूजा पंडालों की सूची का अवलोकन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। 5 अक्टूबर को मेला व रावण दहन कार्यक्रम में कुछ सावधानियों को बरतने का निर्देश पूजा समिति को दिया गया। वहीं बताया गया कि पुलिस की पैनी नजर भीड़-भाड वाले स्थलों एवं हुड़दंगियों पर रहेगी। बीडीओ व सीओ विजय दास ने प्रखंड क्षेत्र के लोगों से नवरात्र उत्सव सादगी व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। मौके पर सपुनि बिनोद तिवारी, रामलखन साहू, झमन प्रसाद, रौशन अंसारी, अमानत अंसारी, मोइन अंसारी, सबिदा खातुन, महेश वर्मा समेत दोनों समुदाय के अनेकों लोग मौजूद थे।

---

#### जिला स्तरीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन, बोले उपायुक्त

## बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार लेना जरूरी



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** समाज कल्याण विभाग द्वारा पोषण अभियान अन्तर्गत जिला स्तरीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में बुधवार को किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अबु इमरान को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमनी कुमारी द्वारा पुष्प गुच्छ एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत पोषण माह कार्यक्रम के समापन को लेकर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, उपायुक्त, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, सदर एसडीओ व श्रम मंत्री के प्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलीत कर किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि बच्चों में कुपोषण, गर्भवती महिलाओं तथा किशोरियों की मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से पूरे सितम्बर माह पोषण अभियान अन्तर्गत पोषण जागरूकता अभियान सम्पूर्ण जिले में चलाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया। उन्होने बताया कि संतुलित आहार से बड़ा कोई आहार नहीं है। संतुलित आहार के सेवन करने से ही व्यक्ति स्वस्थ्य रहता है। साथ ही उपायुक्त ने सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का भी ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करने को कहा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस अभियान की शुरूआत गत 08 मार्च 2018 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समग्र पोषण अभियान के उद्देश्य से राष्ट्रीय पोषण मिशन की शुरूआत की गई थी। इसके तहत 0-6 वर्ष के बच्चें, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों के पोषण संबंधी परिणामों में आवश्यक एवं अपेक्षित सुधार करने का कार्य किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं की गोद भराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न परियोजनाओं द्वारा पोषण से संबंधित जागरुक्ता स्टॉल लगाया गया था। जिसमें बाल विकास परियोजना चतरा ग्रामीण, टंडवा एवं इटखोरी को क्रमषः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। वहीं पोषण हेतु आहूत फैंसी प्रदर्शण में नम्दनी कुमारी, प्रगती कुमारी एवं मीरा कुमारी को क्रमषः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में उत्कृष्ट कार्य हेतु उर्मिला देवी, सरस्वती देवी एवं प्रियंका भारती को प्रशस्ति पत्र सौंपा गया। वहीं अनिल कुमार सहायक, जिला समाज कल्याण कार्यालय को कार्यालय कार्य निष्पादन में सत्यनिष्ठा एवं जिम्मेदारी पूर्वक निर्वह्न करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकी मनीषा गुप्ता, महिला पर्यवेक्षिका को पोषण ट्रैकर एप पर सक्रिय योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में सभी सीडीपीओ, प्रयवेक्षीका, सेविका, सहायिका समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय बैठक में मालहन मुखिया ने हाई स्कूल निर्माण कराने की मांग की



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** जिला शिक्षा परियोजना द्वारा बुधवार को लातेहार टाउन हॉल में जिले के सभी मुखियाओ का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। बैठक में कई पंचायतों के मुखियागन मौजूद थे। कार्यक्रम में चंदवा के भी कई मुखिया मौजूद थे। बैठक में माल्हन मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने मालहन पंचायत में शिक्षा से जुड़ी समस्याओं पर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि पंचायत में हाई स्कूल के निर्माण बेहद जरूरी है। श्री मुंडा ने गनियारी स्कूल में कक्षा भवन का निर्माण समेत जामिरा पंचायत स्थित जस्टिस एलपीएन शाहदेव स्कूल में कक्षा भवन का निर्माण नहीं होने से बचों को हो रही परेशानी को देखते हुए कमरा निर्माण कराने की मांग की है। श्री मुंडा ने कहा कि मालहन पंचायत भौगोलिक क्षेत्र से पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। बड़ा पंचायत होते हुए भी यहां हाई स्कूल नही है जिसकी वजह से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए दस से पन्द्रह किमी की दूरी तय करनी पड़ती है कुछ विद्यार्थी तो प्राथमिक शिक्षा ग्रहण के बाद पढ़ाई भी छोड़ दे रहे हैं। श्री मुंडा ने अधिकारियों से मालहन में शिक्षा से जुड़ी समस्याओं पर विचार करने का आग्रह किया है। मौके पर जिला शिक्षा विभाग जुड़े अधिकारीयो समेत चंदवा बीइओ भी मौजूद थे।

## अवैध देशी हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, भेजे गये जेल



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर समाहररणालय के समीप शेरे पंजाब होटल के पास दो व्यक्ति को पुलिस टीम ने अवैध देशी रिवॉलवर के साथ गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। उक्त कार्रवाई एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने किया। एसडीपीओ ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सूचना पर त्वरीत कार्रवाई करते हुए गठित टीम ने शेरे पंजाब होटल के पास से राहुल कुमार पिता अजित राम व आदित्य यादव पिता विष्णु यादव दोनो ग्राम होन्हे, थाना टंडवा को अवैध देशी रिवॉलवर के साथ गिरफ्तार किया। दोनो के पास से एक देशी रिवॉलवर, दो स्क्रीन टच मोबाइल, एक काले रंग की पल्सर मोटरसाईकिल जेएस 01बीसी 7565 जप्त किया गया। छापामारी दल में सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, एसआई कौशल कुमार सिंह, एएसआई शशिकांत ठाकुर, रामापति कुम्हार व अन्य शामिल थे।

#### विधिक जागरूकता महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

## महिलाओं को कानूनी पहलुओं की दी जानकारी




नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/मयूरहंड।** बुधवार को राष्ट्रीय महिला आयोग, नालसा एवं झालसा के तत्वाधान में तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा बाजपेई द्वारा मयूरहंड प्रखंड के हुसियां पंचायत भवन में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 30 शिक्षिकाएं, 15 सहायिका, 10 सेविका, 5 सुपरवाइजर सम्मिलित हुई। सचिव ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1979 में बीजिंग में हुए इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन द एलिमिनेशन ऑफ ऑल फॉर्म ऑफ डिस्क्रिमिनेशन अगेंस्ट ओमेन में भारत सरकार ने भी हस्ताक्षर कर अपनाया तथा कार्य स्थल पर महिलाओं के समान अधिकारों को जगह दी तथा घोषणा की की महिलाएं यौन उत्पीड़न का शिकार नहीं होनी चाहिए। आगे बताया कि यौन उत्पीड़न के कारण महिला के संविधान में निहित समानता के अधिकार धारा 14, 15 व जीवन की रक्षा व सम्मान के लिए अधिकार धारा 21 व व्यवसाय की आजादी के लिए तथा कार्यस्थल पर पर कार्य करने में बाधा को रोकने के लिए यह कानून है। वहीं अधिवक्ता इंदु भूषण ने महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 और डायन प्रथा से संबंधित कानून के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिवक्ता राजू श्रीवास्तव, पीएलभी प्रभु कुमार यादव, दयानंद शर्मा, मोजाहिर हुसैन व सुपरवाइजर संध्या कुमारी ने अहम भूमिका निभाई।

### जिला समन्वय व निगरानी समिति के सदस्य बने मुखिया मंजीत सिंह

**मयूरहंड(चतरा)।** सांसद सुनिल सिंह ने मयूरहंड प्रखंड के मंझगावां मुखिया मंजित सिंह को जिला समन्वय एवं निगरानी समिति का सदस्य मनोनीत किया है। संबंधित पत्र सांसद ने उपायुक्त को प्रेषित किया है। मुखिया श्री सिंह सांसद के अध्यक्षता में अगामी 30 सितंबर को होने वाले दिशा के बैठक में बतौर सदस्य शामिल होंगें। बैठक में शामिल होने के लिए उपायुक्त ने मुखिया को पत्र प्रेषित किया है। मुखिया श्री सिंह को दिशा के सदस्य बनाये जाने पर क्षेत्र के लोगों ने सांसद श्री सिंह को साधुवाद दिया। ज्ञात हो कि मुखिया श्री सिंह युवा होने के साथ जनता की समस्याओं के निदान के लिए ऊजार्वान भी हैं। वहीं दिशा के सदस्य बनाए जाने पर कदगांवाकला मुखिया अशोक कुमार, पंदनी मुखिया अजय कुमार भुईयां, करमा मुखिया रामनाथ यादव समेत मुखिया संघ के अध्यक्ष व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

## ट्रेन ठहराव व उकामाड़ व मंगरा में अंडर पास की मांग को लेकर 2 अक्तूबर को होगा अनशन: कन्हाई



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उकामाड़ पंचायत सचिवालय में रेलवे से जुड़ी जनसमस्याओं और ट्रेन ठहराव के मुद्दे को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीणों द्वारा छिपादोहर बरवाडीह रेलवे स्टेशन उकामाड़ बस्ती के पास रेल फाटक या अंडर पास न होने के कारण लगातार होने वाले हादसों पर चिंता जाहिर करते हुए आंदोलन करने पर चर्चा की गई। जहां सभी ने सर्वसम्मति से किसी भी तरह के आंदोलन में समर्थन करने की बात कही।

#### सांसद को जनता के कार्यों से कोई सरोकार नहीं

जीप सदस्य कन्हाई सिंह ने उकामाड़ के साथ-साथ मंगरा में अंडर पास बनाने और पूर्व की तरह बरवाडीह औ छिपादोहर रेलवे स्टेशन में ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर आगामी 2 अक्टूबर को अनशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह को क्षेत्र की जनता से कोई सरोकार नहीं है तभी तो राज्य के दूसरे सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्व की तरह यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने का काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी और हमारे सांसद जनता के बीच से दूरी बनाकर क्षेत्र के समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रखना चाहते जिसका जीता जागता उदाहरण है। बरवाडीह और छिपादोहर में पूर्व की तरह कई ट्रेनों का ठहराव नहीं हो रहा है, जिसके खिलाफ अब क्षेत्र की जनता आंदोलन करने जा रही हैं। जिसकी पूरी जवाबदेही क्षेत्र के लापता सांसद की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उकामाड़ और मंगरा में आए दिन रेल फाटक या अंडरपास नहीं होने के कारण रेल दुर्घटना का शिकार स्थानीय लोगों को होना पड़ता है। जिसके बाद भी हमारे क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि पर इसका कोई असर नहीं होता है। जिसके खिलाफ भी अब उग्र आंदोलन होगा। बैठक में काफी संख्या में पुरुष महिला ग्रामीण शामिल थे।

## जैप कैम्प के सीआईटी में कार्यरत युवक का सतनदिया नदी में मिला शव

#### हत्या की आशंका जता रहे हैं मृतक के परिजन



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार/गारू।** छिपादोहर थाना क्षेत्र के सातनदिया नदी से बुधवार को एक युवक का शव बरामद किया गया है। तेज धार में बहने से युवक की मौत होने की आशंका जताई गई है।

मृतक की पहचान अविनाश शंकर उर्फ अनूप कुमार के पिता स्वर्गीय लाल बिहारी महतो पलामू पड़वा थाना छेछवरी गांव के रुप में की गई है।

जानकारी के अनुसार अविनाश सोमवार को छुट्टी लेकर वापस गांव जा रहा था। इसी बीच गारू और हरातू के बीच से लापता बताया जा रहा था। परिजनों को काफी खोजबीन के बाद बुधवार को नदी से अविनाश का शव मिला।

परिजनों को शव मिलते ही पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस को सूचना मिलते ही एसपी अंजनी अंजन घटना स्थल के लिए रवाना होने की सूचना है।

मौके पर मृतक के भाई जितेंद्र कुमार उर्फ बबलू, चचेरा भाई अजित महतो पहुंचे। मृतक अविनाश के परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।

### महिला की लकड़ी से पीट-पीटकर की हत्या

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र के क्षहुरमुंडा टोली में 68 वर्षीय महिला फुलमनिया असुर पति छन्दू असुर थाना नेतरहाट को रति असुर ने लकड़ी के फाड़ा से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नेतरहाट थाना प्रभारी दिवाकर दुबे ने बताया कि फुलमनिया असुर के द्वारा रति असुर को गाली गलौज किया जा रहा था जिसे लेकर रति असुर के द्वारा लकड़ी के पाड़ा से उसके माथे पर 5, 7 बार वार किया गया जिससे उसका माथा बुरी तरह से फट गया और खून बहने लगा काफी खून बह जाने के कारण उसकी मृत्यु होगी। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया गया। और अभियुक्त रति असुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। ज्ञात हो कि मृतिका फुलमनिया असुर रति असुर का संबंधी है रिश्ते में वह रति असुर का बड़ी मां लगती है।

#### बनहरदी गांव में आदिवासियों का महाजुटान, पांचवी अनुसूची क्षेत्र को लेकर हुई चर्चा

## बनहरदी कोल ब्लॉक का ग्रामीण ने किया विरोध



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बनहरदी गांव में आदिवासी समुदाय के द्वारा परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में नही पहुंचे एक भी अधिकारी। कार्यक्रम में पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के तहत की गई चर्चा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पांच पड़हा बेल बीरेंद्र उरांव ने की जबकि संचालन महेश्वर भगत व चन्द्रदेव उरांव कर रहे थे। बनहरदी गांव में बुधवार को पांचवी अनुसूची क्षेत्र का हवाला देते हुए परिचिर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले व प्रखंड के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया था लेकिन चर्चा में एक भी अधिकारी नहीं पहुंचे जिसको लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की। परिचर्चा के दौरान मंच पर मौजूद वक्ताओं ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त पांचवी अनुसूची आदिवासियों के लिए विशेष क्षेत्र घोषित करता है, इसके तहत आदिवासियों की अपनी शासन व्यवस्था होती है। इस क्षेत्र में आदिवासी अपना शासन-प्रशासन एवम नियंत्रण खुद नियंत्रित करते हैं। आदिवासी रूढ़ि प्रथा के तहत संचालित होते हैं। मौके पर मौजूद खुखरा परगना की झारखंड प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की महासचिव रायमुनि उरांव ने कहा कि यह क्षेत्र आदिवासियों का क्षेत्र है। इस क्षेत्र में संविधान की अनुछेद 13(3) के तहत रूढ़ि प्रथा विद्यवान विधि की व्यवस्था है। इसी व्यवस्था के तहत आदिवासी समुदाय अपना शासन प्रशासन नियंत्रित करते हैं इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के कार्य के लिए ग्राम सभा की अनुमति लेना अनिवार्य होता है।

बहादुर टाना भगत ने कहा कि हम लोग घोर संकट में फंसे हुए हैं। बारी और बनहरदी क्षेत्र में संविधान की धारा उल्लेखीत बोर्ड गाड़ा गया है। जिसपर प्रशासन ने आपत्ति जताते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की बैठक कराकर हटाने की बात कही गई है। जिसको लेकर ही परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया लेकिन कोई भी अधिकारी कार्यक्रम में नही पहुंचे, जिसकी वजह से लोगों में खासी नराजगी है। गौरतलब हो कि चंदवा प्रखंड के बारी व बनहरदी क्षेत्र में एनटीपीसी को कोल ब्लॉक का आवंटन हुआ है। कोल ब्लॉक को लेकर ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं बीते दिनों स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पांचवीं अनुसूची क्षेत्र का हवाला देते हुए क्षेत्र में बाहरी व्यक्ति के प्रवेश, भ्रमण आदि से संबंधित बोर्ड लगाया गया है जिसको लेकर जिला व प्रखंड प्रशासन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रास्ता निकालने का प्रयास कर रही है। गांव में बोर्ड लगाने के बाद से एनटीपीसी के सभी कार्य प्रभावित हो गए है। परिचर्चा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत दिन बुधवार को महुआडांड़ स्वास्थ्य केंद्र में जिला स्वास्थ समिति लातेहार के द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में काफी उत्साह के साथ लोगो ने ब्लड डोनेट किया गया।वही कार्यक्रम की शुरूवात एसडीओ नित निखिल सुरीन ने ब्लड डोनेट कर किया गया। वहीं महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन कार्यपालक दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार, एसआई एमडी जफर, रत्न टुडू, राकेश कुमार हिन्दुस्तान के पत्रकार देवनिस लिली मुंजनी पत्रकार शहजाद आलम, अशरफ अली, अनूप कुमार, शशि कुमार समेत 30 लोगों ने रक्तदान किया। वही अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि ब्लड डोनेट करना जरूरी है। रक्त दान महादान होता है। आपकी ब्लड दान करने से किसी की जिंदगी बचेगी। वही हिन्दुस्तान के पत्रकार देवनिस लिली मूंजनी व पत्रकार शहजाद आलम ने कहा कि रक्त दान से किसी तरह की कमजोरी नहीं होती है रक्त दान अपने जीवन में हमेशा करना चाहिए। मौके पर शिक्षा प्रभारी डॉ अमित खलखो, डॉक्टर देवदास केसरी, एमपीडब्ल्यू संजीव कुमार, संतोष चौबे, समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में कोलेबिरा पुलिस ने तीन आरोपी को भेजा जेल



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया आरोपियों की पहचान ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लतापानी निवासी अवकाश टेटे, अमन डुंगडुंग और बांसबहाल निवासी रोहित कुल्लू के रूप में हुई कोलेबिरा पुलिस ने बीरू स्थित फुलवाटांगर, पुलिस कैंप के पास से गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी पीड़िता के गांव कोलेबिरा आए हुए थे पुलिस के आने की सूचना मिलते ही भागने लगे तभी पुलिस ने तीनों आरोपियों को पीछा कर पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जून को कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 वर्षीय बच्ची के साथ तीन आरोपी ने दुष्कर्म किया था। इस संबंध में पीड़िता ने बताया की उसके साथ दुष्कर्म के बाद तीनो लड़कों के द्वारा किसी को इस संबंध में जानकारी नही देने की धमकी दिया गया था। जिसके डर से वह किसी को घटना की जानकारी नहीं दी, जिसके कुछ दिनों के बाद पेट दर्द की शिकायत होने पर परिजन अस्पताल ले गए तभी पता चला कि वह गर्भवती है। जिसके बाद पीड़िता की मां ने कोलेबिरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। मामले पर थाना प्रभारी रामेश्वर भगत ने संज्ञान लेते हुए कांड संख्या 58/22 के तहत मामला दर्ज करते हुए लगातार आरोपियों की तलाश में छापामारी कर महज 24 घंटे के अंदर तीनों आरोपियों को गिरफ्तारी कर लिया। जिकसे बाद धारा 376ऊ्/34 भादवी 4/6/8 पोक्सो एक्ट दर्ज करते हुए सभी आरोपी को जेल भेज दिया।

### पेड़ से गिरकर युवक घायल, बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा रेफर

**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के गड़ीयाजोर के नावाटोली में एक युवक पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान अभिषेक मिंज पिता एरमियां मिंज 25 बर्ष के रूप में हुई ।घटना के संबन्ध में परिजनो ने बताया कि अभिषेक गाँव से दूर बरगद के पेड़ पर चढ़ा था जहां पैर फिसलने कारण पेड़ से गीर पड़ा जिससे घायल हो गया। घायल युवक को 108 एम्बुलेस से कुरडेग सीएचसी लाया गया। जहां डॉ० दीलीप कुमार ने प्राथमिक उपचार किया घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा लाने के बाद घायल की इलाज चल रही है।

### बानो थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**बानो।** बानो थाना परिसर में बुधवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने कहा दुर्गा पूजा में शान्ति व्यवस्था बनाये रखे पूजा में कोई दिक्कत नही होनी चाहिए भक्ति भाव से शांति से पूजा करे किसी तरह के अफवाह पर ध्यान न दे कोई घटना हो तो उसकी जानकारी दुरन्त प्रशासन को दे। शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई वही 6 अक्टूबर को विसर्जन होने के बारे में चर्चा की गई। मौके पर जिला परिषद सदस्य बिरजो कण्डुलना, बीडीओ यादव बैठा, सीओ स्मृति कुमारी, एसआई देव कुमार, एसआई रूपकमल लकड़ा, मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, सन्तोष साहू, डॉ संजय कुमार रवि, महेश सिंह, मो साबिर,दुति उरांव, मो फैज आदि लोग उपस्थित थे।

### बीएस कॉलेज में सीट बढ़ाने की मांग वीसी को एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय में यूजी कला संकाय सत्र 2022–25 में नामांकन के लिए कम और सीमित होने के कारण कई गरीब विद्यार्थी नामांकन से वंचित रह गए हैं। इसकी सूचना देते हुए एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष विनय उरांव ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एस.के.पी गुप्ता से मिला और सीटों की कमी से विद्यार्थियों में परेशानी के मामला से अवगत कराया था। लेकिन उस पर कोई कोई भी त्वरित कार्रवाई नहीं हुई थी। इसलिए एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष विनय उरांव ने इस पर पुनः आवेदन बनाकर रांची विश्वविद्यालय रांची के वीसी डॉ. अजीत कुमार सिन्हा से मिले। उन्हें बी. एस. कॉलेज में विद्यार्थियों के साथ नामांकन को लेकर हो रहे समस्या से अवगत कराया और ज्ञापन सौंपा। मौके पर वीसी ने आश्वस्त कराया और कहा इस मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्यार्थियों के हित में फैसला लिया जाएगा और सभी विषयों में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी। इसकी सूचना बहुत जल्द महाविद्यालय के माध्यम से सूचित कर दी जाएगी। मौके पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विनय उरांव ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करना सभी विद्यार्थियों का मौलिक अधिकार है। इस अधिकार से किसी भी विद्यार्थियों को भी वंचित नहीं किया जा सकता है। मौके पर एनएसयूआई के महासचिव हरि भगत, एनएसयूआई के सदस्य चंद्रकांता पन्ना और कुंदन साहू उपस्थित थे।

---

दुर्गापूजा को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की हुई बैठक, पूजा पंडालों में महिला पुलिसकर्मी होंगी तैनात

# अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का संदेश देता है दुर्गा पूजा : डीसी

- युवाओं को सोशल मीडिया के दुरूपयोग से बचाएं : पुलिस अधीक्षक
- पूजा समितियां अपने वॉलेंटियर्स में महिलाओं को भी शामिल करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम दुर्गा पूजा समितियों द्वारा प्रखण्डों में आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा, निर्मित पण्डाल, रावण दहन व जागरण का आयोजन, अंजुमन इस्लामिया की ओर से ईद-मिलाद-उन-नबी के दौरान निकलने वाले जुलूस आदि की जानकारी दी गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों व थाना प्रभारियों की ओर से प्रखंड स्तरीय शांति समिति के आयोजित बैठक की जानकारी दी गई। बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने दुगार्पूजा एवं ईद मिलाद उन नबी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारत देश का ऐसा संस्कृति है कि यहां सभी धर्मों के लोग एक साथ प्यार से रहते हैं। कृषि कैलेंडर के हिसाब से रोपनी के बाद सभी धर्मों के त्योहार आते हैं। दशहरा मौर्य शासकों के काल से इस देश में दुर्गोत्सव मनाये जाने का प्रमाण मिलता है। श्रीलंका और इंडोनेशिया में भी दुर्गा पूजा बड़े धूमधाम से मनायी जाती है। दुर्गा पूजा अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का संदेश देता है। देवी मां इसी संदेश का प्रतीक है। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि समाजिक संगठनों के लोग आज के किशोरों/युवाओं को सोशल मीडिया के दुरूपयोग से बचाएं। सोशल मीडिया का एक गलत इस्तेमाल कई चीजों को प्रभावित करती हैं। उनका कॅरियर भी खराब होता है। आज युवा सद्भावना मंच प्रखण्डों में गठित है जिसमें युवाओं को नियमित रूप से जोड़ा जा रहा है। शांति समिति के लोग भी इससे जुड़ें। सभी थानों को पूर्व में जो भी निदेश डीजे, वॉलेंटियर्स, जुलूस, सीसीटीवी आदि के बारे दिये गये हैं, उनका सख्ती के साथ पालन करें। इस बार विधि-व्यवस्था में स्काउट एवं गाईड को भी शामिल किया गया है। पूजा पंडालों में महिला पुलिसकर्मी तैनात होंगी। पूजा समितियां अपने वॉलेंटियर्स में महिलाओं को भी शामिल करें।

### युवा सद्भावना मंच का उद्देश्य एक-दूसरे से प्रेम की भावना बढ़ाना

उपायुक्त ने कहा कि प्रखंडों में युवा सद्भावना मंच का गठन किया गया है। पंचायतों में लगातार युवा सद्भावना मंच की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य विभिन्न समुदायों के बीच प्रेमभाव बढ़ाना है। अभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी द्वारा इस दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। पंचायतों में स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का आयोजन लगातार हो रहे हैं। जिसका सकारात्मक प्रभाव दिख रहे हैं।

### सभी प्रखंडों में शुरू होगा पुस्तकालय, नदिया में खेल सेंटर

अभी तीन प्रखंडों में पुस्तकालय और एक जिला स्तरीय पुस्तकालय खोले जाने की तैयारी चल रही है। इसके बाद सभी प्रखंडों में पुस्तकालय प्रारंभ किया जायेगा। युवाओं को पढ़ाई-लिखाई की संस्कृति से जोड़ना है। अगर किसी भी समुदाय के लोग इस तरह के पुस्तकालय की शुरूआत के लिए आगे आना चाहते हैं तो जिला प्रशासन इसमें सहयोग करेगी। इसी प्रकार युवाओं में खेल के विकास के लिए नदिया में खेल सेंटर शुरू किया जायेगा। आर्मी और पुलिस में नौकरी के इच्छुक युवाओं के लिए बीएस कॉलेज, लोहरदगा में प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा। सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसी तरह कंप्यूटर प्रशिक्षण भी युवाओं के लिए प्रारंभ किया जायेगा। इसके लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है। विज्ञान भवन, लोहरदगा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जिला प्रशासन के पदाधिकारियों द्वारा करायी जा रही है। ये सभी चीजें पूरी तरह निःशुल्क है। एससीए से जिला के 40 बच्चों को रांची जिला में ऑटोमोबाइल का प्रशिक्षण देने के लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि जिला के किशोर-किशारियों को पढ़ाई-लिखाई, खेल या अन्य कोई रूचि से जोड़ने की आवश्यकता है।

पंडालों में उचित विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके लिए जेनरेटर की व्यवस्था अलग से करें। बच्चों को गुमशुदगी से बचाने के लिए बच्चों के अभिभावक उनकी जेब में उनका परिचय व पता, जरूरी फोन नंबर अवश्य डाल दें ताकि पुलिस को उस परिस्थिति में आसानी हो। पूजा पंडालों में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम रखें। आपदा की स्थिति से निबटने के लिए फायर डिपार्टमेंट भी पूरी तरह मुस्तैद रहे। लोहरदगा जिला में कई अच्छे कार्य हो रहे हैं। लोहरदगा जिला अब विकास की ओर देख रहा है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीएन सिंह, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य,दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष/सचिव, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष/सचिव आदि उपस्थित थे।

---

## बानो पुलिस ने हथियार के बल पर ट्रक लुटने वाले तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए हथियार के बल पर ट्रक लूटने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया ।जानकारी के अनुसार बानो थाना क्षेत के पाड़ो सोडे घाट कोलेबिरा मनोहरपुर मुख्य सड़क पर कोयल लाईन होटल के पास एक बारह चक्का ट्रक डऊ 14ऋ 7860 में लदे 24 टन लोहे का स्क्रैप प्लेट अज्ञात अपराधकमीर्यों द्वारा हथियार के बल पर लूट लिया गया था। घटना के दुसरे दिन ट्रक ड्राईवर निसार अहमद ने बानो थाना में मामला दर्ज करवाया। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए डोडराय के नेतृत्व में टीम बनाई गई। घटना की गंभीरता को देखते हुये टीम में शामिल थाना प्रभारी बानो एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों तथा कमीर्यो के द्वारा अपने आसूचना तंत्र एवं तकनिकी अनुसंधान के जरीए कड़ी मेहनत एवं पुरे लगन के साथ बहुत ही कम समय में मामले का उद्भेदन करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया साथ ही घटना मे लूटे गये ट्रक को बिहार के नवादा जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से एवं ट्रक पर लदे 24 टन लोहे का स्क्रैप प्लेट प बंगाल के जमशेदपुर कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग 06 से झारग्राम थाना क्षेत्र से स्थानीय पुलिस की मदद से बरामद किया साथ हीं पुलिस ने इस घटना को अंजाम देने वाले शातिर अपराधकमीर्यों में से अफरोज अंसारी, हसन अंसारी और किताबुल खान को गिरफ्तार किया है। घटना के शेष अभियुक्तो के गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे भी अनुसंधान चल रही। हांलकी सिमडेगा पुलिस पुलिस की यह बहुत बड़ी उपलब्धि रही क्योंकि अलग-अलग जगहों पर पुलिस के द्वारा कड़ी जोड़ जोड़ कर ट्रक अपराधी एवं सामानों को पूरी तरह से बरामद करने में सफलता हासिल की है।

---

चोरों के पास से चोरी की बाइक, सोने-चांदी के जेवर, औजार, मोबाइल आदि हुए बरामद

## पुलिस ने चोर गिरोह का उद्भेदन करते हुए चार अपराधियों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से चार चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। गिरफ्तार किए गए चोरो का शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बीते दिनों हुए चोरी की घटनाओं में इनकी संलिप्तता रही है। पुलिस गिरफ्त में चोर गिरोह का सरगना सदर थाना क्षेत्र के पावर गंज बड़ा पोस्ट ऑफिस के पीछे के बस्ती निवासी ऐनुल अंसारी व गिरोह द्वारा लूटे गए जेवरात की अवैधानिक रूप से खरीदगी करने वाले बलदेव साहू कॉलेज रोड स्थित जय मां ज्वेलर्स का मालिक बरवा टोली निवासी विनोद कुमार उर्फ गुड्डू भी पुलिस गिरफ्त में आया है। इसके अलावा ब्रह्मांडीहा लोहरदगा दुपट्टा चौक निवासी मालदेव राव का 28 वर्षीय पुत्र कार्तिक उरांव, बगरू थाना के वेट हट जिला टोली निवासी सुमन उरांव का 21 वर्षीय पुत्र राजा उरांव को गिरफ्तार किया है। उक्त सभी अपराधियों का पूर्व का अपराधिक इतिहास भी रहा है। इस संदर्भ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ट नारायण सिंह ने बुधवार को सदर थाना में पत्रकारों को बताया कि शहरी क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटना को रोकने के उद्देश्य से एसपी आर रामकुमार के निदेर्शानुसार छापामारी टीम का गठन किया गया था। छापामारी दल के द्वारा तकनीकी एवं गुप्तचर के सहयोग से उक्त सभी घटनाओं का उद्भेदन करते हुए चार अपराधियों को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों ने चोरी की विभिन्न घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। उनकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से कई सामान बरामद किया गया। अपराधियों के पास से अपाची मोटरसाइकिल जे0ए0 03 जे0 1486, एच०पी० लैपटाप - 01, सैमसंग कंपनी का की-पैड मोबाइल- 01, आई०टेल कंपनी का की-पैड मोबाइल-01, सैमसंग का एण्ड्रोयड मोबाइल-01, एक ड्रील मशीन कीट बॉक्स, एक निकोन कंपनी का कैमरा, चाँदी का चेन-01 पीस, सोने का चेन-01 पीस, पायल -03 जोड़ा, सोने की अंगुठी- 01 पीस, सोने का कानबाली-01 जोडा, सोने की नथुनी - 01, सोने का बेसर-02 पीस, चांदी का बिछिया-05 जोडा, चांदी की अंगुठी- 01 पीस, चांदी का विस्कीट -03 पीस, चांदी का सिक्का - 08 पीस, लोहा का सिक्का 01 पीस, महेन्द्र प्रसाद का आधार कार्ड पेचकस - 01 पीस, ताला तोडने वाला रड-01 आदि बरामद किया गया है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ट नारायण सिंह, थाना प्रभारी लोहरदगा अनिल उराँव, मो० अख्तर अली, पंकज कुमार शर्मा, शैलेन्द्र कुमार, सुजित कुमार, राजकुमार महतो, कुलदीप राम, टिनु साव, संतोष कुमार यादव, अपर्ना कुमारी, होलिका तिग्गा, सुकु सोरेन, हवलदार स्टेफन मिंज, विनोद शर्मा, निरज कुमार मिश्रा समेत अन्य शामिल थे।

---

## सांयपुर में युवक पर जानलेवा हमला मामले में दूसरे आरोपी को भेजा जेल, हथियार बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा पुलिस ने 21 अप्रैल कि रात को सांयपुर में एक युवक के ऊपर बंदूक से जानलेवा हमला करने मामले में शामिल दूसरा आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है युवक की पहचान श्रीकोंडेकेरा निवासी राजेश साहू उर्फ चुठु के रूप में हुई। हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रामेश्वर भगत कुमार ने बताया कि इस संबंध में सिमडेगा थाना 59/22 के तहत मामला दर्ज था। मिली जानकारी के अनुसार सांयपुर निवासी राजू साव उर्फ.धूंधा अपने किसी परिजन के घर जन्मदिन कार्यक्रम में पहुंचा था। इस दौरान घर के बाहर बैठा था इसी दौरान राजू



के अनुसार 4 लोग आए और उसके कनपटी पर पिस्तौल सटाया और मारने की कोशिश की इसी दौरान बीच-बचाव में गोली चली और उसके हाथ पर लगा जैसे ही गोली चलने की आवाज हुई उसके बाद अपराधी भाग खड़े हुए और आसपास के लोगों ने तत्काल उसके घायल अवस्था में इलाज हेतु सदर अस्पताल पहुंचाया गौरतलब हो राजू साव उर्फ धूंधा पूर्व में भी अपराधिक गतिविधि में शामिल होने के कारण जेल जा चुका है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि वाह शादी करने के बाद बहुत दिनों में ससुराल भर का शराब बेचता था उसके बाद दिल्ली भागकर गया था और दिल्ली से आने के बाद देसी कट्टा लेकर इधर-उधर घूमता रहता था वही बीती रात पुलिस ने हथियार सहित उसे 1:30 बजे गिरफ्तार कर लिया साथ ही उसके पास देसी कट्टा एवं पांच जिंदा गोली बरामद किया तथा चोरी किया हुआ मोटरसाइकिल बरामद कर ली। साथी बताया गया कि राजेश साहू अलग-अलग मामले में कई घटनाओं में शामिल रहा है।

---

## लोहरदगा में केदारनाथ धाम की तर्ज पर बन रहा महावीर चौक का पंडाल



- केदारनाथ मंदिर का स्वरूप बनाने में दिन रात लगे हुए है पूजा समिति के लोग
- 14 फीट की भव्य व आकर्षक होगी मां दुर्गा की प्रतिमा ठाकुरबाड़ी मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू हो गई है। इसको लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक से बढ़कर एक पंडालों का निर्माण कार्य भी लगभग पूरा होने को है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से बेहतरीन कारीगरों को बुलाया गया है जो भव्य पंडाल निर्माण और प्रतिमा निर्माण कार्य को पूरा करने में जुटे हुए हैं। इधर महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति पूजा पंडाल की कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इस वर्ष पूजा समिति द्वारा केदारनाथ धाम की अनुकृति बनाने का निर्णय लिया गया है। वहीं पूजा पंडाल की अनुकृति तैयार करने में जिले के प्रसिद्ध पंडाल निमार्ता अरुण प्रजापति व सत्यकेतु प्रजापति अपने टीम के साथ केदारनाथ का प्रारूप उकेरने में दिन- रात जुटे हुए हैं। इस वर्ष 14 फीट का भव्य व आकर्षक प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है। इस वर्ष प्रतिमाएं रथ पर आरूढ़ रहेंगी। 14 फिट का भव्य व आकर्षक प्रतिमा व केदारनाथ मंदिर आकर्षण का केंद्र होगा। भव्य पूजा पंडाल का निर्माण 30 गुणा 22 गुणा 55 फीट में कराया जा रहा है। केदारनाथ मंदिर की अनुकृति 55 फिट ऊंची होगी। महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति सदस्य अभिषेक अग्रवाल, उर्फ बंटी, मीडिया प्रभारी पत्रकार अमर गोस्वामी ने बताया कि समिति द्वारा खास तैयारी की जा रही है। पंडाल परिसर की सुरक्षा पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी। समिति के हर सदस्य इस बार दोगुनी उत्साह से पूजा को यादगार बनाने में जुटा हुआ है। कोविड काल के बाद इस वर्ष पूजा को ले सदस्यों में दोगुना उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष पूजा का भव्य पंडाल आकर्षण का केंद्र रहेगा। गौरतलब है कि महाबीर चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा सन 1966 से लगातार पंडाल निर्माण कर पूजा किया जाता रहा है। लोहरदगा महाबीर चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा ईस्ट गोला रोड में ही सड़क के बीचोबीच पंडाल स्थापित कर पूजा की जाती रही है। समिति द्वारा भव्य व आकर्षक प्रतिमा पूजा समिति की खासियत रही है। पूजा को भव्यता प्रदान करने के लिए इस वर्ष चार लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। पूजा को भव्यता प्रदान करने के लिए भव्य पूजा पंडाल, आकर्षक बिजली सज्जा, भव्य प्रतिमा के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। पूजा पंडाल की आंतरिक व बाह्य सज्जा भी आकर्षक होगी।

---

केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का भव्य हुआ उद्घाटन

# देश को कुपोषण से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है केंद्र सरकार : सुदर्शन भगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय परिसर, कुजरा, लोहरदगा में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर लोहरदगा के लोकप्रिय सांसद श्री सुदर्शन भगत मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए और उन्होंने प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन फीता काट कर किया। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण के पश्चात उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन समारोह की शुरूआत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मनीर उरांव, लोहरदगा सांसद प्रतिनिधि श्री चंद्रशेखर अग्रवाल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की प्राचार्या अमृता मिश्रा आश्रम विद्यालय किस्को




की प्राचार्या कनकलता कुमारी और केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान उपस्थित थी। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि लोहरदगा के सांसद श्री सुदर्शन भगत ने आजादी का अमृत महोत्सव के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा झारखंड के गुमनाम नायकों के बलिदान और योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह चित्र प्रदर्शनी सबके लिए जानकारीप्रद है। पोषण माह के अवसर पर चल रहे राष्ट्रीय पोषण अभियान के बारे में बताते हुए उन्होंने सभी से पौष्टिक भोजन खाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य झारखंड पौष्टिक व्यंजनों से भरपूर है, इसलिए हमें अपने राज्य के फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस चित्र प्रदर्शनी से आमजन पौष्टिक आहार एवं समुचित पोषण के बारे में भी जानकारी हासिल कर सकते हैं, ताकि प्रधानमंत्री मोदी का कुपोषण मुक्त भारत बनने का सपना साकार हो सके। उन्होंने योजनाओं के बेहतर संयोजन के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की सराहना की एवं आगे के कार्यक्रमों के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इससे पहले केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की कार्यालय प्रमुख श्रीमती महविश रहमान एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अमृता मिश्रा ने सभी का अंगवस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री मनीर उरांव ने कहा कि लोहरदगा सहित पूरे देश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं इसीलिए सभी लोग जनभागीदारी के साथ इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग प्रदर्शनी देखी और पोषण के बारे में जरूरी जानकारी प्राप्त करें। लोहरदगा के सांसद प्रतिनिधि श्री चंद्रशेखर अग्रवाल ने छात्राओं एवं उपस्थित जनता से अपील की कि सभी प्रदर्शनी का बारीकी से अवलोकन करें। साथ ही उन्होंने एक सफल छात्र बनने के लिए पांच गुणों का उल्लेख किया और कहा कि इन्हें आत्मसात करने के लिए स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है, इसीलिए सभी पौष्टिक आहार का सेवन करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायता के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की कार्यालय प्रमुख श्रीमती महविश रहमान ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के शिक्षक विक्की कुमार, शिक्षिका सुनीता कुमारी, नीलू कुमारी, प्रीति गुप्ता, मदन कुमार महतो, सत्यम सतलज, निर्भय कुमार, जिला समाज कल्याण विभाग के श्री गौतम और केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के अंजनी मिश्रा, अतुल्य रत्न तिर्की एवं संजय साहू की महती भूमिका रही।

**प्रतियोगिताओं से जागरूकता प्रसार :** इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला द्वारा जागरूकता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसके तहत राष्ट्रीय पोषण माह एवं आजादी का अमृत महोत्सव पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगोलियां एवं पेंटिंग बनाई गई। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली एवं पेंटिंग का अवलोकन सुदर्शन भगत ने किया और उन्हें काफी सराहा।

**प्रदर्शनी स्थल पर पोषण जागरूकता स्टॉल :** जिला समाज कल्याण विभाग, लोहरदगा के सहयोग से प्रदर्शनी स्थल पर पोषण जागरूकता स्टॉल लगाया गया, जिसमें झारखंड के स्थानीय व्यंजनों से किस प्रकार सुपोषण की पूर्ति हो सकती है, इसकी जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही झारखंड में चलाए जा रहे पोषण कार्यक्रमों की जानकारी प्रदर्शित की गई।

**गोद भराई एवं अन्नप्राशन का आयोजन :** प्रदर्शनी स्थल पर सांसद और अन्य अतिथि गणों द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण टोकरी दे कर गोद भराई की गई और साथ में शिशुओं को खीर खिला कर और तौलिया भेंट कर अन्नप्राशन का रस्म भी अदा किया गया।

**स्वतंत्रा सेनानी आजादी क्वेस्ट गेम से जुड़ी जानकारी प्रदर्शनी में शामिल :** दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश और झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी जानकारी को प्रदर्शित किया गया है। यहां आजादी क्वेस्ट गेम को डाउनलोड करने के तरीके एवं खेलने के बारे में भी जानकारी दी गई है जिसकी स्टैंडी प्रदर्शन में लगाई गई है। हिंदी पखवाड़े से जुड़ी स्टडी का भी प्रदर्शन किया गया है।

## न्यूज गैलरी

### सीतारमण की शिकायतों का समय पर समाधान और रिफंड में तेजी लाने की अपील

नयी दिल्ली। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर विभाग से शिकायतों का समय पर समाधान करने के साथ ही रिफंड में तेजी लाने और रिर्टन का समय पर प्रोसेस करने की आज अपील की। सीतारमण ने आयकर विभाग के चयनित कर्मचारियों को वित्त मंत्री पुरस्कार से सम्मानित करने के अवसर पर यह अपील की। इस दौरान उन्होंने युवाओं को करों की महत्ता को समझाने और उनमें इसको लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयकर विभाग की डिजिटल कॉमिक पुस्तकों का विमोचन भी किया। मोटु पतलु नामक यह कॉमिक अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और गुजराती में है। इस मौके पर वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और वित्त राज्य मंत्री डा भगवत किशनराव कराड के साथ ही केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष नितिन गुप्ता भी मौजूद थे। श्रीमती सीतारमण ने आयकर विभाग की अब तक यात्रा पर बनी फिल्म का भी अनावरण किया।

### टोरेंट फार्मा करेगा 2,000 करोड़ रुपये में क्यूरेटियो हेल्थकेयर का अधिग्रहण

अहमदाबाद। टोरेंट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड 2,000 करोड़ रुपये में क्यूरेटियो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा। टोरेंट फार्मा ने एक बयान में कहा कि यह लेन-देन पूर्ववर्ती शर्तों के अधीन है और एक महीने के भीतर इसके पूरा होने की उम्मीद है। कंपनी के निदेशक अमन मेहता ने कहा,'क्यूरेटियो के साथ इस सौदे में प्रवेश करके हम उत्साहित हैं। टोरेंट का यह अधिग्रहण एक अलग पोर्टफोलियो के साथ त्वचाविज्ञान में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। क्यूरेटियो ने कॉस्मेटिक और बाल चिकित्सा त्वचाविज्ञान में उच्च बाजार हिस्सेदारी वाले ब्रांडों की एक सराहनीय श्रृंखला बनायी है जिसे हम अपने उत्पाद की पेशकश में जोड़ने के लिए तत्पर हैं।'

### वोडाफोन-आइडिय पर टावर कंपनियों का 10 हजार करोड़ बकाय, इंडस टावर कंपनी ने कहा-

# नहीं चुकाया तो टावर के इस्तेमाल पर लगेगी रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वोडाफोन आइडिया को कनेक्टिविटी को लेकर कई तरह की मुश्किलें खड़ी हो सकती है। दरअसल टावर सेवाएं देने वाली कंपनी इंडस टावर ने कड़े शब्दों में वोडाफोन आइडिया को चेतावनी दी है कि अगर कंपनी ने उसके बकाया बिल का जल्द भुगतान नहीं किया तो वो नवंबर से उनके टावर का इस्तेमाल करने से रोक सकता है। अगर ऐसा होता है तो वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों को नवंबर से कनेक्टिविटी नहीं मिल पाएगी, यानि मोबाइल कॉल से लेकर इंटरनेट तक की सेवाओं का वो इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। फिलहाल वोडाफोन पर टावर कंपनियों का 10 हजार करोड़ रुपये का बकाया है जिसमें से इंडस टावर का हिस्सा 7 हजार करोड़ रुपये का है। इंडस टावर ने कड़े शब्दों में वोडाफोन आइडिया से बकाया चुकाने को कहा है। दरअसल कंपनी की बोर्ड बैठक में बढ़ते हुए बकाया पर चिंता जताई गई थी और पता चला था कि इसमें सबसे बड़ा हिस्सा वोडाफोन आइडिया का है। जिसके बाद इंडस टावर ने वोडाफोन आइडिया को अक्टूबर तक पूरा बकाया चुकाने को कहा है। जून तिमाही नतीजों में इंडस टावर का मुनाफा 66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 477 करोड़ रुपये पर आ गया। वहीं कंपनी के मुताबिक उसे इस अवधि में करीब 6200 करोड़ रुपये मिलने थे लेकिन वो प्राप्त नहीं हुए जिससे उसका मुनाफा लुढ़का है। बढ़ते बकाये की वजह से इंडस टावर को 1200 करोड़ रुपये के प्रोविजन करने पड़े हैं जिससे कंपनी पर दबाव बढ़ गया है। जून तिमाही में वोडाफोन को कारोबारी गतिविधियों से जुड़े भुगतान बढ़कर करीब 15 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गए हैं। इसमें टावर फर्म्स को भुगतान, वेंडर और दूसरे सप्लायर्स को भुगतान शामिल हैं। कंपनी फिलहाल कर्ज और इक्विटी के जरिए 20 हजार करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश कर रही है लेकिन अभी तक वो इसमें सफल नहीं हुई है। जून के अंत तक वोडाफोन आइडिया पर कुल कर्ज 1.98 लाख करोड़ रुपये था। जिसमें से स्पेक्ट्रम से जुड़ा 1.16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज भी है।




> सेवाएं देने वाली इंडस टावर कंपनी के बकाये का हिस्सा 7 हजार करोड़ रुपये है। अग वह वह अक्टूबर तक नहीं देती है तो वोडाफोन आइडिया को इंडस कंपनी का टावर इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी जायेगी। टावर कंपनी ने सख्त चेतावनी दी है।

## पीबीएफआईए ने शुरू किया वनस्पति अधारित नवरात्र अभियान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** नवरात्र के अवसर पर प्लांट बेस्ड फूड्स इंडस्ट्री एसोसिएशन (पीबीएफआईए) ने ह्यप्लांट-बेस्ड फूड्स पर स्विच करें-नवरात्रि से शुभारम्भ अभियान की शुरूआत की। इस अभियान को 26 सितंबर से पांच अक्टूबर तक चलाया जाएगा। पीबीएफआईए ने एक बयान में कहा कि यह वनस्पति आधारित (प्लांट बेस्ड) अभियान वास्तविक होने के साथ ही डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम है जिसमें 20 लाख लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य है। इस अभियान में सिम्पोजियम, विशेषज्ञ वार्ता, शेफ प्रतियोगिता और प्लांट-बेस्ड क्लबों का गठन जैसी जमीनी गतिविधियों के लिए फूड टेक्नोलॉजी, होटल प्रबंधन, पोषण और कृषि पाठ्यक्रमों में मुख्य रूप से शामिल कई संस्थानों की भागीदारी है। इस अभियान में वनस्पति आधारित खाद्य क्षेत्र की अपार संभावनाओं के बारे में समझ में वृद्धि होगी जबकि युवा, उज्वल दिमागों को नवाचार करने और शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पीबीएफआईए के कार्यकारी निदेशक संजय सेठी ने कहा, नवरात्रि बुराई पर अच्छाई की जीत के बारे में है। हमारी संस्थान और इसके सदस्य अच्छाई की ताकत के लिए काम कर रहे हैं और हर घर में वनस्पति आधारित खाद्य को ले जा रहे हैं। मेरी सभी को नवरात्रि से शुभारम्भ अपनाने और अपनी वनस्पति आधारित यात्रा की शुभ शुरूआत करने के लिए आमंत्रित करता हूं।

## एसबीआई की पूर्व प्रमुख ने कहा, देश में इतने सरकारी बैंकों की जरूरत नहीं

नयी दिल्ली भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की पूर्व प्रमुख अरुंधति भट्टाचार्य का कहना है कि देश को कम लेकिन मजबूत सार्वजनिक बैंकों (पीएसबी) की जरूरत है और छोटे सरकारी बैंकों का निजीकरण या विलय किया जा सकता है। भट्टाचार्य ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के जरिये जिन लक्ष्यों को हासिल करने की उम्मीद है, वे वास्तव में सरकारी बैंकों को सक्षम करके प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव के सुझाव पर एक सवाल का जवाब देते हुए पीटीआई-भाषा से कहा, निजीकरण कभी भी सभी समस्याओं का हल नहीं रहा है। सुब्बाराव ने दरअसल सरकार को सभी सरकारी बैंकों के निजीकरण के लिए 10 साल की रूपरेखा तैयार करने का सुझाव दिया था। वहीं, भट्टाचार्य ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि हमें इतने सारे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की जरूरत है। सरकारी बैंकों की संख्या कम हो सकती है। सेल्सफोर्स इंडिया की चेयरपर्सन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी भट्टाचार्य ने कहा, कुछ सरकारी बैंकों का निजीकरण किया जा सकता है और सार्वजनिक क्षेत्र के मजबूत बैंक अभी भी बने रह सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने वर्ष 2020 में राष्ट्रीय स्तर के दस सरकारी बैंकों का चार बड़े सार्वजानिक क्षेत्र के बैंकों में विलय कर दिया था।

## देश का डाटा सेंटर उद्योग अगले ढाई वर्षों में हो सकता है दोगुना : रिपोर्ट

**हैदराबाद।** वित्तीय, मनोरंजन और खुदरा क्षेत्र में बढ़ते डेटा उपयोग और क्लाउड सेवा प्रदाताओं द्वारा उच्च प्रतिबद्धता भारतीय डेटा सेंटर (डीसी) उद्योग के विकास को बढ़ावा देगी जिससे 2024 तक 78 लाख वर्ग फुट रियल एस्टेट क्षेत्र की मांग बढ़ेगी। रियल एस्टेट और निवेश प्रबंधन की विशेषज्ञ वाली एक पेशेवर सेवा प्रदान करने वाली कंपनी जेएलएल ने डाटा सेंटर अपडेटः एच1 2022 में कहा कि मांग को पूरा करते हुए आगामी ढाई वर्षों में निवेश की 4.6 अरब डॉलर की जरुरत हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, डाटा सेंटर उद्योग की क्षमता आने वाले ढाई वर्षों में दोगुना होकर 1318 मेगावाट हो सकती है जो वर्तमान में 637 मेगावाट है। देश में मार्च 2022 तक प्रति व्यक्ति औसत मासिक डाटा उपयोग 15.8 जीबी रहा है जो इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में 12.3 जीबी थी।

## आरबीआई एमपीसी की समीक्षा बैठक शुरू, रेपो रेट बढ़ा तो महंगा होगा कर्ज



**नई दिल्ली/मुंबई (एजेंसी)।** देश व दुनिया में बढ़ती महंगाई के बीच अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक शुरू हो गई है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक के नतीजे 30 सितंबर को आएंगे। शक्तिकांत दास की अगुवाई में छह सदस्यीय एमपीसी सदस्यों की बैठक बुधवार शुरू हो चुकी है, जो 30 सितंबर तक चलेगी। इस बैठक के समाप्त होने के बाद आरबीआई गवर्नर 30 सितंबर को नीतिगत ब्याज दरों की घोषणा करेंगे। जानकारों का मनना है कि मौजूदा वैश्विक हालात के मद्देनजर एमपीसी की समीक्षा बैठक के बाद रेपो दर में 0.50 फीसदी का इजाफा हो सकता है। दरअसल ऐसा माना जा रहा है कि देश में खुदरा महंगाई दर बढ़ने, फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ इंग्लैंड के ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बाद इस बार भी आरबीआई नीतिगत दर में इजाफा कर सकता है। इससे पहले रिजर्व बैंक ने बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण पाने के लिए मई में 0.40 फीसदी, जून में 0.50 फीसदी और अगस्त में 0.50 फीसदी रेपो रेट बढ़ाया था। इस तरह चालू वित्त वर्ष में आरबीआई ने रेपो दर में मई से लेकर अबतक 1.40 फीसदी की बढ़ोतरी की है। फिलहाल रेपो रेट 5.40 फीसदी है।


## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

### आम डाक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुराने नगर परिषद, कार्यालय परिसर में पड़े हुए Scrap लोहा (टीना, चदरा सहित) का नीलामी हेतु दिनांक–10/10/2022 अपराह्न– 02:30 बजे खुला डाक आमंत्रित किया जाता है। डाक में भाग लेने हेतु इच्छुक डाकवक्ता आवेदन के साथ 50,000.00 (पचास हजार रूपये) का डीमाण्ड ड्राफ्ट (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के नाम से देय होगा) एवं एक पहचान पत्र (वोटर आईडी/आधार कार्ड) तथा चरित्र पमाण–पत्र (अंचल/जिला स्तर का) दिनांक–08/10/2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक कार्यालय में जमा करें। डाक हेतु विवरणी निम्नवत है:–

| क्र0 | सामग्री | न्यूनतम बोली प्रति कि0ग्रा0 में |
|---|---|---|
| 1 | लोहा (टीना, चदरा सहित) | 30 रू0 |

नियम एवं शर्ते निम्नवत् है:–
1. इच्छुक डाकवक्ता को डाक में न्यूनतम 50 (पचास) पैसे का बढ़त बोली लगाना अनिवार्य होगा।
2. उच्चतम डाकवक्ता को कार्यादेश प्राप्ति के 07 दिनों के अंदर सभी Scraps को नगर परिषद से ले जाना अनिवार्य होगा।
3. Scraps का वजन तथा Tranportation की संपूर्ण जिम्मेवारी उच्चतम डाकवक्ता की होगी।
4. वाहनो का इंजन Scraps के अर्न्तगत नहीं माना जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 278867 Lohardaga(22-23)#D



## जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
### (जिला भू-अर्जन शाखा)

### आदेश

लोहरदगा जिलान्तर्गत NH-143A पथ के बाईपास पथ परियोजना जो मौजा–हिरही से मौजा–सेन्हा Km 12+800 to Km 29+080 (Length 19.88 Km) हेतु भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रक्रियाधीन है। कुल 256.94 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। संबंधित मौजा–बक्सी, बुड़गामा, सहेदा, जोरी, बेटहठ के रैयतों के द्वारा मुआवजा की राशि में वृद्धि करने हेतु उपायुक्त महोदय को आवेदन दिया गया है।

इस संदर्भ में उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा त्रिसदस्यीय कमिटि का गठन कर मुआवजा की राशि में वृद्धि की संभावनाओं की तलाश करने का निदेश दिया गया।

समिति द्वारा इस संदर्भ में संबंधित रैयतो एवं कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, राँची के साथ बैठक किया गया। समिति द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि लोहरदगा जिलान्तर्गत NH-143A पथ के बाईपास पथ परियोजना जो मौजा–हिरही से मौजा–सेन्हा Km 12+800 to Km 29+080 (Length 19.88 Km) अधिग्रहण में भू–स्वामी के विवाद का निपटारा न्यायालय अपर समाहर्त्ता, लोहरदगा–सह–Arbitrator के माध्यम से करायी जा सकती है। विभागीय पत्रांक 1046/नि0रा0, दिनांक 30.12.2015 द्वारा अपर समाहर्त्ता को पंच (Arbitrator) नियुक्त किया गया है।

अतएव उक्त परिप्रेक्ष्य में लोहरदगा जिलान्तर्गत NH-143A पथ के बाईपास पथ परियोजना जो मौजा–हिरही से मौजा–सेन्हा Km 12+800 to Km 29+080 (Length 19.88 Km) अधिग्रहण में भू–स्वामी के मुआवजा भुगतान विवाद का निपटारा हेतु अपर समाहर्त्ता, लोहरदगा को Arbitrator नियुक्त किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागु होगा।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा।   अपर समाहर्त्ता, लोहरदगा।   उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO.278820 Lohardaga(22-23):D



## जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय, लातेहार

### कर प्रमादी वाहनों के वाहन स्वामियों को अद्यतन कर भुगतान हेतु आवश्यक सूचना

ज्ञापांक–749/जि0परि0   दिनांक–24.09.2022

एतद द्वारा निम्नांकित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार में निबंधित निम्न कर प्रमादी वाहनों का बकाया पथ कर एवं अतिरिक्त कर का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने नाम के सामने अंकित बकाया पथकर, अतिरिक्त कर एवं दण्ड की राशि का भुगतान एक पक्ष के अंदर ई–पेमेंट के माध्यम से निश्चित रूप से जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा झारखण्ड मोटरवाहन करारोपन (संशोधित) अधिनियम 2011 की धारा–21(क), 22(3) के तहत जब्ती एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

| Sl. No. | Vehicle No. | Vehicle category | Owner Name | Father's Name | Owner's Name and Address | Tax Cleared Upto |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH19A-9996 | Excavator | SURENDRA YADAV | SOMAR YADAV | AT-GERENJA BHAISADON, PS-BALUMATH, DIST-LATEHAR, 829202 | 13.05.2022 |
| 2 | JH19B-0857 | Excavator | BHIM PRASAD | GHURA SAW | AT-HENDEHAS, PS-BARWADIH, DIST-LATEHAR, 822111 | 29.03.2019 |
| 3 | JH19B-0933 | Excavator | KAMLESH YADAV | ESHWARI PRASAD YADAV | AT-SERANDAG, PS-HERHANJ, DIST-LATEHAR,829202 | 27.02.2019 |
| 4 | JH19B-1298 | Excavator | DHARMENDRA GANJHU | JAYNATH GANJHU | AT-AMARWADIH, PO-GANESHPUR, PHULBASIYA, PS-BALUMATH, DIST-LATEHAR,829202 | 24.02.2019 |
| 5 | JH19B-1498 | Excavator | ROHIT YADAV | NANDU YADAV | AT-NINDRA, PS-CHANDWA, DIST-LATEHAR, 829208 | 22.12.2017 |
| 6 | JH19B-2339 | Excavator | M/S MANISH KUMAR SINGH | - | AT-AMBATOLI, PS-MAHUADAR, DIST-LATEHAR,822119 | 24.02.2018 |
| 7 | JH19B-2538 | Excavator | BRAHMDEO GANJHU | SAWAN GANJHU | AT-CHAYA, PS-HERHANJ, DIST-LATEHAR, 829202 | 01.03.2019 |
| 8 | JH19B-2745 | Excavator | RAJENDRA YADAV | MAHESH YADAV | AT-PINDARKOM, MARANGLOIYA, PS-BALUMATH, DIST-LATEHAR, 829202 | 05.02.2019 |
| 9 | JH19B-3776 | Excavator | MUKESH KUMAR MISTRY | LOKNATH MISTRY | AT-NAMUDAG, PS-MANIKA, DIST-LATEHAR | 29.03.2019 |
| 10 | JH19B-4396 | Excavator | ANAND KUMAR SINGH | GOKHUL SINGH | VILL-KOMAR, PO-JHABAR, PS-BALUMATH, LATEHAR, 829202 | 08.01.2019 |
| 11 | JH19B-6181 | Excavator | MD AISHAN KHAN | ENUL KHAN | VILL-KAMTA, PS-CHANDWA, DIST-LATEHAR, 829203 | 27.03.2019 |
| 12 | JH19B-6221 | Excavator | SUNIL YADAV | RAMKESH YADAV | AT-GANESHPUR, PS-LATEHAR, DIST-LATEHAR, 829202 | 19.08.2018 |
| 13 | JH19B-6272 | Excavator | SUNIL YADAV | RAMKESH YADAV | AT-GANESHPUR, PS-LATEHAR, DIST-LATEHAR, 829202 | 08.04.2019 |
| 14 | JH19B-6357 | Excavator | SAHEB ALAM | MD MURTUJA ALAM | AT-TILLAYA TAND, PO -CHANDWA, PS-CHANDWA, DIST-LATEHAR, 829203 | 22.03.2019 |
| 15 | JH19B-6454 | Excavator | BINOD KUMAR SINGH | MAHENDER SINGH | AT-BETA NAWATANR LOCAL PO - PANDARIVIA NINDRA BETAR, NINDRA, LATEHAR-829208 | 29.03.2019 |
| 16 | JH19B-6582 | Excavator | M/S MAA UGRATARA CONSTRUCTION | - | AT-BALUMATH, PS-BALUMATH, DIST-LATEHAR. | 25.09.2018 |
| 17 | JH19B-6746 | Excavator | ASHOK PRAJAPATI | MOHAN PRAJAPATI | VILL-ROLL, PS-CHANDWA, DIST-LATEHAR. | 15.01.2019 |
| 18 | JH19B-6990 | Excavator | UPENDRA BHAGAT | BRAHMDEW BHAGAT | VILL-BARI PS-CHANDWA DIST-LATEHAR | 14.10.2017 |
| 19 | JH19B-7515 | Excavator | MANOJ KUMAR | BANDHU SAV | AT-KHURA, PS-BARWADIH, DIST-LATEHAR | 22.04.2019 |
| 20 | JH19B-8182 | Excavator | PREMSHANKAR PRASAD | JAGDEW PRASAD | AT-NAGRA, PS-BALUMATH, DIST-LATEHAR. | 11.04.2019 |
| 21 | JH19B-8329 | Excavator | ARJUN PATHAK | MAHENDRA PATHAK | AT-BANPUR, PS-LATEHAR, DIST-LATEHAR. | 03.09.2018 |
| 22 | JH19B-8542 | Excavator | OMPRAKASH KUMAR SINGH | GOVIND SINGH | AT-CHETAR, PS-CHANDWA, DIST-LATEHAR. | 22.04.2019 |
| 23 | JH19B-9077 | Excavator | BIHARI PRASAD YADAV | BHAROSI YADAV | BALUMATH, LATEHAR, DIST-LATEHAR. | 27.02.2019 |
| 24 | JH19B-9519 | Excavator | VIJENDRA PRASAD | BIHARI SAV | AT-105 RAMPUR, BARI, CHANDWA, DIST-LATEHAR. | 22.01.2019 |
| 25 | JH19B-9537 | Excavator | AJAY KUMAR SINGH | PRAHALAD SINGH | AT-BHATCHATRA, BESRA, PS-BALUMATH, DIST-LATEHAR. | 29.03.2019 |
| 26 | JH19B-9987 | Excavator | VIVEK KUMAR SINGH | KRISHNA SINGH | VILL-KOMAR, PO-ICHAK, PS-BALUMATH, DIST-LATEHAR | 11.02.2019 |
| 27 | JH19C-0719 | Excavator | SANTOSH YADAV | KALI YADAV | AT-PINDARKOM MARANGLOIYA, PS-BALUMATH, DIST-LATEHAR. | 29.03.2019 |
| 28 | OR21E-0945 | Excavator | JAGARNATH YADAV | HEMRAJ YADAV | AT-NAGRA, PS-BALUMATH, DIST-LATEHAR,829202 | 28.10.2017 |

PR.NO.278807 Transport(22-23):D   जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार।



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना संख्या 03/2022–23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल लातेहार। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 13.10.2022 के कार्यालय अवधि में। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 14.10.2022 के 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 14.10.2022 के 3.30 बजे अपराह्न के बाद। |
| 5. | परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान | 1. मुख्य अभियन्ता(या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची, अभियंत्रण छात्रावास संख्या–2, प्रथम तल, धुर्वा, रांची। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, डालटनगंज का कार्यालय। 3. कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार का कार्यालय। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | क्रमांक 5 में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर। |
| 7. | कार्यो की विवरणी :– | |

| क.सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बालूमाथ मुरपा लपरा पथ (MDR-143) के कि0मी0 9, 10, 12, 13, 17 एवं 23 (कुल लम्बाई – 6.00 कि0मी0 ) में विशेष एवं कि0मी0 7, 8, 11, 14, से 16, 18 से 22 तक (कुल लम्बाई – 11.00 कि0मी0 ) में साधारण मरम्मति कार्य। | 48,00,000.00 | 96,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 2 | बेतला से पलामू किला पथ के कि0मी0 0.00 से 4.90 का साधारण मरम्मति । | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 2 माह |
| 3 | लातेहार सरयु कोटाम पथ (MDR-249) के कि0मी0 0.00 से 32.00 तक में साधारण मरम्मति कार्य एवं 2सरे कि0मी0 में 250m RCC Drain निर्माण कार्य। | 49,00,000.00 | 98,000.00 | 5,000.00 | 3 माह |
| 4 | मनिका व्लॉक हेडक्वाटर (एन0एच0–75 पर) से हेरहंज ( एस. एच.–10 पर ) भाया मटलौंग पथ के कि0मी0 22वें में 150 मीटर RCC Drain एवं 3सरे कि0मी0 में Railing मरम्मति तथा Retaining Wall की मरम्मति कार्य। | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 2 माह |
| 5 | सिकनी रिचुघुटा पथ (MDR-247) के Ch - 0.00 पर फुल गैन्ट्री अधिष्ठापन कार्य । | 18,00,000.00 | 36,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 6 | महुआडांड–नेतरहाट पथ के कि0मी0 6ठें एवं 8वें में 100 मीटर Retaining Wall 2.50 Meter Height का निर्माण कार्य। | 30,00,000.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 7 | बालूमाथ मुरपा लपरा पथ (MDR-143) के पहले एवं दूसरे कि0मी0 के शहरी पथांश में 900 मीटर RCC नाली निर्माण कार्य। | 49,00,000.00 | 98,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 8 | महुआडांड–नेतरहाट पथ के कि0मी0 14वें एवं 15वें में 120 मीटर Retaining Wall 2.50 Meter Height का निर्माण कार्य। | 43,00,000.00 | 86,000.00 | 5,000.00 | 3 माह |
| 9 | महुआडांड – मेराम – महुआटोली – चम्पा पथ के कि0मी0 5वें एवं 6ठें के घाटी क्षेत्र में 80 मीटर RCC Retaining Wall 2.00 Meter Height का निर्माण कार्य। | 30,00,000.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 10 | लातेहार सरयु कोटाम पथ (MDR-249) के 12वें कि0मी0 में पुराना एवं संकीर्ण पुलिया के स्थान पर 5.00m x 4.00m का नया पुलिया निमार्ण कार्य। | 49,00,000.00 | 98,000.00 | 5,000.00 | 3 माह |
| 11 | लातेहार सरयु कोटाम पथ (MDR-249) के कि0मी0 0.00 से 32.00 तक में पुल / पुलिया मरम्मति कार्य एवं पुल / पुलिया एवं बृक्षों का रंग–रोगन कार्य। | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 2 माह |
| 12 | लातेहार जुबली चौक से हेरहंज भाया नवादा पथ के कि0मी0 22वें में नाली निर्माण कार्य। | 20,00,000.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 13 | लातेहार बाईपास ( NH-75 पर ) थाना चौक (चटनाही मोड़)–धरमपुर मोड़ पथ के 1ले कि0मी0 में 135.00 मीटर RCC Drain निर्माण कार्य | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 2 माह |

नोटः– 1)निविदा आमंत्रण सूचना www.prdjharkhand.gov.in एवं निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2) कार्य की प्राक्कलित राशि घटने–बढ़ने की स्थिति में, उसी के अनुरूप अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य लिया जायेगा।
3) निर्धारित निविदा तिथी को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथी अगले कार्य दिवस को होगी।

कार्यपालक अभियन्ता
प0नि0वि0 पथ प्रमण्डल लातेहार

PR278787 (Land Reforms)22-23*D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।

### आवश्यक सूचना।

#### लापता महिला अंशु देवी



रमना थाना सनहा सं0–13/22, दिनांक–19.09.2022 में लापता महिला अंशु देवी, उम्र–28 वर्ष, पति–आशीष पासवान, ग्राम–रमना, टोला–रामगढ़, पो0+थाना–रमना, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड, की रहने वाली हैं। जो की दिनांक–17.09.2022 को समय करीब 03:00 बजे शाम में घर से यह बोलकर निकली की लेवा सिलाई किया हुआ है लेकर आ रहे है। परन्तु वापस नहीं आई है। उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता महिला अंशु देवी के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता महिला का हुलिया:–**
लम्बाई– लगभग–05 फीट, रंग–गोरा,
पहनावा–पीला रंग की साड़ी एवं पैर में हवाई चप्पल,
भाषा–हिन्दी बोलती है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 278754 (Police) 22-23 (D)

सम्पादक की कलम से...

## शांति व्यवस्था जरूरी

**दशहरा** पर्व को लेकर झारखंड के सभी डीसी-एसपी अलर्ट मोड पर आ गये हैं। शांति व्यवस्था को बहाल रखने के लिए संयुक्त आदेश जारी किये गये हैं। पलामू में भी इस बार पर्व को लेकर जिले के सभी थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर पांच दिनों तक दंडाधिकारियों व सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व सशस्त्र बल हर समय तैनात रहेंगे। इस आशय का संयुक्त आदेश उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी कर दिया गया है। संयुक्त आदेश में डीसी-एसपी ने दशहरा पर्व को लेकर विशेष सतर्कता का निर्देश दिया है। इस दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को सोशल मीडिया पर भी नजर रखने की जरूरत है। कारण विशेष कर मोबाइल एसएमएस,फेसबुक, ट्यूटर, वाट्सएप आदि माध्यमों से अराजक तत्व आपत्तिजनक मैसेज का आदान प्रदान करते हैं। इस पर पूरी तत्परता से नजर रखने की जरूरत है। वैसे संयुक्त आदेश में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं उन पर सतत निगरानी रखने को कहा गया है। वहीं जुलूस पर पूर्णतया नियंत्रण की बात कही गई है। जिला प्रशासन द्वारा जारी मार्गों पर ही प्रतिमा विसर्जन करने की अनुमति दी गयी है इसे दृढ़तापूर्वक पालन कराने को कहा गया है। दो व पांच अक्टूबर को जिले के सभी शराब दुकाने पूरी तरह से बंद रहेंगे। लेकिन कई जगहों पर शराब की दुकानें खुली रहती हैं। यही नहीं अराजक तत्व खुलकर इस नियम को तोड़ते देखे जाते हैं। ऐसे में पर्व के मौके पर सख्ती आवश्यक है। कारण कलश स्थापना के साथ इस वर्ष 26 सितम्बर से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ है। मातृशक्ति के इस महापर्व में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की विशेष पूजा-आराधना की जाती है। वहीं, इसका समापन पांच अक्टूबर को होगा। इस दिन प्रशासन को चौकस रहने की जरूरत है। कारण पलामू में रामजन्मी में भयानक हादसा हो चुका है। इस कारण यहां के लोगों में काफी असुरक्षता की भावना रहती है। नवरात्रि का त्योहार संपूर्ण भारत में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व की शुरुआत कलश स्थापना के साथ होती है और अष्टमी तथा नवमी तिथि पर कन्या पूजन किया जाता है। जगत जननी मां दुर्गा के आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्र पर राज्यभर में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा भव्य पूजा पंडालों का भी निर्माण कराया जा रहा है। ऐसे में धर्म के मर्म को समझने की जरूरत है। दशहरा का पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है। लेकिन दुर्भाग्य इस पर्व को हाल के दिनों में बदनाम किया गया है। शराबी शराब के नशे में सड़क पर चल रहे लोगों के साथ अभद्रता के साथ पेश आते हैं। यह एकदम गलत बात है। ऐसे तत्वों के साथ पुलिस प्रशासन को कड़ा रूख अपनाने की जरूरत है। यह अनादि काल से देखा गया है कि जब- जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है भगवान को अवतार लेना पड़ा है। यह बात जानना जरूरी है कि कर्म ही धर्म है। मनुष्य कर्म से महान होता है। इसलिए धर्म का सम्मान करना चाहिए। ऐसे में इस दिन कोई भी बुरा कार्य नहीं करना चाहिए। आज देखा जा रहा है कि समाज में कटुता बढ़ रही है । इसका एकमात्र कारण लोग धर्म से दूर भाग रहे है। ऐसे में इन मौके पर अराजक तत्वों पर अंकुश लगाना जरूरी है।

## आज का इतिहास

**1973 :** पुडुचेरी के अरबिंदो आश्रम की गुरू मां का निधन।
**1974 :** अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की स्थापना की गयी।
**2002 :** इराक निशस्त्रीकरण संकट: हेंस ब्लिक्स के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र के हथियार निरीक्षकों का दल इराक पहुंचा।
**2005 :** पूर्वी इराक में 2 मस्जिदों में कई आत्मघाती बम विस्फोटों में 74 शिया सैनिक मारे गए।
**2007 :** सऊदी अरब में 2007 ओपेक की बैठक वेनेजुएला के राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज द्वारा खोली गयी।
**2009 :** बॉलीवुड अभिनेत्री सिंपल कपाड़िया का निधन।
**2009 :** हांगकांग की सरकार ने एक नई लोकतांत्रिक राजनीतिक संशोधन योजना का खुलासा किया।
**2013 :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह पर मावेन यान को भेजा।
**2014 :** यूनेस्को के अनुसार, स्पेन के कैमिनो सैंटियागो, मनीला में रिजल स्मारक, पेरू के माचू पिच्चू और ऑस्ट्रेलिया के डंपियर द्वीपसमूह विश्व धरोहर स्थल खतरे में हैं।
**2017 :** भारत की मानुषी छिल्लर ने ह्यमिस वर्ल्ड 2017 का खिताब जीता।
**1278 :** इंग्लैड में जालसाजी के आरोप में 680 यहूदियों को गिरफ्तार किया गया और इनमें से 293 को फांसी पर लटकाये गये।
**1525 :** भारत को जीतने के मकसद से बाबर ने सिंध के रास्ते पांचवीं बार यहां प्रवेश किया।
**1831 :** इक्वाडोर और वेनेजुएला ग्रेटर कोलंबिया से अलग हुए।
**1869 :** इंग्लैंड के जेम्स मूरी ने पहली साइकिल रेस जीती।
**1918 :** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ हॉलैंड बनी।
**1928 :** लाठी चार्ज में घायल होने के बाद लाला लाजपत राय का निधन।
**1932 :** तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरूआत हुई।
**1933 :** अमेरिका ने सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी।

# शहरीकरण व नीतिगत खामियां

> दुनिया के एक प्रतिष्ठित विचार समूह आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स ने वर्ष 2018 में दुनिया के कई बड़े और मझोले शहरों की बदलती आर्थिक हैसियत को लेकर सात सौ अस्सी शहरों के बारे में रिपोर्ट पेश की थी। इसमें दावा किया गया था कि 2019 से 2035 के बीच भारत, चीन और इंडोनेशिया के कई शहर यूरोप व अमेरिका के शहरों को पीछे छोड़ देंगे। रिपोर्ट में तेजी से विकसित होते जिन शीर्ष बीस शहरों का विशेष जिक्र किया गया था, उनमें सत्रह भारत के थे। दिल्ली, मुंबई, बंगलुरु, हैदराबाद और सूरत के अलावा नागपुर, तिरुपुर और राजकोट जैसे शहरों को इस सूची में जगह दी गई थी।

हाल में बंगलुरु जिस तरह से बारिश में डूबा नजर आया, उससे यह सवाल उठा कि क्या यही वह शहर है, जिसके बल पर हमारा देश खुद की तरक्की के दावे करता है। बेतरतीब शैली का शहरी विकास अपने साथ कैसी-कैसी समस्याएं पैदा कर सकता है, यह बात देश की राजधानी दिल्ली और इससे सटे एनसीआर कहलाने वाले शहरों (गुरुग्राम, गाजियाबाद, नोएडा आदि) में भी कई स्तरों पर दिखाई देती है। दुनिया के एक प्रतिष्ठित विचार समूह आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स ने वर्ष 2018 में दुनिया के कई बड़े और मझोले शहरों की बदलती आर्थिक हैसियत को लेकर सात सौ अस्सी शहरों के बारे में रिपोर्ट पेश की थी। इसमें दावा किया गया था कि 2019 से 2035 के बीच भारत, चीन और इंडोनेशिया के कई शहर यूरोप व अमेरिका के शहरों को पीछे छोड़ देंगे। रिपोर्ट में तेजी से विकसित होते जिन शीर्ष बीस शहरों का विशेष जिक्र किया गया था, उनमें सत्रह भारत के थे। दिल्ली, मुंबई, बंगलुरु, हैदराबाद और सूरत के अलावा नागपुर, तिरुपुर और राजकोट जैसे शहरों को इस सूची में जगह दी गई थी। इस सूची ने हमारे कुछ शहरों को कुछ चमक जरूर दी थी, पर हाल में बारिश के बाद पानी में डूबे बंगलुरु और पुणे आदि शहरों की जो दुर्दशा देखने को मिली, वह सारी उम्मीदों पर पानी फेर रही है। पिछले एक-दो दशक में भारत के दर्जनों शहरों की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। देश में चल रही सौ शहरों को आधुनिक शहर (स्मार्ट सिटी) में बदलने वाली परियोजना का उद्देश्य तेज विकास कर मझोले और छोटे शहरों की चमक-दमक बढ़ाना भी है। मगर आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के लिए पलायन कर शहरों की ओर आ रही भीड़ के आंकड़े शहरों पर बढ़ रहे दबाव का खुलासा करते हैं। बंगलुरु जैसे शहर इसकी मिसाल हैं जहां दुनिया की सैकड़ों बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के दफ्तर हैं। हालांकि इसका एक बड़ा फायदा निश्चित तौर पर हमारी उस युवा आबादी से जुड़ा है, जिसे इन शहरों में बेहतरीन रोजगार मिले हुए हैं। यही नहीं, तेज तरक्की कर रहे शहरों की बदौलत लोहा, सीमेंट से लेकर उपभोक्ता वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों को भी ढेरों काम मिलता है और उनकी मोटी कमाई होती है। लेकिन सवाल इस बात का है कि क्या हमारे ज्यादातर शहर आगे भी इसी तरह रोजगार देते रहेंगे, या फिर आबादी के बोझ, बुनियादी ढांचे पर पड़ते दबावों और पर्यावरणीय कारणों से वे तबाही के ऐसे मुकाम पर पहुंच जायेंगे, जहां उनके लिए कोई उम्मीद बाकी नहीं रहेगी। विडंबना यह है कि आज हम जिन शहरों को बड़ी उम्मीदों के साथ देखते हैं, उनका दम घुटने लगा है। विकास के रास्ते पर तेजी से भागते हुए ये शहर हांफने लगे हैं और इनका भविष्य दिनों-दिन डरावना होने लगा है। भारत की आइटी-धुरी कहलाने वाले बंगलुरु महानगर को करीब साढ़े तीन हजार आइटी कंपनियों ने अपना ठिकाना बनाया है। इससे अमेरिकी की सिलिकान वैली की चमक धुंधली पड़ गई। कहा जाने लगा था कि जो रोजगार और कारोबार सिलिकान वैली में संभव में है, वैसा ही कुछ बंगलुरु में हो सकता है। लेकिन हाल में बंगलुरु जिस तरह से बारिश में डूबा नजर आया, उससे यह सवाल उठा कि क्या यही वह शहर है, जिसके बल पर हमारा देश खुद की तरक्की के दावे करता है। बेतरतीब शैली का शहरी विकास अपने साथ कैसी-कैसी समस्याएं पैदा कर सकता है, यह बात देश की राजधानी दिल्ली और इससे सटे एनसीआर कहलाने वाले शहरों (गुरुग्राम, गाजियाबाद, नोएडा आदि) में भी कई स्तरों पर दिखाई देती है। यहां सड़कों का जाल है, मेट्रो दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में दस्तक दे चुकी है और इसका दायरा बढ़ता ही जा रहा है। इसी के साथ बिजली की बढ़ती खपत एक नया संकट खड़ा कर रही है। दिल्ली में बिजली की मांग के पिछले सभी रिकार्ड टूटते जा रहे हैं। रोजाना इतनी बिजली की आपूर्ति के लिए कितने बड़े स्तर पर प्रबंध करने की जरूरत है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा रहा है कि इसके लिए उत्तराखंड के विशालकाय टिहरी पावर प्लांट जैसे छह से अधिक बिजलीघरों चाहिए होंगे। देश के सिर्फ एक ही शहर को जगमग रखने के लिए हजार मेगावाट की क्षमता वाले छह या इससे ज्यादा बिजलीघर लगाने पड़ें, तो सोचा जा सकता है कि आखिर ये शहर हमारे लिए कैसी समस्याएं खड़ी करने वाले हैं। शहरीकरण जो समस्याएं पैदा कर रहा है।

**■ अभिषेक कुमार सिंह**

## यहां कौन जिंदा है

जमाना बाढ़ बनकर हमेशा पीछे लगा रहता है। जब देखो तब डुबोने के चक्कर में। शायद औरों की झोपड़ियाँ जलाकर उस पर भोजन पकाने से खाने का मजा दोगुना हो जाता होगा। भूख से बिलखती जिंदगियों की अंतर्पीड़ाओं के बैकग्राउंड में एक अच्छा सा संगीत बजा देने से शायद वह कर्णप्रिय लगने लगे। हो सकता है ऊटपटांग गानों के बीच यह भी जोरों से धंधा कर ले। चलती का नाम गाड़ी है और इस गाड़ी में मुर्दों के बीच सफर करना जो सीख जाता है तो समझो उसकी बल्ले-बल्ले है। वैसे भी यहाँ कौन जिंदा है। सब के सब मरे हुए तो हैं। कोई जमीर मारकर जी रहा है। कोई किसी का मेहनताना खाकर जी रहा है। कोई झूठों वादों से बहलाकर जी रहा है तो कोई मैयत की आग पर रोटी सेककर जी रहा है। यहाँ उल्टा-सीधा जो भी कर लो, लेकिन जीकर दिखाओ यही आज की सबसे बड़ी चुनौती है। या फिर कहलो आठवाँ अजूबा है। सिर उठाने के लिए नहीं झुकाने के लिए होता है। सिर उठाना तो हमने कब का छोड़ दिया। इतनी ही उठाने की ताकत होती तो दिन को रात, अनपढ़ को विद्वान, सूखी रोटी को मक्खन का टुकड़ा नहीं कहते। एक आदत सी हो गयी है बुरे को अच्छा कहने की, झूठे वादों को सच समझने की। बेरोजगारी को कलाकारी मानने की। जैसे पेड़ कटते समय कुल्हाड़ी में लगी लकड़ी को अपनी बिरादरी समझकर खुश होता है ठीक उसी तरह हम भी अपनी जाति-बिरादरी के मुखिया को चुनकर उनके हाथों गला घोंटवाने का परम आनंद प्राप्त करते हैं। शायद ऐसे ही लोग इस दुनिया में जीने के सच्चे हकदार होते हैं। दुनिया में कीड़े-मकौड़ों से भला किसे शिकायत हो सकती है? कीड़े-मकौड़े तब तक जीवित रहते हैं जब तक किसी के बीच दखलांदाजी नहीं करते। दखलांदाजी करने वालों का जवाब तो सारा जमाना मसलकर ही देता है। यहाँ चुपचाप चलने वालों की टांग में टांग अड़ाया जाता है। इतना होने पर भी वह अगर चलने लगता है, तो उसकी एक टांग काट दी जाती है। हालत यह होती है कि चलने वाला बची हुई एक टांग को अपना सौभाग्य समझकर टांग काटने वाले को शुक्रिया अदा करता है। जो होता है होने दो, जैसा चलता है चलने दो कहकर आगे बढ़ने की आदत डाल लेनी चाहिए। नहीं तो तुम से तुम्हारा भोजन, पानी, बिजली छीन लिया जायेगा। तब तंबूरा बजाने के लायक भी नहीं बचोगे। यह हवा, आकाश, पानी, आग, धरती सब बिकने लगे हैं। वह दिन दूर नहीं जब चंद सांसों के लिए भी इन्हें खरीदना होगा। तब चंद सांस देने वाला दुनिया का सबसे बड़ा दानी कहलायेगा। अपने लिए आहें भरवायेगा। यहाँ तुम्हारा कुछ नहीं है। तुम एकदम ठनठन गोपाल हो। इसलिए सिर उठाने, सवाल पूछने, परेशानी बताने जैसे देशद्रोही काम बिल्कुल मत करो। यह एक आभासी दुनिया है। यहाँ केवल अपना आभास मात्र रहने दो। इसे हकीकत समझने की भूल बिल्कुल मत करना। वरना किसी आरोप में सरेआम लटका दिए जाओगे।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
#### अथ प्रथमोऽध्यायः

जो अधिक वैभवशाली होता है उसे देवांश रानना चाहिये जो ऋषि नहीं है वह काव्यकी रचना नहीं कर सकता; जो रुद्र नहीं है वह रुद्रकी अर्चना हीं कर सकता। जिसमें देवांश नहीं है वह अन्नदान हीं कर सकता और जिसमें विष्णुका अंश नहीं है। ह राजा नहीं हो सकता। हे राजन विष्णु, इन्द्र अग्नि, यम और कुबेरसे प्रभुत्व, प्रभाव, कोप और राक्रम प्राप्त करके ही निश्चितरूपसे यह शरीर जनता है ॥ 23-25 ॥

इस संसारमें जो कोई बलवान, भाग्यवान गवान, विद्यावान या दानशील है, उसे देवांश हा जाता है ॥ 26 ॥

हे राजन! उसी प्रकार मैंने पाण्डवोंको भी श बताया था। वासुदेव श्रीकृष्ण तो नारायणके और उन्होंके समान कान्तियुक्त थे ॥ 27 ॥

प्राणियोंका शरीर सुख-दुःखका भाजन होता हैः शरीरधारी सुख-दुःख प्राप्त करता रहता है ॥ 28 ॥

कोई भी प्राणी स्वतन्त्र नहीं है, बल्कि सदैव दैवके अधीन रहता है। वह विवश होकर जन्म, मरण, सुख तथा दुःख प्राप्त करता है ॥ 29 ॥

दैववश ही पाण्डव वन गये और पुनः उन्होंने अपना राज्य प्राप्त किया। तत्पश्चात उन्होंने अपने बाहुबलसे राजसूय नामक उत्तम यज्ञ किया और बादमें अत्यन्त दुःखदायक वनवास उन्हें पुनः प्राप्त हुआ। वहाँ अर्जुनने अजितेन्द्रिय पुरुषोंके लिये दुष्कर तपस्या की। तब [ उस तपस्यासे] सन्तुष्ट होकर देवताओंने उन्हें कल्याणकारी 'वरदान दिया। उस वनवास और नरावतारमें किया गया। पुण्य कहाँ गया ? नरावतारमें उन्होंने बदरिकाश्रममें उग्र तपस्या की थी, परंतु अर्जुनके रूपमें उन्हें उस तपस्याका फल नहीं मिला। ॥ 30-33 ॥

प्राणियोंकि देह-सम्बन्धी कमोर्कीं गति अत्यन्त गहन है; यह देवताओंके लिये भी दुर्ज्ञेय है तो मनुष्योंकी क्या बात! ॥ 34 ॥

वासुदेव श्रीकृष्ण भी अत्यन्त संकटमय कारागारमें उत्पन्न हुए और वसुदेवके द्वारा गोकुलमें नन्दगोपके घर ले जाये गये। हे भारत! वे वहाँ ग्यारह वर्षतक रहे और पुनः मथुरा जाकर उन्होंने बलपूर्वक उग्रसेनके पुत्र कंसका वध किया। तदनन्तर अत्यन्त दुःखित माता पिताको बन्धनसे मुक्त किया तथा उग्रसेनको मथुरापुरीका राजा नियुक्त किया। पुनः वे म्लेच्छराज कालयवनके भयसे द्वारका चले गये। श्रीकृष्णने यह सब महान पराक्रम दैवके अधीन होकर ही किया ॥ 35-38 ॥

- क्रमशः

## नये सामाजिक अनुबंध की जरूरत

पचहत्तर साल पहले भारत को भूख व भुखमरी से निपटने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। उस काल-खंड में विदेशी मुद्रा पाने के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ी थी। हमारे सामने तब एक आजाद मुल्क बने रहने और अति-गरीबी से मुक्ति के लिए अपने आर्थिक विकास को गति देने की भी चुनौती थी। बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, घरेलू व निर्यात संबंधी प्रतिस्पर्द्धी बुनियादी ढांचे और कृषि व विनिर्माण क्षमताओं के आधुनिकीकरण को लेकर भी हम प्रयासरत थे। इसी तरह, सामंती व्यवस्था से ऊपर उठते हुए हमें एक ऐसे युग में प्रवेश करना था, जहां समानता और सामाजिक गतिशीलता को अधिक प्रोत्साहन मिले। इस लिहाज से देखें, तो इन सभी अहम कसौटियों पर हमने अच्छी-खासी तरक्की की है। मगर क्या हमने अवसर भी गंवाये, गलतियां भी कीं? वास्तव में, हर सफलता कमियों और गंवाये गये अवसरों के साथ ही रेखांकित की जाती है। जैसे, यह समझ से परे है कि कैसे हमने अत्यधिक नियंत्रण वाले केंद्रीकृत योजनाबद्ध मॉडल को लगातार बनाये रखा। यह भी बहुत साफ नहीं कि साल 1991 के आर्थिक सुधार उस समय की मजबूरी थे या हमारी चयन संबंधी आजादी का प्रतिफल? विकल्प तभी सार्थक होते हैं, यदि चुनने के रास्ते कई हों। साल 1991 में हमारे पास चयन के विकल्प सीमित थे। इस परिस्थिति में यदि हम यहां से अगले 25 वर्षों के लिए अपनी यात्रा शुरू करते हैं, तो 100वें साल पर भारत के लिए हमारी खोज क्या होगी? उन लक्ष्यों की झलक स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री के संबोधन में हमें मिलती है, जिनमें सामाजिक सुधार और पुर्नरचना भी शामिल हैं। उनके 'पांच प्रण' के हर प्रण में दूरगामी बदलाव नजर आते हैं और इनमें सबसे अहम है भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प। लिहाजा, हमें खुद से यह पूछना चाहिए कि एक विकसित देश हम कैसे बनेंगे, और इस लक्ष्य को पाने के लिए हमें किस तरह के बदलावों की जरूरत है? व्यापक अर्थों में इसका मतलब है, सामाजिक अनुबंध की पुनर्रचना। सन 1762 में जीन-जैक्स रूसो द्वारा गढ़े गये मूल सामाजिक अनुबंध में शासन संरचना और उसके प्रति दायित्व को लेकर नागरिकों में सहमति थी। बेशक समय की कसौटी पर यह अनुबंध काफी हद तक खरा उतरा है, लेकिन अगले 25 वर्षों के बदलाव की प्रकृति और उसकी रफ्तार पुराने अनुभवों के मुकाबले अलग हो सकती है। जाहिर है, नये सामाजिक अनुबंध से तात्पर्य यह है कि न केवल नागरिक अधिकारों को लेकर, बल्कि उसके कर्तव्यों को लेकर भी नये प्रावधान तय करने की जरूरत है। सवाल है कि एक उच्च आय वाले विकसित देश में हम कैसे शुमार होंगे? एक, हमें आर्थिक विकास की उन दरों को पाना होगा, जो हमारी प्रति व्यक्ति आय को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की परिभाषा के मुताबिक तय 20 हजार डॉलर नॉमिनल जीडीपी या विश्व बैंक के मापदंड के अनुरूप 12,696 डॉलर के करीब ले आय। अभी हम एक मध्य-आय वाले देश हैं। सिंगापुर सरकार के वरिष्ठ मंत्री टी शणमुगरत्नम ने प्रथम अरुण जेटली व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की औसत आय बढ़ाने और अधिक रोजगार पैदा करने के लिए भारत को अगले 25 वर्षों तक आठ से दस फीसदी की दर से विकास करना होगा। यह अनुमान लगाया गया है कि इसके लिए आईएमएफ स्तर के हिसाब से 9.36 प्रतिशत और विश्व बैंक के स्तर के लिहाज से 7.39 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर को हासिल करना अनिवार्य होगा। साफ है, व्यापार विकास की मुख्य धुरी होगा। हमें एक ऐसी व्यापार नीति तंत्र की जरूरत है, जो वास्तविक विनिमय दरों से आगे जाता हो, बल्कि अर्थव्यवस्था को अधिक प्रतिस्पर्द्धी बनाने के लिए व्यापार, रसद, परिवहन और नियामक ढांचे में उल्लेखनीय सुधार कर सके। आयात शुल्कों की संकीर्ण व्याख्या आत्मनिर्भर भारत के दर्शन से उलट है। जब तक प्रतिस्पर्द्धी कीमतों पर आयात उपलब्ध न होंगे, निर्यात क्षमता प्रतिस्पर्द्धी नहीं बन सकेगी। इसके अलावा, चीन के उदय सहित बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं व बदलावों को देखते हुए हमारी व्यापार रणनीति को एक अलग पटकथा की जरूरत है। दो, मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर ध्यान देने की जरूरत है। हमें जीवन प्रत्याशा के साथ-साथ ग्रामीण आबादी तक बिजली की पहुंच, इंटरनेट की उपलब्धता, जीवन व संपत्ति की सुरक्षा और आय की असमानता को पाटने जैसे अहम मापदंडों पर सुधार करने की आवश्यकता है। हमें अपने एचडीआई स्कोर को 0.645 के मौजूदा मध्यम स्तर से 0.8 के करीब ले जाने की जरूरत है, ताकि हम उच्च स्तर पर पहुंच सकें। इसके लिए हमें मान्यता प्राप्त निर्यात निकायों की सिफारिशों के अलावा, शिक्षा व स्वास्थ्य देखभाल पर नये सिरे से जोर देने के लिए 2020 की नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और 2017 की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में की गई प्रतिबद्धताओं के पालन की आवश्यकता है।

**■ एन के सिंह**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### बिजली चोरी पर लगे रोक

शहर के गायत्री मंदिर रोड़ स्थित एफसीआई गोदाम के बगल में सिंचाई विभाग द्वारा बने बगंला कालोनी में धड़ल्ले से बिजली की चोरी की जा रही है। इसपर न तो प्रशासन का ध्यान है और न ही बिजली विभाग का वे आराम से अवैध रूप से बिजली की चोरी कर इस्तेमाल कर रहे है। जिस कारण कभी कभी आबादगंज रेलवे क्रासिंग पर लगे ट्रांसफार्मर का फियुज मार देता है। और बिजली बिल उपभोक्ता अधेंरे में रहने को विवश हो जाते है। मजबुरी वस वहां के लोगों कों रात में ही मिस्त्री बुलाकर फियुज बंधवाना पड़ता है। बिजली बिल उपभोक्ता परेशान और चोरी करने वाले को मिलता आराम। ऐसे में बिजली विभाग को इस ध्यान घ्यान देने की जरूरत है। सरकारी क्वाटर के कारण बिजली विभाग का इस ओर ध्यान नहीं जाता है। जबकि उस क्वाटर में रहने वाले लोग अवैध रूप से रह रहे है। वे सरकारी क्वाटर का फायदा उठाकर धड़ल्ले से बिजली की चोरी कर रहे। उन्हें इस बात का डर नहीं कि बिजली विभाग की छापामारी करेगी । वे निडर होकर बिजली का इस्तेमाल कर रहे है। मै लोकप्रिय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से बिजली विभाग का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूॅ कि वैसे लोगों को जो बिजली चोरी कर ़बिजली का इस्तेमाल कर रहे है उन पर कानूनी कार्रवाई के साथ जुर्माना लगाया जाय, ताकि भविष्य में अवैध बिजली जलाने की हिम्मत न करे।

**■ प्रदीप कुमार, हमीदगंज , मेदिनीनगर।**

## भारत से सीखे तो बदल सकती है दुनिया

ज्यादा स्वस्थ, न्यायसंगत व समृद्ध दुनिया की ओर बढ़ने की रफ्तार निर्भर करती है प्रतिबद्धता व इनोवेशन पर। यही वह बिंदु है, जहां भारत दुनिया को राह दिखाता है। पिछले दो दशकों से बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन भारत में काम कर रहा है। हम यह देखकर लगातार हैरान होते रहे हैं कि यहां के लोग कितनी गहराई से अपनी चुनौतियों को समझते हैं और कितनी कुशलता से उन्हें हल करने के देसी उपाय खोज निकालते हैं। इस महीने की शुरूआत में हमारे फाउंडेशन ने सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स (एसडीजी) की दिशा में हुई प्रगति पर एक रिपोर्ट जारी की। ये लक्ष्य - गरीबी और भुखमरी मिटाना, आर्थिक विकास हासिल करना, साफ पानी और शौचालय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना और अन्य- 2030 तक हासिल करने का निश्चय सात साल पहले संयुक्त राष्ट्र में सभी सदस्य राष्ट्रों ने किया था। **उम्मीद बरकरार :** रिपोर्ट दर्शाती थी कि मौजूदा स्थिति ठीक नहीं है और इन लक्ष्यों की ओर बढ़ती दुनिया की गाड़ी पटरी से उतर चुकी है। मगर फिर भी, भारत ने जो प्रगति और जैसी लीडरशिप दिखाई, उसकी बदौलत मुझे अभी भी उम्मीद है कि हम वहां तक पहुंच सकते हैं। पीएम मोदी की नेतृत्व में भारत ने कई ऐसे बड़े कदम उठाये हैं, जिनसे एसडीजी की दिशा में प्रगति तेज होने के आसार बने हैं। भारत के वैश्विक योगदान का एक बढ़िया उदाहरण है टीकों का विकास। वैक्सीन अलायंस गावी द्वारा दुनिया भर में बांटे गये हर पांच टीकों में से दो भारत में बने हुए थे। महामारी के दौरान 2021 के शुरू में सप्लाई की कमी के बावजूद, भारत में बने टीकों की दो अरब खुराक देश के अंदर बांटी गई जबकि 25 करोड़ खुराकें निर्यात की गईं। और ऐसा नहीं है कि भारत के टीका ज्ञान से सिर्फ इंसानों को फायदा हो रहा है। हमारा फाउंडेशन एनिमल वैक्सीन के क्षेत्र में भी साझेदारी का विस्तार कर रहा है। दूसरा क्षेत्र जिसमें भारत का अनुसरण होना चाहिए, वह है डिजिटल टेक्नॉलजी। इस क्षेत्र में प्रगति से दुनिया को कई चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सकती है, चाहे वह महामारी से उबरने की बात हो या गरीबी उन्मूलन की या फिर आवश्यक दवाओं तक लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने की। लेकिन यह तभी संभव है जब तमाम देश मिलकर ऐसे सिस्टम्स बनायें जो सुरक्षित हों, एक-दूसरे से कनेक्टेड हों और इन्क्लूसिव हों। इस लिहाज से भारत का फाइनैंशल इन्क्लूजन का डिजिटल सिस्टम पूरी दुनिया के लिए मॉडल हो सकता है। प्रधानमंत्री जन धन योजना ने बैंकिंग और अन्य फाइनैंशल सर्विसेज तक खासकर महिलाओं की पहुंच जबर्दस्त ढंग से बढ़ा दी, जिनका अक्सर अपने ही पैसों पर कोई वश नहीं रहता। खोले गये कुल 45 करोड़ खातों में से आधे से ज्यादा महिलाओं के हैं। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ने हर महीने जो ट्रांजेक्शन संभव बनाया है- 6 अरब से ज्यादा- वह आश्चर्यजनक है। यही नहीं, आधार आइडेंटिफिकेशन सिस्टम और डिजिटल पेमेंट्स की बदौलत महामारी के दौरान 30 करोड़ से ज्यादा लोगों तक डिजिटली राहत राशि पहुंचाई जा सकी। भारत में महामारी के दौरान आबादी के कमजोर और जरूरमंद हिस्से तक मदद पहुंचाने का एक और उदाहरण है गलियों में फेरी लगाने वालों को सस्ता, बिना कुछ गिरवी रखे वर्किंग कैपिटल लोन मुहैया कराना। पीएम स्वनिधि कार्यक्रम ने फेरीवालों को इस तरह बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा, जिससे उन्हें डिजिटल ट्रांजेक्शन करने और अपनी क्रेडिट हिस्ट्री बनाने का मौका मिला। 30 लाख से ज्यादा स्ट्रीट वेंडर इससे लाभान्वित हुए, जिनमें 41 फीसदी महिलाएं थीं। भारत ने डिजिटाइजेशन के जरिये हेल्थकेयर क्षेत्र का भी रूप बदल दिया। कोविड-19 वैक्सीन की दो अरब डोज देने और उसे प्रमाणित करने में मदद करने वाले कोविन डिजिटल प्लैटफॉर्म को अब और बढ़ाया जा रहा है ताकि उसके जरिये नैशनल इम्यूनाइजेशन प्रोग्रैम को कवर किया जा सके। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का भी विस्तार किया जा रहा है ताकि लोगों की पहचान करने से लेकर पेमेंट, रेकॉर्ड स्टोरेज और कम्युनिकेशन तक की डिजिटल व्यवस्था की जा सके। इससे फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए पेशंट-लेवल डेटा इकट्ठा करना आसान हो जायेगा।

**■ बिल गेट्स**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# शरीर के इन हिस्सों में होने वाले दर्द को ना करें नजरअंदाज



शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर ज्यादा होने से हार्ट अटैक और किडनी फेलियर का खतरा बढ़ता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर शरीर के कई हिस्सों में इसके लक्षण दिखाई देते हैं। अक्सर लोग इन लक्षणों को सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं जिसके कारण बाद में परेशानी बढ़ सकती है। आजकल की बदलती जीवनशैली और खानपान की गलत आदतों की वजह से बड़ी तादाद में लोग दिल की बिमारियों से ग्रस्त हैं। हाई बीपी और कोलेस्ट्रॉल की बीमारी के कारण दिल की बिमारियों का जोखिम बढ़ता है। ज्यादातर लोगों को कोलेस्ट्रॉल के बारे में जानकारी नहीं होती है। बता दें कि कोलेस्ट्रॉल एक तरह का फैट होता है जो खून में मौजूद होता है। कोलेस्ट्रॉल दो तरह के होते हैं - एलडीएल और एचडीएल। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को बैड कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है। यह रक्त धमनियों में बाधा उत्पन्न कर हृदय को नुकसान पहुँचाता है। जबकि एचडीएल कोलेस्ट्रॉल को गुड कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। यह दिल को स्वस्थ रखने का काम करता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर ज्यादा होने से हार्ट अटैक और किडनी फेलियर का खतरा बढ़ता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर शरीर के कई हिस्सों में इसके लक्षण दिखाई देते हैं। अक्सर लोग इन लक्षणों को सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं जिसके कारण बाद में परेशानी बढ़ सकती है।

## कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के लक्षण

**हाथ-पैर में दर्द :** जब किसी व्यक्ति के अंदर कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने लग जाती है तो उसे अपने हाथ पैरों में दर्द महसूस होने लगता है। ऐसा तब होता है जब खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बहुत ज्यादा अधिक हो जाती है। इसकी वजह से शरीर में मौजूदा रक्त वाहिकाओं में अवरोध उत्पन्न होने लगता है। इन सभी कारणों की वजह से व्यक्ति को बिना किसी वजह हाथ पैरों में दर्द महसूस होने लगता है। यह सब बदलाव शरीर में पेरिफेरल नसों में पर्याप्त ऑक्सीजन और पोषक तत्व से भरपूर खून नहीं पहुंच पाने की वजह से होते हैं। इस तरह की परेशानी ज्यादातर उन लोगों को होती है जिनका वजन बहुत ज्यादा होता है। ज्यादा मोटापा होने के कारण ऐसे लोगों को अपने शरीर में कपकपी महसूस होने लगती है।

**गर्दन और सिर के पीछे वाले हिस्से में दर्द :** जब किसी व्यक्ति के अंदर कोलेस्ट्रॉल का लेवल खून में ज्यादा बढ़ जाता है तो उसके शरीर की रक्त वाहिकाएं ब्लॉक होने लगती हैं। इसकी वजह से उसके सिर में रक्त संचार प्रभावित होता है। कोलेस्ट्रॉल ज्यादा होने के कारण सिर में रक्त संचार पर भी असर पड़ता है और सिर के पिछले हिस्से में व्यक्ति को दर्द महसूस होने लगता है। केवल सिर में दर्द ही नहीं, बल्कि गर्दन और कंधे में भी समय-समय पर सूजन और दर्द महसूस होने लगता है। यदि किसी व्यक्ति को इस तरह की परेशानी हो रही है तो उसे जल्द से जल्द डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

**थकान होना :** जब व्यक्ति के शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने लग जाती है तो उसको बहुत ही जल्दी थकान महसूस होने लगती है। ऐसे में थोड़ी दूर पर चलने पर ही आदमी थका हुआ महसूस करने लगता है और उसकी सांस फूलने लगती है। जब इस तरह के बदलाव उसके शरीर में आने लगते हैं तो व्यक्ति को तुरंत अपने कोलेस्ट्रोल का चेकअप कराना चाहिए और डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। क्योंकि कोलेस्ट्रॉल बढ़ना आपके शरीर के लिए खतरे की घंटी हो सकती है। इसके साथ ही ध्यान रखें कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के लक्षण हर किसी के शरीर में अलग-अलग हो सकते हैं।लेकिन ज्यादातर लोगों को कोलेस्ट्रॉल की वजह से थकान और आलस महसूस होता है।

❖ **प्रिया मिश्रा**

# सब्जा सीड्स के यह फायदे जानकर आप भी शुरू कर देंगे इसे खाना

सब्जा के सीड्स का सेवन मधुमेह रोगियों के लिए बेहद ही लाभदायी माने गए हैं। सब्जा के बीज फाइबर से भरपूर होते हैं। जब मधुमेह रोगी सब्जा के बीजों को भोजन से ठीक पहले लेते हैं, तो यह रक्त शर्करा के स्तर में वृद्धि को रोकने में मदद करता है। सब्जा सीड्स का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जाता है। वे भोजन में एक अनूठा स्वाद जोड़ते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सब्जा के बीज न केवल तुलसी के नए पौधों को उगाने के लिए बहुत अच्छे हैं, बल्कि इसके हेल्थ बेनिफिट्स भी कम नहीं हैं। काले तिल की तरह दिखने वाले यह छोटे-छोटे कई तरह के पोषक तत्वों से पैक होते हैं। अगर आप इन्हें अपने आहार में शामिल करते हैं तो इससे कई स्वास्थ्य समस्याओं को भी आसानी से दूर किया जा सकता है।

**रक्त शर्करा के लेवल को करता है मैनेज :** सब्जा के सीड्स का सेवन मधुमेह रोगियों के लिए बेहद ही लाभदायी माने गए हैं। सब्जा के बीज फाइबर से भरपूर होते हैं। जब मधुमेह रोगी सब्जा के बीजों को भोजन से ठीक पहले लेते हैं, तो यह रक्त शर्करा के स्तर में वृद्धि को रोकने में मदद करता है। इस तरह, टाइप 2 मधुमेह के रोगियों में रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने में सब्जा के बीज का इस्तेमाल करना लाभदायक हो सकता है।

**कब्ज और एसिडिटी से मिलती है राहत :** सब्जा के बीज घुलनशील फाइबर से भरपूर होते हैं। जब इन बीजों को अच्छी मात्रा में पानी के साथ हमारे आहार में शामिल किया जाता है, तो ये पानी को अवशोषित कर लेते हैं और इस तरह हमारी आंत में पानी खींचने में मदद करते हैं। जिससे मल नरम होता है और मल त्याग में मदद मिलती है। इस प्रकार, कब्ज से पीड़ित लोगों को सब्जा को अपने दैनिक आहार का हिस्सा बनाने से काफी राहत मिलती है। यह एसिडिटी से भी काफी हद तक राहत दिलाने में मदद करता है।

**वेट लॉस में मददगार :** सब्जा के बीज घुलनशील आहार फाइबर में उच्च होते हैं और एक व्यक्ति को फुलनेस का अहसास करवाते हैं। जिससे व्यक्ति ओवर इटिंग से बच जाता है। साथ ही, वे मल त्याग को भी रेग्युलेट करने में मदद करते हैं और इस प्रकार संचित विषाक्त पदार्थों से हमारे शरीर को साफ करने में मदद करते हैं।

# इन योगासन को अपनायें पीठ का दर्द दूर भगायें

एक्सपर्ट्स के अनुसार पीठ दर्द को दूर करने के लिए हमेशा सीधे बैठना चाहिए और कुछ आसान व्यायाम करने चाहिए। पीठ दर्द का मुख्य कारण ठीक मुद्रा में ना बैठना, अनहेल्दी लाइफस्टाइल, अपर्याप्त नींद और एक्सरसाइज ना करना है। हम आपको कुछ आसान से योगासन बताने जा रहे हैं जिनसे आप पीठ दर्द से छुटकारा पा सकते है। आजकल की भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में किसी के पास अपने शारीर को स्वस्थ रखने का समय ही नहीं है। आजकल बहुत-से लोगों में पीठ दर्द की परेशानी काफी बढ़ रही है। शरीर को ठीक करने के लिए समय नहीं निकालना, सही तरीके से ना बैठना और व्यायाम ना करना ऐसी कुछ सामान्य आदतें हैं जो कि लम्बे समय तक पीठ और गर्दन की गंभीर समस्या पैदा कर सकती हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार हमेशा ऐसी समस्याओं को दूर रहने के लिए हमेशा सीधे बैठना चाहिए और कुछ आसान-से व्यायाम करने चाहिए,पर दोस्तों क्या आप जानते हैं कि कुछ ऐसे भी योग आसन हैं जो न सिर्फ पीठ दर्द को दूर करते हैं बल्कि पीठ की मांसपेशियों में होने वाले तनाव को भी दूर रखते है। सामान्यतःदर्द का मुख्य कारण ठीक मुद्रा में ना बैठना, अनहेल्दी लाइफस्टाइल, अपर्याप्त नींद और एक्सरसाइज ना करना है। जिस कारण पीठ के दर्द की समस्या हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे आसान से योगासन बताने जा रहे हैं जिन्हें करने से आप पीठ के दर्द से छुटकारा पा सकते है।

## ब्रिज पोज आसन

इस आसन में आप अपनी पीठ के बल लेटें और अपने घुटनों को मोड़ लें, और पैर समानांतर रखें।
फिर अपने दोनों पैरों को मजबूती से दबाएं और अपने कूल्हों को और पीठ के निचले हिस्से को ऊपर उठाने के लिए सांस लें।
अपने हाथों को अपनी पीठ के नीचे की तरफ फर्श पर टिकाएं।
आसन खत्म करने के लिए साँस छोड़ें, अपने हाथों को छोड़ दें, और नीचे फर्श पर ले जाएँ।
सबसे पहले अपने पैरों के तलवों को छत की ओर करके घुटनों के बल बैठ जाएं।
फिर अपने घुटनों को कंधों के सीध में रखें।
उसके बाद जैसे ही आप श्वास लेते हैं तो अपनी पीठ को झुकाएं और अपनी हथेलियों को पैरों पर तब तक खिसकाएं जब तक कि आपकी गर्दन पर बिना दबाव के बाहें सीधी ना हो जाएँ।
फिर सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे वापस शुरूआती मुद्रा में आ जाएं।
कोबरा पोज आसन
सबसे पहले चटाई की ओर मुंह करके सीधे लेट जाएं।
अपनी हथेलियों को कंधों की सीध में जमीन पर सीधा रख दें।
अपनी कोहनी को मोड़ें और फिर अपनी छाती को फर्श से ऊपर उठाने के लिए श्वास लें।
हाफ लॉर्ड ऑफ द फिश पोज आसन
पहले चटाई पर अपने पैरों को सामने की तरफ फैलाकर बैठ जाएं।
अपने बाएं पैर को सीधा रखते हुए अपने दाहिने घुटने को भी मोड़ें।
सांस लेते हुए अपने बाएं हाथ को सीधा ऊपर की तरफ लाएं।
अपने सीने को दाईं ओर मोड़ें और अपनी बाईं कोहनी को दाहिने घुटने के बाहर की ओर ले जाएँ।
अब पैरों को छोड़ दें और दूसरी तरफ मुड़ने की तैयारी करने के दौरान स्थिति बदलें।

❖ **रौनक**



# बार-बार लगने वाली भूख ने कर दिया है परेशान, तो ऐसे करें इसे कंट्रोल

कुछ लोग सुबह जल्दी में अपना नाश्ता स्किप कर देते हैं। लेकिन ऐसा करने से बचना चाहिए। जब आप ऐसा करते हैं तो इससे आपको बार-बार भूख लगती है और कुछ अनहेल्दी खाने का मन करता है। इसलिए कभी भी अपने नाश्ते को स्किप ना करें। हेल्दी रहने के लिए हमेशा अच्छा खाना खाने की सिफारिश की जाती है। लेकिन यह देखने में आता है कि कुछ लोग भरपेट खाना खा लेते हैं, फिर भी उन्हें कुछ देर बाद भूख लगती है या फिर फूड क्रेविंग्स होती है। जिसे नियंत्रित करना काफी कठिन होता है। यह हंगर पैंग्स आपकी सेहत पर विपरीत प्रभाव डालते हैं।

**जरूर करें नाश्ता :** कुछ लोग सुबह जल्दी में अपना नाश्ता स्किप कर देते हैं। लेकिन ऐसा करने से बचना चाहिए। जब आप ऐसा करते हैं तो इससे आपको बार-बार भूख लगती है और कुछ अनहेल्दी खाने का मन करता है। इसलिए कभी भी अपने नाश्ते को स्किप ना करें।

**पानी पिएं :** पानी आपके शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए बेहद जरूरी है। हालांकि, आपको पानी को किसी अन्य पेय पदार्थ के साथ स्विच नहीं करना चाहिए। जब आप पर्याप्त मात्रा में पानी पीते हैं, तो यह आपको लंबे समय तक फुलर अहसास करवाता है। कई बार हमारा शरीर प्यास को भूख समझ लेता है, जिससे आपको अधिक भूख लगती है।

**करें व्यायाम :** कई अध्ययन यह बताते हैं कि नियमित रूप से व्यायाम करने से भूख बढ़ाने के बजाय उसे दबाने में मदद मिलती है। नियमित व्यायाम से भूख को नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए, खुद को एक्टिव रखें और नियमित रूप से व्यायाम करें।

**खाएं प्रोटीन :** जब आप प्रोटीन रिच फूड खाते हैं तो यह आपको एनर्जी देने के साथ-साथ वजन कम करने में भी मदद करता है। साथ ही आपको लंबे समय तक फुलर अहसास कराता है, जिससे आपको बार-बार भूख नहीं लगती है। दही, छाछ, दूध, पनीर, चिकन, मछली, मूंगफली, छोले और सब्जियों और दाल जैसे प्राकृतिक रूपों में प्रोटीन का सेवन करना अच्छा माना जाता है।

**चीनी को करें अवॉयड :** प्रोसेस्ड फूड के रूप में परिष्कृत चीनी के अत्यधिक सेवन से भूख बढ़ सकती है। जिससे आपको बार-बार हंगर पैंग्स होते हैं। इसलिए, शुगर का सेवन लिमिटेड करें। अगर आपको स्वीट क्रेविंग हो रही हैं, तो नेचुरल शुगर जैसे फल और गुड़ का विकल्प चुनें।

❖ **मिताली जैन**

# हडिड्यों के कमजोर होने से बढ़ जाता है ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा, ऐसे करें बचाव

अगर आपकी हड्डियां कमजोर हैं तो इसका अर्थ है कि आपकी बॉडी को आवश्यकता के अनुसार कैल्शियम नहीं मिल रहा है। इसलिए आपको अपनी डाइट में कैल्शियम इनटेक बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए आप कैल्शियम रिच फूड्स का सेवन करें। व्यक्ति के स्वस्थ रहने के लिए हड्डियों का मजबूत होना बेहद आवश्यक है। जब व्यक्ति की हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, तो इससे ऑस्टियोपोरोसिस होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। यह एक ऐसी स्थिति है, जब गिरने या हड्डियों पर हल्का दबाव पड़ने से भी फ्रैक्चर हो सकता है। ऑस्टियोपोरोसिस से संबंधित फ्रैक्चर आमतौर पर कूल्हे, कलाई या रीढ़ में होते हैं। नाजुक हड्डियों के कारण हिप फ्रैक्चर गंभीर और घातक भी हो सकता है। आपके साथ यह समस्या ना हो, इसलिए आपको हड्डियों का अतिरिक्त ध्यान रखने की आवश्यकता होती है।



## डाइट में बढ़ाएं कैल्शियम की मात्रा

अगर आपकी हड्डियां कमजोर हैं तो इसका अर्थ है कि आपकी बॉडी को आवश्यकता के अनुसार कैल्शियम नहीं मिल रहा है। इसलिए आपको अपनी डाइट में कैल्शियम इनटेक बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए आप कैल्शियम रिच फूड्स का सेवन करें। इसके अलावा, डॉक्टर की सलाह पर कैल्शियम सप्लीमेंट भी लिए जा सकते हैं।

## विटामिन डी की ना करें अनदेखी

कुछ लोग सोचते हैं कि हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए केवल कैल्शियम की जरूरत होती है। जबकि ऐसा नहीं है। आपको कैल्शियम के साथ-साथ विटामिन डी पर भी ध्यान देना चाहिए। विटामिन डी शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। ऐसे में अगर विटामिन डी कम होगा तो कैल्शियम इनटेक से भी आपको कोई लाभ नहीं होने वाला है।

## जरूर करें व्यायाम

व्यायाम करना संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह ना केवल आपके वजन को मेंटेन करने में मददगार है। जब आप वॉकिंग से लेकर योग, रस्सी कूदना, वाटर एरोबिक्स, सीढ़ियां चढ़ना आदि एक्सरसाइज को अपने रूटीन का हिस्सा बनाते हैं तो इससे आपकी हड्डियों को भी मजबूती मिलती है।

## आहार पर दें ध्यान

सुनिश्चित करें कि आपके आहार में बहुत सारे ताजे फल और सब्जियां, डेयरी उत्पाद, साल्मन, अंडे की जर्दी, बादाम, लीन प्रोटीन, बीन्स, एवोकाडो और जैतून का तेल को अवश्य शामिल करें। इन फूड आइटम्स में मौजूद पोषक तत्व आपकी सेहत के साथ-साथ बोन हेल्थ पर भी सकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

# अपने घर में चींटियों से निपटना उन्हें गायब करने के लिए इस ट्रिक का इस्तेमाल करें!

अधिकांश लोगों को गर्मी पसंद होती है, मौसम गर्म हो जाता है और बाहर समय बिताना बहुत सुखद होता है। सूरज की रोशनी और ताजी हवा हमारे लिए बहुत अच्छी है, लेकिन गर्मी भी अपनी कमियां लेकर आती है। गर्मी के महीनों में कई लोगों का सामना करने वाली एक समस्या कीड़े हैं। वे कहीं से भी निकलते प्रतीत होते हैं और वास्तव में कष्टप्रद हो सकते हैं। विशेष रूप से चींटियाँ एक वास्तविक उपद्रव हो सकती हैं क्योंकि वे बचे हुए भोजन के प्रति बहुत आकर्षित होती हैं। यह आकर्षण वह है जो चींटियों की प्रतीत होने वाली अंतहीन कॉलोनियों का कारण बनता है जो नियमित रूप से आपके बगीचे, आपकी बालकनी या यहां तक ... कि आपकी रसोई पर आक्रमण करती हैं। हालांकि चींटियां छोटी और हानिरहित होती हैं, लेकिन निश्चित रूप से वे विशेष रूप से स्वास्थ्यकर नहीं होती हैं और उन्हें अपने भोजन में शामिल करना बहुत अप्रिय होता है। भले ही इस समस्या से निपटने के लिए कई रासायनिक कीटनाशक उपलब्ध हैं, लेकिन इन उत्पादों का उपयोग विशेष रूप से सुखद विचार नहीं है। कुछ कष्टप्रद चींटियों से छुटकारा पाने के लिए कोई भी अपनी रसोई में रसायनों के साथ बमबारी नहीं करना चाहता। यह विशेष रूप से सच है यदि आपके छोटे बच्चे या पालतू जानवर हैं। क्या होगा अगर मैंने आपसे कहा कि आप इस मुद्दे को एक सरल तरकीब से हल कर सकते हैं और आपको केवल वही सामग्री चाहिए जो आपके घर में पहले से मौजूद है।

# चावल खाने के शौकीन हैं तो हो जायें सावधान!

चाहे राजमा-चावल हो, छोले-चावल या कढ़ी-चावल, अधिकतर लोग रोटी से ज्यादा चावल खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ज्यादा मात्रा में चावल खाने से शरीर को नुकसान पहुंच सकता है। आज के इस लेख में हम आपको ज्यादा चावल खाने से होने वाले नुकसानों के बारे में बताने जा रहे हैं। भारत में चावल किसी भी व्यंजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। देश के कई राज्यों में लोग चावल ही खाते हैं। चाहे राजमा-चावल हो, छोले-चावल या कढ़ी-चावल, अधिकतर लोग रोटी से ज्यादा चावल खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ज्यादा मात्रा में चावल खाने से शरीर को नुकसान पहुंच सकता है।



**डायबिटीज का खतरा :** अधिक मात्रा में या रोज चावल खाने से डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, चावल में अधिक मात्रा में कैलोरी मौजूद होती है, जिससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है। ऐसे में जरूरत से ज्यादा खाने से शुगर की बीमारी होने का खतरा रहता है।

**मोटापा :** ज्यादा चावल खाने से वजन बढ़ने का खतरा भी रहता है। दरअसल चावल में कैलोरी ज्यादा होती है, जिससे मोटापे का खतरा रहता है। वजन को नियंत्रित रखने के लिए सीमित मात्रा में ही चावल का सेवन करें।

**पेट में गैस :** चावल खाने से गैस की समस्या भी हो सकती है। दरअसल सफेद चावल में फाइबर की मात्रा अधिक नहीं होती है। ऐसे में इसका जरूरत से ज्यादा सेवन करने से पेट में गैस की समस्या हो सकती है।लेकिन अगर आप चावल खाना चाहते हैं तो सफेद चावल के बजाय ब्राउन राइस खा सकते हैं।

**बचाने के लिए करें ये उपाय : ओवर ईटिंग :** चावल हैवी होते हैं इसलिए इसे खाने से पेट जल्दी भर जाता है। हालांकि, चावल जल्दी पच जाते हैं इसलिए थोड़ी देर में फिर से भूख लगने लगती है। ऐसे में आप भूख मिटाने के लिए कुछ ना कुछ खा लेते हैं, जिससे ओवर ईटिंग हो जाती है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** मन परेशान हो सकता है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृष राशि :** धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास भी करें। परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**मिथुन राशि :** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क राशि :** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। व्यस्तता बढ़ सकती है।

**सिंह राशि :** सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन प्रसन्न रहेगा। भवन सुख की प्राप्ति होगी।

**कन्या राशि :** परिवार का साथ रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**तुला राशि :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक राशि :** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु राशि :** धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कार आदि कार्यों में सुखद परिणाम मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर राशि :** नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। मानसिक शान्ति रहेगी। भवन सुख की प्राप्ति होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**कुंभ राशि :** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ सकते हैं। संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**मीन राशि :** भाइयों का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। मानसिक शान्ति की प्राप्ति होगी। किसी पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### क्राउन प्रिंस एमबीएस सऊदी अरब के नये प्रधानमंत्री बने

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुलअजीज ने 37 साल के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) को प्रधानमंत्री बना दिया है। मंगलवार को जारी शाही फरमान में किंग ने छोटे बेटे प्रिंस खालिद बिन सलमान को रक्षा मंत्री बनाया है। दो और अहम अपॉइंटमेंट भी हुए हैं। प्रिंस तुर्की बिन मोहम्मद बिन फहद बिन अब्दुल अजीज को राज्य मंत्री और प्रिंस अब्दुल अजीज बिन तुर्की बिन फैसल को खेल मंत्री बनाया गया है। एमबीएस वैसे तो डिफेंस मिनिस्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, लेकिन सच यह है कि किंग सलमान की खराब सेहत के चलते वो कई साल से सऊदी के अघोषित शासक हैं।

**इन पदों पर कोई बदलाव नहीं :** विदेश मंत्री की जिम्मेदारी पहले की तरह प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद, वित्त मंत्री का दायित्व मोहम्मद अल-जादान और निवेश मंत्री की जिम्मेदारी खालिद अल-फलीह निभाते रहेंगे। किंग सलमान बिन अब्दुल अजीज 2015 में सऊदी अरब के प्रधानमंत्री बने थे, अब उन्होंने बड़े बेटे मोहम्मद बिन सलमान को पीएम बना दिया है। 86 साल के किंग सलमान 2015 में शासक बने, लेकिन इसके पहले करीब ढाई साल तक उन्हें प्रिंस सलमान की तरह ही क्राउन प्रिंस के तौर पर काम किया था।

### फैक्ट्री में बॉयलर फटने से तीन मजदूरों की मौत, आठ घायल

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई में स्थित एक फैक्ट्री में बॉयलर फटने से तीन मजदूरों की मौत हो गयी, जबकि आठ अन्य घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक, फैक्ट्री में करीब 50 लोग काम कर रहे थे, तभी वहां एक हाइड्रोजन गैस सिलेंडर में यह धमाका हुआ। यह धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इस आवाज से इलाके के लोग दहशत में आ गये। शुरुआत में लोगों को लगा कि कहीं बड़ा बम धमाका तो नहीं हुआ। हालांकि, फिर बताया गया कि आग लगी है, जिसके बाद पता चला कि कंपनी में एक बॉयलर फट गया था। इस विस्फोट के बाद आसमान में धुएं के बड़े गुबार उठते देखे जा सकते थे। विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस और दमकल को घटना की सूचना दी गयी, जो तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गयी। उन्होंने घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और विस्फोट के सही कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। जिला आपदा प्रबंधन सेल के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब तीन बजे चंद्रपाड़ा क्षेत्र स्थित विद्युत उपकरण बनाने वाली कंपनी में हुई। उन्होंने कहा कि बुरी तरह झुलस जाने के चलते मृतक मजदूरों की पहचान नहीं हो सकी है।

# रूस से सस्ता तेल, एलपीजी और गेहूं खरीदेगा तालिबान

## तालिबान सरकार का किसी देश के साथ यह पहला करार



**काबुल (एजेंसी)।** पिछले साल 15 अगस्त को अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करनेवाले आतंकी संगठन तालिबान ने पहली बार किसी दूसरे देश से बिजनेस डील की है। तालिबान हुकूमत ने रूस से डिस्काउंट रेट पर ऑयल, एलपीजी और गेहूं खरीदने का करार किया है। तालिबान के कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर हाजी नूरद्दीन ने डील की पुष्टि कर दी है। इस मामले में खास बात यह है कि रूस समेत अब तक किसी देश ने तालिबान हुकूमत को मान्यता नहीं दी है। भारत ने मानवता के आधार पर अफगानिस्तान को 50 हजार टन गेहूं और दवाइयां भेजी हैं।

**रूस ने दिया था ऑफर :** ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने अफगानिस्तान को कम कीमत पर ऑयल और खासकर डीजल सप्लाई का ऑफर दिया था। बाद में बात आगे बढ़ी और डील में लिक्विड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के अलावा गेहूं भी शामिल किए गए। अब देखना ये होगा कि तालिबान पेमेंट किस तरह करता है, क्योंकि वो इंटरनेशनल बैंकिंग सिस्टम से बाहर है और अमेरिका ने उसके तमाम एसेट्स फ्रीज कर दिए हैं। नूरद्दीन ने डील के ऐलान के वक्त कहा- हम अपने ट्रेडिंग पार्टनर्स की तादाद बढ़ाना चाहते हैं। रूस ने हमें सस्ता तेल, गैस और गेहूं खरीदने का ऑफर दिया था। इसलिए यह डील हुई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग को जारी किया नोटिस

## आपराधिक रिकॉर्ड वाले कैंडिडेट्स को चुनाव लड़ने से रोकने वाली याचिका पर मांगा जवाब

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और भारतीय चुनाव आयोग को गंभीर मामलों में आरोपी पाये गये लोगों को चुनाव लड़ने से रोकने के निर्देश पर नोटिस जारी किया है। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस हृषिकेश रॉय की बेंच ने मामले पर लॉ एंड जस्टिस मिनिस्ट्री, होम मिनिस्ट्री और इलेक्शन कमीशन से जवाब मांगा है। दरअसल, कोर्ट इस मामले में एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिका में कहा गया है, केंद्र ने लॉ कमीशन और कोर्ट के पूर्व में दिए गए उस निर्देश पर अब तक कोई एक्शन नहीं लिया है, जिसमें गंभीर अपराध में आरोपित लोगों पर चुनाव लड़ने से रोकने की सिफारिश की गयी है। उन्होंने दावा किया कि विधि आयोग की सिफारिशों और अदालत के पहले के निर्देशों के बावजूद, केंद्र और चुनाव आयोग ने इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया है। याचिका में कहा गया है कि 2019 में लोकसभा चुनाव के जीतनेवाले 539



में से 233 (43 प्रतिशत) लोगों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की पुष्टि की थी। 2009 के बाद से गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या में 109 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक सांसद ने खुद के खिलाफ 204 आपराधिक मामलों की पुष्टि की है। जिसमें गैर इरादतन हत्या, घरेलू हिंसा, डकैती, आपराधिक धमकी आदि से संबंधित मामले शामिल हैं। एडवोकेट अश्विनी ने इस बात पर चिंता जतायी है कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों का प्रतिशत और उनके जीतने की संभावना पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है।

## किसान आंदोलन के दौरान उसे कई खातों को बंद करने का दिया गया था निर्देश : ट्विटर

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** ट्विटर ने हाईकोर्ट को बताया कि दिल्ली सीमा पर हुए किसान आंदोलन के दौरान उसे कई खातों को बंद करने का निर्देश दिया गया था। सोमवार (26 सितम्बर) को ट्विटर ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में बताया कि ट्विटर अकाउंट्स को ब्लॉक करने का निर्देश सरकार द्वारा दिया गया था। जो कि संविधान के अनुच्छेद 19ए के तहत भारतीय नागरिकों को मिलने वाली अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन है। मालूम हो कि उच्च न्यायालय फरवरी 2021 और जून 2022 के बीच केंद्र सरकार द्वारा ट्विटर को जारी किये गये निर्देशों के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

ट्विटर की तरफ से अदालत में दलील देने पेश हुए वरिष्ठ वकील अरविंद एस दातार ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69 में खातों को ब्लॉक करने की गुंजाइश नहीं है। मामले की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली पीठ को ट्विटर ने बताया कि बार-बार ट्विटर गाइडलाइन का उल्लंघन न होने पर अकाउंट्स को ब्लॉक नहीं किया जा सकता। कुछ मामलों में ट्वीट डिलीट हो सकते हैं। सुनवाई के दौरान बताया गया कि किसान आंदोलन के दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उसे कवर कर रहे थे, लेकिन लेकिन आंदोलन से जुड़ी जानकारी, न्यूज को ट्विटर को हटाने के लिए कहा गया। खासकर उन खातों को ब्लॉक करने के लिए कहा गया जो आंदोलन से जुड़ी खबरें ट्वीट कर रहे थे। ट्वीटर की तरफ से पेश हुए वकील ने कर्नाटक उच्च न्यायालय को यह भी बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69 के तहत इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है जो अकाउंट को थोक में ब्लॉक करने की अनुमति देता है। थोक में डिलीट करने का आदेश केवल ट्वीट पर ही लागू होता है।

बता दें कि इस मामले में अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। वहीं, केंद्र सरकार का तर्क है कि यह आदेश देश और जनहित में दिये गये थे। यह कदम लिंचिंग और भीड़ की हिंसा को रोकने के लिए उठाया गया था। ट्विटर ने जुलाई में केंद्र सरकार द्वारा दिये गये आदेश को चुनौती देते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय का रुख किया था। इकोनॉमिक टाइम्स ने ट्विटर के हलफनामे को लेकर लिखा है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से 2 फरवरी, 2021 और 28 फरवरी 2022 के बीच 1,474 अकाउंट्स, 256 यूआरएल, 175 ट्वीट और एक हैशटैग को ब्लॉक करने का आदेश दिया था।



## एस. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री के समक्ष उठाया वीजा में देरी का मुद्दा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के समक्ष भारत से अमेरिकी वीजा आवेदनों के काफी संख्या में लंबित होने का मुद्दा उठाया है। इस पर शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा कि वह इस मामले के प्रति संवेदनशील हैं और इसे सुलझाने के लिए उनके पास योजना है। ब्लिंकन ने भारतीय नागरिकों के वीजा आवेदनों के लंबित होने के लिए कोविड-19 महामारी को जिम्मेदार ठहराया। अमेरिका द्वारा मार्च 2020 में महामारी के कारण दुनिया भर में लगभग सभी वीजा आवेदनों पर आगे बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने के बाद अमेरिकी वीजा सेवाएं अब लंबित आवेदनों के निस्तारण की कोशिश कर रही हैं। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यहां करीब एक घंटे तक मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद विदेश मंत्रालय के फॉगी बॉटम मुख्यालय में यहां ब्लिंकन के साथ मीडिया से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि प्रतिभा के विकास और आवाजाही को सुगम बनाना भी हमारे पारस्परिक हित में है।

# तनाव में रहती हैं 87 प्रतिशत भारतीय महिलाएं

- आरपी सिंह

**नयी दिल्ली।** वैश्विक मार्केटिंग रिसर्च अनुसंधान और सर्वे कम्पनी नील्सन द्वारा 2011 में 21 देशों में 6,500 महिलाओं पर कराये सर्वे परिणाम में आया कि 87 प्रतिशत भारतीय महिलाएं घर से लेकर बाहर, बच्चों से लेकर परिवार तक की ज़िम्मेदारियों व भविष्य की चिंता के कारण ज्यादातर समय तनाव में रहती हैं। हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू में प्रकाशित यह सर्वे यह जानने के लिए किया गया था कि भारतीय महिलाओं व माताओं को सबसे ज्यादा स्ट्रेस क्यों रहता है। सर्वे में 87 प्रतिशत महिलाओं ने ज्यादातर समय खुद को तनाव में रहने की बात कही। 82 प्रतिशत महिला ने तो आराम के लिए समय नहीं मिलने की भी बात कही। इनके तनाव के मुख्य कारण निम्न बताये जाते हैं -

**ससुराल में सामंजस्य नहीं बन पाना :** भारत में ज्यादातर बच्चियों को पढ़ाया-लिखाया जाता है, कुछ नौकरी करती हैं, फिर उनकी शादी हो जाती है। जिसके बाद उनकी पूरी दुनिया ही बदल जाती है। चाहे वह प्रेम विवाह हो या अरेंज मैरिज। ससुरालवालों के साथ खुद को समायोजित बना, बिना किसी सहायता के बेटे और घर को संभालना, इन महिलाओं को तनाव ग्रस्त कर देता है। यही वजह है कि 25 से 45 वर्ष की उम्र की महिलाओं को सबसे ज्यादा तनाव महसूस होता है।

### ऑफिस व घर की जिम्मेदारी

**घर** और ऑफिस के काम के बीच संतुलन बनाने में बहुत परेशानी होती है। कभी परिवार के लोग जिम्मेदारियां याद दिलाते हैं, तो कभी ऑफिस में काम पूरा नहीं हो पाने के चलते बात सुननी पड़ती है, प्रमोशन की चिंता रहती है। शादी कई वर्ष हो जाने पर महिला पर संतान पैदा करने का दबाव बनने लगता है। ये सब मिलकर महिला को दबाव के चंगुल में ले लेते हैं। वह तनाव में रहने लगती है। मां बन गयी तो उन्हें अब बाहर रहने के कारण ज्यादातर बिना किसी की मदद के बच्चों को पालना, घर संभालना होता है, कैरियर पर भी ध्यान देना होता है।

### बच्चों को ध्यान नहीं देने पर प्रताड़ना

**परिवार** में माताओं को अक्सर उनके बच्चों के व्यवहार को लेकर ताना मारा जाता है। तुमने बच्चे को बहुत छूट दे रखी है, ऐसा किया तो वो बिगड़ जायेगा, तुम्हारे पालने-पोसने का तरीका अच्छा नहीं है। इस तरह की कई बातें मां को सुननी पड़ती हैं, जो उनमें तनाव पैदा करती हैं।

**बच्चों का भविष्य :** मां को अपने बच्चों के भविष्य की बहुत ज्यादा चिंता रहती है। वे सोचती रहती हैं कि बच्चा बड़ा होकर क्या करेगा, वो पढ़ाई पूरी कर पायेगा या नहीं, उसका भविष्य ठीक रहेगा या नहीं। इस तरह की बातें सोच सोचकर माता तनाव में रहती हैं। इन सबके कारण भारत की 87 प्रतिशत महिलाएं तनाव में रहती हैं।

## पीएम मोदी ने इटली चुनाव में जीत पर मेलोनी को दी बधाई, मेलोनी ने सहयोग का दिया भरोसा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली के आम चुनावों में फ्रेटेली डी 'इटालिया पार्टी की विजय पर इस पार्टी की नेता जियोर्जिया मेलोनी को बधाई दी है। सुश्री मेलोनी ने श्री मोदी को आश्वासन दिया है कि वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनकी सरकार के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया इटली के आम चुनावों में अपनी पार्टी फ्रेटेली डी इटालिया को जीत दिलाने के लिए जियोर्जिया मेलोनी को बधाई। अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए हम साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। इसके जवाब में इटली की नेता ने ट्वीटर पर कहा कि बहुत धन्यवाद नरेंद्र मोदी! अंतर्राष्ट्रीय स्थिरता और अन्य सभी वैश्विक चुनौतियों पर आपके और आपकी सरकार के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं। इस जीत के साथ जियोर्जिया मेलोनी इटली की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने जा रही हैं। उनकी सरकार द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वहां की पहली दक्षिणपंथी सरकार होगी। उनकी पार्टी को लगभग 25 प्रतिशत वोट मिले हैं। सुश्री जॉर्जिया मेलोनी के पिता ने उनके जन्म के बाद ही उनकी मां को छोड़ दिया था और उनका लालन-पालन उनकी मां ने अकेले किया। राजनीति में सुश्री मेलोनी का औपचारिक प्रवेश 21 साल की उम्र में हुआ, जब उन्होंने अपना पहला स्थानीय चुनाव जीता।

### पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में चीनी नागरिक की मौत

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कराची शहर में बुधवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक दंत चिकित्सालय के अंदर गोलीबारी की, जिसमें एक चीनी नागरिक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। डॉन समाचार पत्र की एक खबर के अनुसार, एसएसपी (दक्षिण) असद रजा ने कहा कि हमलावर कराची के सदर इलाके में स्थित क्लिनिक में मरीज होने का नाटक करते हुए घुसे। उन्होंने कहा कि हमले का शिकार हुए एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक महिला समेत दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मां मंगलागौरी में पूरी होती है भक्तों की मनोकामना



**गया (एजेंसी)।** बिहार में गया शहर स्थित मां मंगलागौरी मंदिर में पूजा करने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। मां मंगलागौरी शक्ति पीठ में शारदीय नवरात्र को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। ऐसी मान्यता है कि नवरात्र के महीने में यहां पूजा-पाठ करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती है। शक्तिपीठ मां मंगला गौरी का मंदिर में नवरात्र के महीने में दूर-दराज से भक्त आते हैं और अपने परिवार की सुख, समृद्धि, शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव जब माता पार्वती के जलते शरीर को लेकर तांडव करते हुए आकाश मार्ग से चल पड़े, तब उनके रौद्र रूप को शांत करने के लिए भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र चलाकर मां पार्वती के शरीर के कई टुकड़े कर दिये। जहां-जहां माता पार्वती के शरीर के टुकड़े गिरे, वह स्थल शक्तिपीठ कहलाया। गया शहर के भस्मकुट पर्वत पर माता सती का वक्षस्थल गिरा, जो मंगला गौरी शक्ति पीठ के रूप में जाना जाता है। मंदिर के अंदर कई वर्षों से अखंड ज्योति जल रही है, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु पूजा-पाठ करते हैं। ऐसा माना जाता है कि यहां पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। स्थानीय पुजारी विनय गिरी ने बताया कि मां मंगला गौरी शक्ति पीठ देश के मशहूर शक्तिपीठों में से एक है। यहां पूजा-पाठ करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति या जीव के लिए जन्म, पालन और संहार तीनों चीजें मायने रखती हैं। मां मंगला गौरी शक्तिपीठ मंदिर में देवी सती का वक्षस्थल गिरा था, इसलिए इसे पालन पीठ भी कहा जाता है। वैसे तो सालों भर भक्त यहां पूजा करने आते हैं, लेकिन शारदीय नवरात्र के दौरान यहां पूजा करने का विशेष महत्व है। नवरात्र के दिनों में यहां काफी भीड़ होती है।




## न्यूज गैलरी

### प्रख्यात चित्रकार की दूसरी पुण्यतिथि पर वस्त्र का वितरण



रांची। रांची के प्रख्यात चित्रकार स्वर्गीय धीरेन्द्र नारायण सिन्हा को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर याद किया गया। इस मौके पर बुधवार को डीएनएस फाउंडेशन की ओर से मानसिक रुप से अस्वस्थ महिलाओं के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। इस दौरान डीएनएस फाउंडेशन की निदेशक गीता सिन्हा ने कहा कि ईमानदारी से कमाया गया धन ही दान करने योग्य होता है। अन्यथा इसका उचित फल नहीं मिल पाता। चित्रकार धीरेन्द्र नारायण सिन्हा जीवनपर्यंत समाज के वंचित लोगों की मदद करते रहे थे, जिसे डीएनएन फाउंडेशन आगे बढ़ा रहा है। मौके पर फाउंडेशन की श्वेता सिन्हा भी मौजूद थीं।

### शिक्षक हत्याकांड मामले में दो शूटर गिरफ्तार

रांची। शिक्षक शिवप्रसाद हत्याकांड मामले में पुलिस ने चार साल बाद हत्या में शामिल दो शूटर को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है की 7 जुलाई 2018 लालपुर थाना क्षेत्र के होटल आर्या के पास गुरुनानक स्कूल के शिक्षक शिव प्रसाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय से ही इस हत्या की गुत्थी को सुलझाने में लगी थी और अनुसंधान अनवरत चल रहा था। रांची एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए हत्या की घटना में शामिल दो शूटर को गिरफ्तार किया है।दोनों शूटर से पुलिस पूछताछ कर रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेगी।

### अमर शहीद भगत सिंह को नमन

रांची। राज्यपाल रमेश बैस ने बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी व माँ भारती के वीर सपूत अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन किया ।उन्होने कहा कि राष्ट्र की स्वाधीनता हेतु उनका बलिदान सदैव सबको देश के प्रति प्रेम और त्याग करने की प्रेरणा देता रहेगा।

### गोस्सनर कॉलेज के विद्यार्थियों ने दूरदर्शन केंद्र का भ्रमण किया

रांची। गोस्सनर कॉलेज के मास कम्युनिकेशन एंड वीडियो प्रोडक्शन विभाग के 20 विद्यार्थियों का दल बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण पर रांची दूरदर्शन केंद्र गया। दल का नेतृत्व प्रो मीना सिन्हा और महिमा गोल्डेन बिलुंग ने किया। भ्रमण में दूरदर्शन के स्टूडियो, पावर सप्लाई रूम, संपादन कक्ष सहित अन्य विभागों को भी विद्यार्थियों ने देखा और उनके कार्यों को जाना। स्टूडियो में लाइव, टेलीप्रॉम्प्टर, लाइट्स, प्रोफेशनल कैमरा, क्रोमा स्क्रीन आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इंजीनियरिंग असिस्टेंट विमलेंदु पाठक ने तकनीकी विभाग की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि न्यूज एंकर को एंकरिंग के दौरान स्क्रिप्ट व तकनीक की जानकारी होना चाहिए, साथ ही प्रस्तुतिकरण का भी खास ध्यान रखना चाहिए। संपादक अनुज कुमार ने संपादन की तकनीक, ध्यान देने योग्य बातों, साउंड व वीडियो का सही सामंजस्य, इफेक्ट्स आदि की जानकारी दी। प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव गोविंद झा ने दूरदर्शन के लिए समाचार लिखने के तरीके, स्रोत, शब्दों का चयन, प्रस्तुतिकरण आदि की जानकारी दी। वहीं, प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव अमित कुमार ने युवाओं के लिए प्रसारित होनेवाले विशेष कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की भागीदारी के बारे में बतलाया।

### बीआईटी मेसरा में पहली बार जनजातीय ड्रेस कोड में डिग्री लेंगे विद्यार्थी

रांची। बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा का 32वां दीक्षांत समारोह नवंबर में प्रस्तावित है। इसमें 2022 में स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी करने वाले विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। विशेष यह है कि समारोह में अब तक चला आ रहा ड्रेस कोड गाउन नजर नहीं आएगा, बल्कि झारखंड की संस्कृति के वाहक के रूप में जनजातीय ड्रेस कोड में विद्यार्थी डिग्री लेंगे। डिग्री व पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का जो ड्रेस कोड तय किया गया है, उसमें झारखंड की संस्कृति देखेगी। कुड़ुख पैटर्न की बंडी और बैज में विद्यार्थी डिग्री प्राप्त करेंगे। राज्य में इस तरह की पहल करने वाला बीआईटी मेसरा पहला संस्थान होगा। रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के लिए ड्रेस कोड भारतीय है, लेकिन इसमें जनजातीय शिल्प या परिधान शामिल नहीं है।
बीआईटी मेसरा के 32वें दीक्षांत समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी की करीब 1600 डिग्रियां बंटेंगी। संस्थान में इंजीनियरिंग के अलावा एमबीए, होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।
हर विभाग के टॉपर को समारोह में गोल्ड मेडल मिलेगा। डॉ उत्पल बाउल दीक्षांत समारोह के चेयरमैन बनाए गए हैं। दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना की अध्यक्षता में एक बैठक 10 अक्तूबर को होनी है, जिसमें समारोह से संबंधित सभी प्रस्तावों व तैयारियों पर अंतिम मुहर लगेगी।

### अस्पताल पहुंचानेवाले व्यक्तियों को प्रोत्साहन राशि देने के लिए बना एसओपी

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड गुड सेमेरिटन पॉलिसी 2020 के तहत गुड सेमेरिटन (नेक नागरिक) को प्रदान किये जानेवाले रिवार्ड एवं प्रोत्साहन के लिए नया मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को अधिसूचित कर दिया है। नीति को स्वास्थ्य विभाग के पत्र के आलोक में फरवरी 2021 में कैबिनेट की मंजूरी मिली थी। इसके तहत सरकार ने संवेदनशीलता दिखते हुए झारखंड गुड सेमेरिटन पॉलिसी लागू की। ताकि सड़क हादसे में घायलों की मदद के लिए लोग आगे आयें और किसी के जीवन की रक्षा हो सके। घायलों को अस्पताल पहुंचानेवालों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाना है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डेन आवर एक घंटा के अंदर अस्पताल पहुंचानेवाले व्यक्तियों को नेक नागरिक मानते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा।
गुड सेमेरिटन को प्रदान की जानेवाली प्रोत्साहन राशि आदि के लिए लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा परिहवन विभाग झारखंड द्वारा सबसे पहले प्रति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 25000 रुपये सभी जिला परिवहन पदाधिकारी को सड़क सुरक्षा कोष से आवंटित किया जायेगा।

### लोकसभा के अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति की बैठक संपन्न

# झारखंड मछली का बड़ा बाजार बने, इस दिशा में करें काम : सांसद संजय सेठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा के अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति की बैठक नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। बुधवार की बैठक में मत्स्य पालन से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई इस बैठक में राज्य लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए। उपरोक्त बैठक में यह बताया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत झारखण्ड में इस बार वित्तीय वर्ष 2022-23 में 83 करोड़ के परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। जबकि इसके पूर्व के दो वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 में 225 करोड़ की परियोजना को स्वीकृत प्रदान की गई थी। इस बैठक में देशभर में मत्स्य पालन को लेकर चल रही परियोजनाओं पर चर्चा हुई और उसे और बेहतर तरीके से लागू करने अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में काम करने पर बात हुई। इस दौरान अपनी बात रखते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि मत्स्य पालकों के बीच लारवा का वितरण, बेहतर प्रशिक्षण और उनका बीमा सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि मत्स्य पालक और बेहतर तरीके से काम कर सकें। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की राजधानी रांची मछली का बड़ा बाजार है, इसे और बेहतर करने के लिए व्यापक योजना बने ताकि इस क्षेत्र में रुचि रखने वालों को बेहतर बाजार और अवसर उपलब्ध हो सके। सांसद ने बैठक में कहा की वर्तमान समय में आंध्र प्रदेश से व्यापक पैमाने पर मछलियां झारखंड आती है। 5-7 दिनों की बासी मछली भी यहां बिकती है। झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां कई छोटे-छोटे पोखर और तालाब है, एक वृहद योजना बनाकर इन तालाबों में मत्स्य पालन किया जाए। इस दिशा में काम करना चाहिए। रांची लोकसभा क्षेत्र मछली का एक बड़ा बाजार बन सकता है क्योंकि यहां कई ऐसे झरने और अन्य पर्यटन स्थल हैं, जो जलाशयों से भरे पड़े हैं। इन जलाशयों का उपयोग पर्यटन के साथ-साथ मत्स्य पालन की दृष्टि से भी किया जाए। इस दिशा में बड़ी योजना बनानी चाहिए। बैठक के उपरांत सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार जितनी गंभीरता से अपनी परियोजनाओं को लागू करती है, उतनी ही गंभीरता राज्य सरकार को भी बरतनी चाहिए ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों और नागरिकों को मिल सके। राज्य सरकार थोड़ी गंभीरता दिखाए तो भारत सरकार दोनों हाथ खोलकर परियोजनाओं के लिए राशि देने को तैयार है। इस बैठक में प्रमुख रूप से मत्स्य पालन के सचिव श्री जतिंद्रनाथ स्वाइन, संयुक्त सचिव श्री सागर मेहरा, सदस्य सचिव श्री वी. कृपा, मत्स्य पालन के संयुक्त आयुक्त श्री शंकर, उप सचिव राकेश कुमार, सुशील कुमार झा सहित कई अधिकारी शामिल रहे।

## अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 पर कार्यशाला का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार की योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण कर सामाजिक न्याय सभा एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 संशोधित नियम 2016 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कल्याण शाखा द्वारा डॉक्टर रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी में आयोजित कार्यशाला में परियोजना निदेशक आईटीडीए सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, सभी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, प्रखण्ड कल्याण पर्यवेक्षक एवं अन्य उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधित नियम 2016 के प्रावधानों की सुक्ष्म जानकारी दी गयी। सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा विभिन्न विद्यालयों राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, बरियातु, अनीता इन्टरमीडिएट कॉलेज काँके, अनुसूचित जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, कमड़े, ओल्ड ऐज होम बिहार समाज कल्याण संस्थान, कुल्लू नगड़ी, अपना घर-उर्सुलाइन कॉनवेन्ट हेसाग, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना बेती कांके मलघोसा हेसातु अनगडा, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के 02 पीड़ित व्यक्तियों पर सामाजिक अंकेक्षण कर सामाजिक न्याय सभा में रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया।

## द्वारिका हॉस्पिटल के नये भवन का विधायक ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को द्वारिका हॉस्पिटल के नए भवन का सीपी सिंह ने नारियल फोड़कर किया उद्घाटन किया। इस मौके पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.एस.के.निराला एवं मेजर सीमा निराला ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत करते हुए कहा,ओ.पी.डी.एंड डे केयर यूनिट से क्षेत्र के ग्रामीणों एवं आम जनता को काफी लाभ मिलेगा। यहां 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि रांची के लोकप्रिय विधायक सी.पी.सिंह, विशिष्ट अतिथि झारखंड रत्न डॉ. राजेंद्र कुमार हाजरा, जसलोक हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. जितेंद्र सिन्हा, छात्र क्लब चिकित्सा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो महासंघ के अध्यक्ष दिनेश सोनी, थाना प्रभारी टाटीसिल्वे एवं थाना स्टाफ, पूर्व जिला परिषद नामकुम फुल कुमारी देवी, उपप्रमुख नामकुम प्रखंड वीणा देवी, पूर्व मुखिया बड़ाम अंजू कुजूर, समाजसेवी राजदेव यादव, उषा मार्टिन पर्सनल ऑफिसर, लालगंज मुखिया अनिल लिंडा, समाजसेवी संजीव गुप्ता, डॉ. एंटोनी किस्कू, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ.पी.आर. बाखला, डॉ.उमर, डॉ.एन.पी. सिन्हा, डॉ. अत्री गंगोपाध्याय, डॉ. संजय कुमार, आजसू नेता विष्णु कुमार महतो, रामनाथ शर्मा, देवेश कुमार सिंह, शैलेश सिंह, सुबोध तिवारी सहित काफी संख्या में गण्यमान अतिथिगण मौजूद थे। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से श्रीकांत कुमार, मगदली भेंगरा, रोशनी लाकड़ा सुलेखा टूटी, सुषमा कुमारी, प्रमिला कुमारी एवं अस्पताल के कर्मचारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पृष्ठ एक के शेष

**मूर्ति क्षतिग्रस्त किये जाने से...**
संगठनों के नेताओं को भी प्रशासन की तरफ से यह भरोसा दिलाया कि खंडित मूर्ति को बना लिया जायेगा आगामी पर्व त्योहारों को देखते हुए आपसी सौहार्द बनाये रखना बेहद जरूरी है।
वहीं, दूसरी तरफ इलाके में तनाव देखते हुए रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने मंदिर के आसपास के इलाकों को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है। कोतवाली डीएसपी, सिटी डीएसपी को मामले पर नजर रखने की हिदायत दी गयी है। इधर, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मेन रोड में महावीर मंदिर में प्रतिमा क्षतिग्रस्त किये जाने की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि मंदिर के ठीक सामने गुरुद्वारा है, बगल में विशाल क्लब दुर्गा पूजा का आयोजन होता है। विगत 10 जून को ही इसी क्षेत्र में संकटमोचन मंदिर में दंगाइयों ने हमला किया था। शहर के इस व्यस्ततम इलाके में फिर से ऐसी घटना शहर के विधि-व्यवस्था की पोल खोलती है। इस क्षेत्र में कई बड़े व्यवसायिक संस्थान हैं, जिनके सीसीटीवी कैमरे की मदद से हमलावरों की पहचान की जा सकती है। रांची पुलिस इस मामले में सक्रियता से छानबीन करे और जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करे।
रांची सांसद संजय सेठ ने मल्लाह टोली, हनुमान मंदिर में प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के मामले में उपायुक्त और एसएसपी से बात किया तथा अविलंब प्रतिमा की मरम्मत कराने को कहा। उन्होंने कहा कि मामले में जिसकी गिरफ्तारी हुई है, उसे विक्षिप्त बताया जा रहा है। श्री सेठ ने कहा कि इस बात की मेडिकल जांच हो कि वह वास्तव में विक्षिप्त है या नहीं। पूरे मामले के अन्य दोषियों की गिरफ्तारी और उन पर सख्त कार्रवाई पर भी रांची सांसद ने जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को उक्त हनुमान मंदिर के समीप पुलिस की 24 घंटे व्यवस्था करने को कहा।

**राजधानी में पुलिस का फ्लैग मार्च...**
रहे हैं। ऐसे में रांची के मेन रोड इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, पुलिस ने एहतियातन सुबह से ही मेन रोड में पुलिस बल को तैनात कर दिया था। उपद्रवियों और असामाजिक तत्वों के बीच यह संदेश जाये कि पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। इसके लिये मेन रोड इलाके में पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च भी किया गया।
**तीन थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च :** रांची के मेन रोड इलाके में पड़नेवाले तीन थाने हिंदपीढ़ी, कोतवाली और लोअर बाजार बेहद सेंसिटिव माने जाते हैं। 10 जून को हुई हिंसा में भी यह क्षेत्र काफी प्रभावित हुआ था। इसे देखते हुए बुधवार को रांची एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर सुजाता चौक तक पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

**गहलोत राजस्थान के सीएम बने रहेंगे...**
वासनिक, खड़गे, कुमारी सैलजा और कुछ अन्य नामों को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। वैसे कमलनाथ कह चुके हैं कि उन्हें अध्यक्ष पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। अध्यक्ष पद के चुनाव की चर्चा के बीच, कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक ने प्रियंका गांधी वाद्रा को उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की।
**प्रियंका गांधी को अध्यक्ष बनाने की पैरवी :** असम की बारपेटा लोकसभा सीट से सांसद खालिक ने ट्वीट किया कि राहुल गांधी फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनने से इनकार रह रहे हैं। मैं प्रियंका गांधी को सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार मानता हूं। भारतीय परंपरा के अनुसार, वाद्रा परिवार की सदस्य होने के चलते अब वह गांधी परिवार की सदस्य नहीं रह गई हैं।

**पलामू पुलिस ने हथियार के साथ पांच...**
पर उसके पास से एक अवैध लोडेड देसी कट्टा बरामद हुआ।पूछताछ में पकड़ाये युवकों के द्वारा बताया गया कि उनके भागे साथी अमित चन्द्रवंशी के साथ विश्वकर्मा पूजा के दिन गुड्डू (काल्पनिक नामक) युवक से झगड़ा हुआ था. बदला लेने के लिए सभी उसे मारने के लिए जा रहे थे. इस हत्या को अंजाम देने के लिए एक देसी कट्टा एवं गोली बंटी राइन ने उपलब्ध कराई गई थी. बंटी राइन को भी छापामारी के क्रम में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी टीम में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, पु.अ.नि. रविशंकर, स.अ.नि सह टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा, आरक्षी राकेश कुमार सिंह, शिवानंद यादव, जावेद अंसारी, संतन कुमार मेहता, श्रवण यादव, नवलेश कुमार शर्मा, संदेश पाल, हरजीत पासवान, रजनीश पासवान और सहायक आरक्षी प्रफूल्ल कुमार सिंह शामिल थे।

**यूट्यूब पर रिजीज हुई शहर के प्रसिद्ध...**
दर्शकों की तारीफ मिलनी शुरू हो गयी है। खास कर राजा सिन्हा द्वारा गया गया गीत धुआँ-धुआँ सा को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। इसकी बोल सैकत चट्टोपाध्याय ने लिखी है। कहानी संजीत प्रजापति व पटकथा विनोद पांडेय की है। इसके सह निर्देशक उज्जवल सिन्हा हैं। फिल्म के डीओपी, एडिटर व डाइरेक्टर सैकत चट्टोपाध्याय हैं। श्री चट्टोपाध्याय ने बताया कि डा. अग्रवाल फिल्म में डा. अतुल त्यागी की भूमिका में दिखेंगे। नंदिनी सिंह ने मुन्नी की भूमिका निभाई है। मुन्नी की मां की भूमिका में प्रतिष्ठित अभिनेत्री मुनमुन चक्रवर्त्ती व पिता की भूमिका में अशोक दुबे हैं। कामरूप सिन्हा, अमर भांजा, राज प्रतिक पाल, मोहम्मद सद्दाम, आकर्ष प्रताप सहित करीब 23 कलाकार इस फिल्म में कई भूमिकाओं में नजर आयेंगे। फिल्म की कहानी मुन्नी नामक लड़की के ईर्दगिर्द घूमती है। जिसे फूड पॉइजनिंग हो गयी है। ये कैसे हुआ, क्यों हुआ ये जानने के लिए फिल्म को अंत तक देखना जरूरी होगा। धन्यवाद ज्ञापन मनीषा सिंह ने किया।

**डेंटल मरीजों का ग्रामीण क्षेत्रों में...**
डॉक्टर हुआ करते थे। एक समय ऐसा आया जब उनके जाने के बाद डेंटल डॉक्टरों की एक बड़ी कमी आ गयी। बाद में उस कमी को हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. विजय सिंह के पुत्र डा. विनित कुमार सिंह और उनकी पुत्र वधु डा. श्वेता ने पूरा किया। फिर डा. केके गुप्ता के पुत्र डा. आनंद गुप्ता और उनके सहपाठी डा. प्रशांत गोयल ने भी इस कमी को पूरा करने का काम किया। लेकिन जिस तरह से पलामू में दांत के मरीजों की तादाद बढ़ रही है, उसमें अभी पलामू को और डेंटिस्टों की सख्त आवश्यकता है। इन्हीं कमियों को पूरा करने की कड़ी में आज से एक और नाम डा. आकृति सहाय का जुड़ गया है। जो दंत चिकित्सा में उच्च स्तर पढ़ाई करके यहां पहुंची हैं। वातानुकूलित एरिया में विभिन्न प्रकार के नई तकनीक यंत्रों के साथ उनका यह डेंटल हॉउस आने वाले समय में निश्चित तौर पर मिल का पत्थर साबित होगा। बता दें कि डा. आकृति शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी संजय सहाय की पुत्री हैं। पिता के अनुरोध पर उन्होंने पलामू के लोगों को सेवा प्रदान करने की हामी भरी है। जो पलामू के लिए वरदान से कम नहीं है। मौके पर शहर की कई हस्तियां इस डेंटल हॉउस में मौजूद थे। जिसमें प्रसिद्ध व्यवसायी सुरेश जैन, पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सचिव किरण कुमार सिंह, व्यवसायी ओम प्रकाश, तारकेश्वर आजाद, अमरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, आलोक श्रीवास्तव, अविनाश वर्मा, प्रो. केसी मिश्रा, नवल तुलस्यान, बीएन सहाय, बीरेन्द्र कौर, बलराम प्रसाद, सुधीर सहाय, सरदार कुलदीप सिंह और शब्बीर अहमद समेत कई प्रमुख नाम शामिल हैं।

**कोर्ट फीस (झारखंड संशोधन) विधेयक...**
करने का निर्णय लिया।
**कमेटी बनाने पर विचार कर रही है सरकार :** कोर्ट फीस की बढ़ोतरी में सुधार को लेकर झारखंड सरकार तीन सदस्यीय कमेटी बनाने पर विचार कर रही है। इस पूरे मामले पर कमेटी एक रिपोर्ट तैयार करेगी और उसे कैबिनेट में भेजा जायेगा। इस रिपोर्ट के आधार पर कैबिनेट इस पूरे मामले पर फैसला लेगी। वहीं, सरकार के इस फैसले पर बार काउंसिल ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा है कि इस पर कमेटी बनेगी इसमें लंबा वक्त लगेगा। काउंसिल के अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण और एमिकस क्यूरी वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कहा कि कमेटी बनाने का प्रस्ताव लाकर सरकार इस मामले को उलझाने का प्रयास कर रही है। बार काउंसिल ने सरकार के कोर्ट फी संशोधन एक्ट को निरस्त करने के लिए जनहित याचिका दायर की है। इस याचिका में कहा गया है कि सरकार ने प्रक्रिया का पालन किये बिना ही एक्ट में संशोधन कर दिया, बार काउंसिल से भी किसी तरह की सलाह नहीं ली गयी। एक्ट में संशोधन के फैसले से आम आदमी के लिए न्याय और महंगा हो जायेगा।

समाहरणालय, गढ़वा
(अनु0ज0जा0, अनु0जा0, अल्पसंख्यक एवं पि0वर्ग, कल्याण शाखा)
सूचना सं० :–............,गढ़वा दिनांक..................

अल्पसंख्यक छात्रवृति वर्ष 2022–23 हेतु आवश्यक सूचना
( प्री–मैट्रिक, पोस्ट–मैट्रिक, मेरिट–कम– मिन्स तथा बेगम हजरत महल राष्ट्रीय छात्रवृति )

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रांक–SS-15/4/2021 & Scholarship & MOMA दिनांक–20.07.2022 के आलोक में राज्य के सभी विद्यालय/महाविद्यालय/आई०टी०आई०/विश्वविद्यालय/अन्य शिक्षण संस्थान (जहाँ अल्पसंख्यक गरीब छात्र/छात्राए अध्ययनरत है) के प्रधानाध्यापक/प्रचार्य/अल्पसंख्यक छात्रवृति हेतु प्राधिकृत नोडल पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा संचालित अल्पसंख्यक छात्रवृति यथा:– प्री–मैट्रिक, पोस्ट–मैट्रिक, मेरिट–कम–मिन्स तथा बेगम हजरत महल राष्ट्रीय छात्रवृति 2022–23 हेतु राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल (NSP) वेबसाईट– www.scholarships.gov.in (इस साईट का लिंक www.minorityaffairs.gov.in पर भी उपलब्ध है) या मोबईल ऐप–National Scholarship (NSP) पर छात्रवृति योजनाओं में से किसी एक के लिए ओनलाईन आवेदन कर सकते। अल्पसंख्यक छात्रवृति हेतु निम्नांकित तिथि तक ऑनलाईन आवेदित किया जा सकता है।

समय सीमा:–

| OPENING OF PORTAL | 20 JULY 2022 | |
|---|---|---|
| छात्रों द्वारा नई छात्रवृति (पहली बार आवेदक) तथा नवीकरण छात्रवृति (वह आवेदक जिसने 2021–22 के दौरन छात्रवृति प्राप्त की) हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख | प्री–मैट्रिक छात्रवृति | 30 सितम्बर 2022 |
| | पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति एवं मैरिट–कम–मिन्स आधारित छात्रवृति | 31 अक्टूबर 2022 |
| | बेगम हजरत महल राष्ट्रीय छात्रवृति योजना | 30 सितम्बर 2022 |

पात्रता:–
- आवेदक छः अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों (जैन, बौद्ध, सिक्ख, पारसी मुस्लिम, ईसाई)का विद्यार्थी हो।
- वह भारत में सरकारी या निजी विश्वविद्यालयों/संस्थानों/महाविद्यालयों/विद्यालयों में अध्यन कर रहा हो।
- अध्ययन किया जा रहा पाठ्यक्रम न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का हो।
- आवेदक ने पिछले वार्षिक बोर्ड/कक्षा की परीक्षा में 50% अंक प्राप्त किए हों।

निर्देश :–
- ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए विस्तृत निर्देश और बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्न(एफएक्यू)राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल के होम पेज पर उपलब्ध है।
- आवेदक को परामर्श दिया जाता है कि केवल वहीं बैक खाता विवरण दें जो सक्रिय मोड में है या बैंक के निर्देशों के अनुसार हो ताकि छात्रवृति का भुगतान विफल न हो।
- बेगम हजरत महल राष्ट्रीय छात्रवृति योजनान्तर्गत केवल छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्राएं अर्थात। मुस्लिम, ईसाई, सिख,बौद्ध, जैन, पारसी(पारसी)। भारत में अध्ययन कर रहे हैं और योजना के दिशानिर्देशों को पूरा करते हुए इस छात्रवृति के लिए आवेदन करने के लिए पात्र है।

विश्वविद्यालयों/संस्थानों/महाविद्यालयों/विद्यालयों के लिए :–
- सभी विश्वविद्यालयों/संस्थानों/महाविद्यालयों/विद्यालयों, जहाँ कोई अल्पसंख्यक छात्र/छात्रा पढ़ रहे है, वे 31.08.2022 तक राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल पर स्वंय को पंजीकृत कर, अपने इंस्टीट्यूट नोडल ऑफिसर का केवाईसी (KYC) एवं आधार डेमो–औथेंटिकेशन सुनिश्चित करें।
- अल्पसंख्यक छात्रवृति हेतु केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकार्य है।

नोट:– विस्तृत जानकारी के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की वेबसाईट www.minorityaffairs.gov.in पर जाए। सामाधान हेल्पलाईन (टोल फ्री): 1800–11–2001 (समय सुबह 9:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक,सोमवार से शुक्रवार, छुट्टी के दिन छोड़कर)।

ह०/–
जिला कल्याण पदाधिकारी
गढ़वा।

PR 278845 Welfare(22-23)D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(खेल शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

निदेशानुसार बी0एस0 कॉलेज लोहरदगा में इंडोर शुटिंग रेंज हेतु राईफल इत्यादि सामग्रियों के क्रय हेतु अद्यतन निबंधित प्रतिष्ठान आपूर्तिकर्ता/विक्रेता मुहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक– 11.10.2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, लोहरदगा में प्राप्त की जायगी तथा दिनांक 12.10.2022 को 3:00 बजे जिला क्रय समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के विकास शाखा में खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में कार्य अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। सामग्रियों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| SL N0 | NAME OF EQUIPEMENT | QUANTITY |
|---|---|---|
| 1 | WALTHER LG -400 ALUTEC MANUAL, 177 CAL, AIR RIFLE | 3 PICES |
| 2 | STEYR LP2 JUNIOR. 177 CAL AIR PISTOL (Less than 20 joules) | 2 PICES |
| 3 | STEYR EVO 10 MANUAL. 177 CAL PISTOL (Less than 20 joules) | 3 PICES |
| 4 | BAUER AIR FILLING COMPRESSOR | 1 PICES |
| 5 | COMPRESSED AIR CYLINDER | 3 PICES |
| 6 | TACHUS COMPUTERISED ELECTRONIC TARGET SYSTEM WITH LAPTOP WIRING ONSTALLAATION AND 1 YEAR WARRANTY | 10 PICES |

निविदा की शर्तें:–
1. निविदा के साथ अग्रधन के रूप में उपायुक्त, लोहरदगा के पदनाम से मो0 1,00,000/– (एक लाख) रूपये का किसी भी राष्टीयकृत बैक द्वारा जारी डिमांड ड्राफ्ट प्रस्ताव के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा जो "उपायुक्त, लोहरदगा" के पदनाम से भुगतेय होगा।
2. गत तीन वर्षो (2018–19, 2019–20 एवं 2020–21) का औसत कारोबार कम से कम 50,00,000/–(पचास लाख) रूपये वार्षिक होना चाहिए।
3. संबंधित प्रतिष्ठान अगर सरकारी विभाग में सामान विक्रय किये होगें उनका प्रमाण पत्र देने पर प्राथमिकता दी जायगी।
4. निविदा के साथ वाणिज्यकर, पैन नं0, टीन नं0, जी0एस0टी0 नं0, अधिकृत विक्रेता होने का प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकार रिर्टन एवं स्वच्छता प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित रहेगी।
6. सामग्रियों को लाने/ले जाने का भाड़ा देय नहीं होगा।
7. उपरोक्त सामग्री बी0एस0 कॉलेज लोहरदगा में इंडोर शुटिंग रेंज के लिए निविदादाता को स्वयं वहन करना होगा।
8. फर्म /प्रतिष्ठान के काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी शपथ पत्र (न्युनतम 100/– सौ रूपये के नोटरी पब्लिक द्वारा सत्यपित स्टाम्प पेपर पर)
9. गत तीन वर्षो (2018–19, 2019–20 एवं 2020–21) का आयकर रिटर्न एवं अंकेक्षित वितीय स्थिति विवरणी (Balance Sheet)।
10. झारखण्ड राज्य के स्थानीय निविदादाताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा | उप विकास आयुक्त, लोहरदगा | उपायुक्त, लोहरदगा

PR 278855 Lohardaga(22-23).D

## न्यूज गैलरी

### लियोनेल मेस्सी के दो गोल से अर्जेंटीना ने जमैका को हराया



**हैरिसन/अमेरिका (एजेंसी)।** लियोनेल मेस्सी के दो गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने फुटबॉल विश्व कप से पूर्व अपने अंतिम अभ्यास मैच में मंगलवार को यहां जमैका को 3-0 से हराया। मेस्सी ने दो गोल किये और इस दौरान दो बार प्रशंसक मैदान पर घुस आए। इस जीत से साथ अर्जें टीना का अजेय अभियान 35 मैच का हो गया है। टीम ने पिछले तीन साल में कोई मुकाबला नहीं गंवाया है। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कालोनी ने कहा कि आपको मेस्सी का लुत्फ उठाना होगा। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका देश कौन सा है, हर कोई यही करता है। मैं उनका कोच हूं लेकिन मैं उन्हें देखने के लिए टिकट खरीदूंगा। जूलियन अल्वारेज ने 13वें मिनट में अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई। मेस्सी 56वें मिनट में मैदान पर उतरे और उन्होंने 86वें और 89वें मिनट में गोल दागकर अर्जेंटीना की आसान जीत सुनिश्चित की। मेस्सी के 164 अंतरराष्ट्रीय मैच में 90 गोल हो गए हैं। उन्होंने करियर में 17वीं बार किसी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में एक से अधिक गोल किए।

### विश्व कप से पहले अमरीका की चिंता बढ़ी

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमरीका ने फुटबॉल विश्व कप से पहले अपने अंतिम अभ्यास मैच में मंगलवार रात स्पेन के मुर्सिया में सऊदी अरब से गोल रहित ड्रॉ खेला। यह नतीजा अमरीका के लिए गैर प्रभावशाली और चिंताजनक है। शुक्रवार को दुनिया की 24वें नंबर की टीम जापान के खिलाफ 2-0 की हार के दौरान गोल की तरफ कोई भी शॉट नहीं मार पाने के बाद अमरीकी टीम 53वीं रैंकिंग वाले सऊदी अरब के खिलाफ सिर्फ दो बार ही ऐसा कर पायी। विश्व कप में जगह बनाने वाले देशों के खिलाफ पिछले सात मैच में अमरीका की टीम सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है जबकि तीन मैच में उसे हार मिली और तीन ड्रॉ रहे।

### विश्व कप 2026 तक अर्जेंटीना के कोच बने रहेंगे लियोनल स्कालोनी

**हैरिसन (एजेंसी)।** लियोनल स्कालोनी 2026 विश्व कप तक अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच बने रहेंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष चिक्वी तापिया ने इस साल के विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम के अंतिम अभ्यास मैच में जमैका के खिलाफ 3-0 की जीत के बाद यह घोषणा की। तापिया ने कहा कि हम राष्ट्रीय टीम से जुड़ी समग्र योजनाओं पर दांव लगाना जारी रखेंगे। विश्व कप 2018 के प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खिलाफ अर्जेंटीना की हार के बाद 44 साल के स्कालोनी ने जॉर्ज सैमपाओली की जगह ली थी। अर्जेंटीना ने पिछले साल कोपा अमरीका का खिताब जीता जो 1993 में कोपा अमरीका के बाद उसका पहला बड़ा खिताब है। 2 जुलाई 2019 को कोपा अमरीका में ब्राजील के खिलाफ हार के बाद से अर्जेंटीना 35 मैच से अजेय है।

रन आउट विवाद पर दीप्ति शर्मा के कोच बोले -

# 3-0 से करारी हार पर इंग्लैंड ने इसे बहाना बना लिया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के इंग्लिश बल्लेबाज चार्ली को मांकडिंग यानी रन आउट करने पर विवाद खड़ा हो गया है। कोई इसे खेल भावना के विपरीत बता रहा है तो कोई नियम के तहत रन आउट बता रहा है। विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग समेत दिग्गज क्रिकेटर और कवि कुमार विश्वास दीप्ति के समर्थन में आ गये हैं। उनका कहना था कि इंग्लैंड टीम के प्रशंसकों को दीप्ति पर टिप्पणी करने से पहले 2019 वर्ल्ड कप फाइनल मैच को याद करना चाहिए। सिर्फ ज्यादा चौका लगाने के नियम से वे वर्ल्ड चैंपियन बन गये। दीप्ति ने जो किया वो नियम के तहत था। मांकडिंग से पहले उन्होंने चेतावनी भी दी थी।

**दीप्ति ने गेंद फेंकने से पहले स्टंप उड़ा दिये :** लंदन में इंग्लैंड से तीसरे वन-डे मैच के 44वें ओवर में नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़ीं इंग्लैंड की बल्लेबाज चार्ली डीन क्रीज से बाहर निकल गयी थीं। दीप्ति ने गेंद फेंकने से पहले स्टंप उड़ा दिये। उन्हें रन आउट कर दिया। इसी के साथ इंग्लैंड को हार मिली। साथ ही विवाद शुरू हो गया कि ये खेल भावना के खिलाफ है। पूरा क्रिकेट जगत इसे लेकर दो भाग में बंट गया। दीप्ति शर्मा के कोच व भाई सुमित शर्मा ने रन आउट विवाद पर बात करते हुए इंग्लैंड पर सीरीज हार के चलते इसे मुद्दा बनाने की बात कही। दीप्ति के भाई सुमित शर्मा ही उनके कोच हैं। उन्होंने बताया कि इंग्लैंड से तीसरे वन-डे में दीप्ति द्वारा किए रन आउट को लेकर काफी हल्ला है। दीप्ति ने जो रन आउट किया वो नियम के तहत है। इंग्लैंड टीम 3-0 से सीरीज हारी है। ऐसे में इस हार के लिए उन्हें कुछ तो कहना है। रन आउट को ही उन्होंने मुद्दा बना दिया। सुमित ने इंग्लैंड की बल्लेबाज चार्ली डीन पर सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि ऐसा क्यों हुआ कि प्लेयर ने ऐसे मौके पर सावधानी नहीं बरती। जब आप इतना फ्री होकर क्रीज से बाहर निकल सकते हैं, तो फिर कोई खिलाड़ी अलर्ट रहकर आउट भी कर सकता है।

**वर्ल्ड कप जीते थे तब कुछ नहीं कहा :** सुमित कहते हैं कि इस रन आउट पर इंग्लैंड का दोहरा चरित्र सामने आया है। 2019 में आईसीसी वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड से मैच और सुपर ओवर टाई होने के बाद महज इंग्लैंड इसलिए जीत गया कि उन्होंने ज्यादा चौके लगाए थे। उस समय इंग्लैंड ने इसे नियम के तहत जीत बताया था। अब जब वो 3-0 से सीरीज हारे हैं तो उस रन आउट में उन्हें खेल भावना नहीं दिख रही। इंग्लैंड को ऐसा नहीं करना चाहिए।

**दीप्ति बोली-कोई फर्क नहीं पड़ता :** दीप्ति के भाई से जब पूछा गया कि इस संबंध में दीप्ति से क्या बात हुई तो उन्होंने कहा कि बहुत ज्यादा बात नहीं हुई। बस यूं कहा कि आउट को लेकर बहुत कंट्रोवर्सी हो रही है। इस पर दीप्ति ने कहा कि रन आउट नियम के तहत किया। उसकी कप्तान, टीम के सभी खिलाड़ी उसके साथ हैं। तो ऐसे में कोई फर्क नहीं पड़ता कि इंग्लैंड टीम क्या कहती है।

### दीप्ति के पिता बोले- गर्व है बेटी पर

**दीप्ति** के पिता ने भी रन आउट विवाद पर अपनी बेटी का समर्थन किया। उनका कहना था कि ऐसा नहीं है कि दीप्ति ने पहली बार में आउट किया। दीप्ति ने उन्हें बताया कि वो काफी देर से चार्ली डीन को नोटिस कर रही थीं। वो बाल फेंकने से पहले क्रीज से बाहर निकल रही थीं। उन्होंने अपांयर से भी इसकी शिकायत की थी। मगर, जब वो ज्यादा ही बाहर निकलने लगी तो दीप्ति ने उन्हें रन आउट कर दिया। दीप्ति ने जो किया वो ठीक है। एक खिलाड़ी अपनी टीम की जीत के लिए हर कोशिश करता है। दीप्ति के रनआउट के बाद कई मीम्स सामने आए हैं। आमिर खान की लगान फिल्म में मैच के दौरान टीपू को इसी तरह रन आउट करते हुए दिखाया गया है। अब मीम्स में वो सीन और दीप्ति के रन आउट को एक साथ दिखाते हुए लिखा है कि लगान फिल्म का बदला अब जाकर लिया है। वहीं, दिल्ली पुलिस ने भी वाहन चलाते समय जागरुकता के लिए दीप्ति के रन आउट के फोटो का यूज किया है।

**कई दिग्गज आये समर्थन में :** इस विवाद में कई दिग्गज खिलाड़ी और हस्ती दीप्ति के समर्थन में आ गयी हैं। पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग, भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन, कमेंट्रेटर व पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा व कवि कुमार विश्वास ने समर्थन किया है। क्रिकेट के नियम बनाने वाली संस्था ने भी रन आउट को सही ठहराया है।

टी-20 विश्व कप 2022

# मार्क वॉ ने शीर्ष पांच खिलाड़ियों को चुना, लिस्ट में एक भारतीय भी शामिल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप जीतनेवाली टीम का हिस्सा रहे पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्क वॉ ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपने शीर्ष पांच खिलाड़ियों में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह को जगह दी है। बुमराह ने पीठ की चोट से उबरने के बाद हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की टी-20 श्रृंखला में वापसी की जिसे भारत ने 2-1 से जीता। बेंगलुरू की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन से गुजरने वाले 28 साल के बुमराह पूरी तरह से फिट नजर आये, लेकिन उन्होंने अभी अपनी पुरानी लय हासिल नहीं की है। वॉ ने अंतरराष्ट्रीय किकेट परिषद की वेबसाइट से कहा कि मुझे लगता है कि



वह सभी प्रारूपों में शानदार गेंदबाज है। टी-20 क्रिकेट में उसकी विकेट हासिल करने की क्षमता महत्वपूर्ण है। वह डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर सकता है और शुरूआती ओवर भी फेंक सकता है। वॉ ने बुमराह के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार के रूप में पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी को चुना। शीर्ष पांच में ये दोनों ही तेज गेंदबाज है। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान, ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और इंग्लैंड के जोस बटलर को भी वॉ ने शीर्ष पांच खिलाड़ियों में जगह दी है। वॉ ने कहा कि दूसरे छोर पर गेंदबाजी का आगाज करने के लिए मैं नयी गेंद के एक अन्य दिग्गज गेंदबाज पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी को चुनूंगा जो बाएं हाथ के शानदार गेंदबाज हैं। शाहीन को विकेट चटकाने वाला गेंदबाज करार देते हुए वॉ ने कहा कि वह टीम का मनोबल बढ़ाता है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसकी तरह अन्य खिलाड़ी बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वह बाएं हाथ का तेज गेंदबाज है जो एक अन्य अंतर है।

## सूर्यकुमार आईसीसी टी-20 रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ स्थान पर पहुंचे

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा बुधवार को जारी टी-20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक बार फिर करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के आखिरी मैच में 36 गेंद में 69 रन की मैच विजयी पारी खेलने के बाद सूर्यकुमार के नाम 801 रेटिंग अंक हो गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को दो रेटिंग अंकों से पछाड़ कर दूसरा स्थान हासिल किया। सूर्यकुमार की हैदराबाद में खेली गयी इस दमदार पारी से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला को 2-1 से अपने नाम किया। वह हालांकि पहले भी दूसरे स्थान पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने अगस्त में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद यह मुकाम हासिल किया था।

## फीफा ने छेत्री को किया सम्मानित, उनके जीवन और करियर पर जारी की सीरीज



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री को सम्मानित करते हुए उनके जीवन और करियर पर तीन कड़ी (एपिसोड) की श्रृंखला जारी की। फीफा ने घोषणा की कि यह तीन कड़ी की श्रृंखला उनके स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म फीफा प्लस पर उपलब्ध होगी। फीफा ने अपने विश्व कप हैंडल से ट्वीट किया कि आपको रोनाल्डो और मेस्सी के बारे में सब कुछ पता है, अब सक्रिय पुरुष खिलाड़ियों में तीसरे सबसे अधिक गोल करनेवाले खिलाड़ी की कहानी जानिये। सुनील छेत्री-कैप्टन फेंटास्टिक अब फीफा प्लस पर उपलब्ध है। भारत के 38 साल के छेत्री 84 गोल के साथ सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे अधिक गोल करनेवालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में उनसे अधिक गोल सिर्फ क्रिस्टियानो रोनाल्डो (117) और लियोनल मेस्सी (90) ने ही किये हैं। पहली कड़ी के बारे में फीफा ने कहा कि पहली कड़ी हमें वापस वहां ले जायेगी जहां से इसकी शुरूआत हुई... 20 साल की उम्र में उनके भारत की ओर से पदार्पण करने से पहले की कहानी। करीबी साथी, प्रियजन और फुटबॉल के साथियों ने कहानी सुनाने में मदद की- इसके अलावा वह स्वयं भी, उन्हें प्यार से कप्तान, लीडर और लीजेंड भी कहा जाता है।

## प्रो लीग मुकाबले से हमें स्पेन को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी : मनप्रीत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत अगले महीने एफआईएच प्रो लीग के नये सत्र में स्पेन की मेजबानी करेगा और कप्तान मनप्रीत सिंह इस अवसर का उपयोग भुवनेश्वर और राउरकेला में होनेवाले 2023 पुरुष हॉकी विश्व कप से पहले अपने प्रतिद्वंद्वियों को बेहतर तरीके से समझने के लिए करना चाहते हैं। भारत 28 अक्टूबर को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में प्रो लीग के पहले मैच में न्यूजीलैंड से खेलेगा। इसके बाद 30 अक्टूबर को स्पेन के खिलाफ दूसरा मैच होगा। एक ही पूल में मौजूद भारत और स्पेन 13 जनवरी को राउरकेला के नवनिर्मित बिरसा



मुंडा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में विश्व कप के पहले मैच में आमने-सामने होंगे।

मनप्रीत ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा कि यह बहुत अच्छा है कि हमें प्रो लीग मुकाबले में अभी स्पेन के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। यह हमें उनके खेल को समझने का मौका देगा और हमें पता चलेगा कि एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 के पहले मैच में उनसे फिर से भिड़ने से पूर्व हमें क्या सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर हॉकी के लिए यह रोमांचक समय है और मुझे उम्मीद है कि दुनियाभर से प्रशंसक हमारे अभियान का समर्थन करने के लिए राउरकेला और भुवनेश्वर आयेंगे। विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर मौजूद टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत को पूल डी में इंग्लैंड (छठे), स्पेन (आठवें) और पदार्पण करनेवाले वेल्स (16वें) के साथ रखा गया है।

## पाकिस्तानी गेंदबाज अस्पताल में भर्ती

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह को गंभीर वायरल संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नसीम की पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए अंतिम एकादश में जगह लगभग पक्की थी, लेकिन मंगलवार देर रात स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद इस युवा खिलाड़ी को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। वह हालांकि अब बेहतर महसूस कर रहे हैं, लेकिन सात मैचों की श्रृंखला के बाकी बचे मैचों में उनकी भागीदारी संदेह के घेरे में है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक बयान में कहा, उन्हें वायरल संक्रमण के कारण अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन अब वह बेहतर महसूस कर रहे हैं।

## भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर शमी कोविड-19 जांच में नेगेटिव



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण जांच में नेगेटिव होने की जानकारी दी। शमी 10 दिन पहले इस बीमारी की चपेट में आये थे। 32 साल के इस गेंदबाज ने इंस्टाग्राम पर अपनी नेगेटिव रिपोर्ट पोस्ट की। इससे कुछ घंटे पहले ही बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए शमी की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव को टीम में शामिल किया। शमी ने कोविड-19 जांच रिपोर्ट की फोटो को साझा करते हुए लिखा, नेगेटिव। वह 17 सितम्बर को इस बीमारी की चपेट में आये थे। इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू श्रृंखला की टीम से बाहर हो गये थे। शमी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की स्टैंड-बाय सूची में शामिल खिलाड़ी हैं।

# टी-20 रॉयल एसएस कप : भारत ने बांग्लादेश को दूसरे मैच में 36 रन से धोया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारत एवं बांग्लादेश के बीच दिव्यांगजनों के अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट सीरीज रॉयल एसएस कप के दूसरे मैच में भारत ने बांग्लादेश को से 36 रनों से पराजित कर सीरीज में एक-एक की बराबरी की। सीरीज का निर्णायक मैच गुरुवार को खेला जायेगा। दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के तत्वधान में झारखंड डिसएबल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मेकॉन स्टेडियम रांची में खेले जा रहे रॉयल एसएस कप के वर्षा से बाधित 8-8 ओवर के दूसरे मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की टीम ने खराब शुरुआत की और 1.1 ओवर में 7 रन पर दो विकेट गंवा दिए। उसके बाद गुलामुद्दीन 61 (24 गेंद), कैलाश 17 (8 गेंद) और निशांत 10 (5 गेंद) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर भारत का स्कोर 8 ओवरों में चार विकेट पर 109 रन तक पहुंचाया। मोनिर और थिरथों ने एक-एक विकेट लिया जबकि ह्रीदोय को दो विकेट मिला। 110 के लक्ष्य लेकर जवाबी पारी खेलते हुए बांग्लादेश के बल्लेबाज सटीक भारतीय गेंदबाजी के समक्ष टीक नहीं सके



पांच विकेट खोकर आठ ओवरों में केवल 73 ही रन बना सके। रांची के निशांत कुमार उपाध्याय ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 9 रन देकर 2 विकेट लिया। गुलामुद्दीन मैन ऑफ थे मैच चुने गए। आज का मैच बांग्लादेशी कप्तान सौमित खान का अंतिम मैच था। दोनों देशों के खिलाड़ियों ने उन्हें भवभीनी विदाई दी। मैच के मुख्य अतिथि में सत्यानंद भोक्ता श्रम, प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्री झारखंड सरकार ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। आज के मैच में रांची की मेयर आशा लकड़ा, उप मेयर संजीव विजयवर्गीय, चैंबर ऑफ कॉमर्स के विकास, सांसद प्रतिनिधि कुमुद झा, दिवाकर मेहता, वार्ड पार्षद अरुण झा, अमित तिवारी, अपराजिता मिश्र, प्रमोद कुमार, ज्योति सिंह, रेनू पांडे, दीपा चौधरी, राजेश शाह आदि ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

मैच का उद्घाटन झारखंड डिसएबल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल मेहता ने टॉस करा कर किया। उन्होंने सहयोग के लिए प्रायोजक सीसीएल, सीएमपीडीआई, एनटीपीसी, मेकॉन, सीआरसी राँची, लीड्स, मेधा, सार्थक, झारखण्ड सरकार, वैम्स, पुरुश्री, मिशन ब्लू फाउंडेशन, संफोर्ड, मिलियन ड्रीम्स, सोभेकर, बिग एफएम, पाज, एनबीजेके आदि का आभार व्यक्त किया। मैच के सफल आयोजन में मुकेश कंचन विपुल सेन गुप्ता, सरिता सिंह, श्रेय तिवारी, पूजा, काजल वसीम, आशीष, प्रतिमा तिर्की, संयुक्ता, महिमा आदि ने विशेष भूमिका निभायी। डीसीसीबीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कंचन ने बताया कि 29 सितम्बर को प्रातः 11.30 बजे से मेकॉन स्टेडियम में ही सीरीज का निर्णायक मैच खेला जायेगा। समापन समारोह में खेल मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और मंत्री महिला, बाल विकास सामाजिक सुरक्षा का स्वीकृति प्राप्त है।


